नई दिल्ली
शनिवार 10 अक्टूबर 2026
अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 30, अंक : 173
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 23

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

जरूरत नहीं हो तो सेंट्रल दिल्ली, सीपी की ओर आज जाने से परहेज करें

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर आज, 10 अक्टूबर को प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था और सार्वजनिक परिवहन पर प्रतिबंधों को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। दिल्ली पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और कुछ छात्र संगठनों के प्रस्तावित प्रदर्शन को जंतर-मंतर पर आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है।

वहीं, प्रदर्शन की आशंका को देखते हुए दिल्ली मेट्रो के 57 स्टेशनों पर प्रवेश और निकास बंद करने, कुछ रेल सेवाओं में बदलाव तथा मध्य दिल्ली में आवाजाही नियंत्रित करने जैसे कदमों की घोषणा की गई। इन प्रतिबंधों के खिलाफ मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां शीर्ष अदालत ने आम नागरिकों को होने वाली परेशानी पर गंभीर चिंता जताई और परिवहन सेवाओं को पूरी तरह रोकने के बजाय नियंत्रित तरीके से चलाने पर ▸▸शेष पेज 5 पर

सीजेपी का प्रदर्शन आज, दिल्ली किले में तब्दील... मेट्रो, रेल और सड़क यातायात पर लगे प्रतिबंध पर सुप्रीम कोर्ट सख्त



57 मेट्रो स्टेशनों पर प्रवेश-निकास बंद करने का फैसला: दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने दिल्ली पुलिस के अनुरोध पर 9 अक्टूबर की रात 9 बजे से 57 मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार बंद करने की घोषणा की थी। यह प्रतिबंध 10 अक्टूबर को भी जारी रखने की बात कही गई। प्रभावित स्टेशनों में राजीव चौक, केंद्रीय सचिवालय, पटेल चौक, कश्मीरी गेट और नई दिल्ली जैसे महत्वपूर्ण स्टेशन शामिल हैं। डीएमआरसी की सूचना के अनुसार, प्रभावित स्टेशनों में से नई दिल्ली स्टेशन को छोड़कर अन्य स्टेशनों पर इंटरचेंज की सुविधा उपलब्ध रहने की बात कही गई थी। इसका अर्थ यह है कि सभी स्टेशनों पर मेट्रो ट्रेन परिचालन पूरी तरह बंद करने और प्रवेश-निकास द्वार बंद करने के बीच अंतर है। हालांकि, ऐसे प्रतिबंधों से कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों, विद्यार्थियों, मरीजों और दूसरे यात्रियों की परेशानी बढ़ने की आशंका जताई गई।

रेल सेवाओं पर प्रतिबंध को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट में मामला



प्रदर्शन से पहले दिल्ली आने वाली कुछ मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन में बदलाव तथा ट्रेनें रद्द किए जाने को लेकर भी सवाल उठे। याचिकाकर्ताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दलील दी गई कि बड़े पैमाने पर मेट्रो स्टेशनों और रेल सेवाओं पर रोक लगाने से राजधानी की सामान्य आवाजाही प्रभावित होगी। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियाती कदम उठाना सरकार का अधिकार है, लेकिन ऐसे कदमों से आम जनता की दैनिक जिंदगी और आवाजाही अनावश्यक रूप से बाधित नहीं होनी चाहिए। अदालत के समक्ष केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आश्वासन दिया कि संबंधित अधिकारियों से मेट्रो और रेल सेवाओं को उचित नियंत्रण के साथ जारी रखने तथा आम लोगों को होने वाली परेशानी कम करने के लिए कहा जाएगा।

सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास का आरोप, देश में आपातकाल जैसे हालात

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने पर दीपके बोले 'हमारा आंदोलन होकर रहेगा'



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने शुक्रवार को कहा कि हमारा आंदोलन होकर रहेगा। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने और ट्रेनों के रद्द होने पर दीपके ने मोदी सरकार पर लोकतंत्र को कुचलने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल उठाया कि युवाओं के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए इतनी बड़ी सुरक्षा व्यवस्था क्यों की जा रही है। उनके मुताबिक, सरकार देश के युवाओं, खासकर जेन जी से डर रही है। दीपके ने सरकार पर युवाओं से डरने का आरोप लगाते हुए उसे कायर बताया। उन्होंने कहा कि अगर उनकी गिरफ्तारी से देश की सभी समस्याएं हल हो सकती हैं, तो सरकार उन्हें गिरफ्तार कर ले।

सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने मोदी सरकार पर लोकतंत्र को कुचलने का आरोप लगाया

विरोध करना हमारा मौलिक अधिकार: दीपके ने कहा, 'हमारा आंदोलन होकर रहेगा। जंतर-मंतर विरोध प्रदर्शन के लिए तय जगह है। अनुच्छेद 19 विरोध करने का मौलिक अधिकार देता है ▸▸शेष पेज 5 पर

Zinh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

ध्रुव राठी के खिलाफ गृह मंत्रालय से जांच की मांग



बेंगलुरु। बेंगलुरु के पूर्व पुलिस आयुक्त भास्कर राव ने एसआईआर विरोधी प्रदर्शन में यूट्यूबर ध्रुव राठी की भागीदारी को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय से उनकी नागरिकता, वीजा और आव्रजन नियमों के अनुपालन की जांच कराने की मांग की है। केंद्रीय गृह सचिव को लिखे पत्र में राव ने कहा कि जर्मनी की नागरिकता रखने वाले राठी ने अभिनेता-कार्यकर्ता प्रकाश राज और अन्य लोगों के साथ बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में आयोजित प्रदर्शन में हिस्सा लिया था। यह एसआईआर के विरोध में आयोजित किया गया था। राव ने पूछा है कि क्या किसी विदेशी नागरिक को भारतीय संवैधानिक संस्थाओं से जुड़े राजनीतिक विरोध प्रदर्शन में भाग लेने की अनुमति है।

अमेरिका की आज दिखाई पड़ने वाली समृद्धि में प्रवासी भारतीयों की कई पीढ़ियों का खून-पसीना लगा है

भारतीयों को 'विदेशी बंधुआ मजदूर' कहने वाले जेडी वैंस को भारत ने दिखाया आईना

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

बोला विदेश मंत्रालय, भारत के लोगों के लिए बेहद अपमानजनक और अनुचित शब्दावली का इस्तेमाल करने से बचें अमेरिका के उप-राष्ट्रपति

अमेरिकी श्रम विभाग द्वारा टाटा, विप्रो, एचसीएल, इंफोसिस, एडोब, कॉग्निजेंट, कैपजेमिनी और माइक्रोसॉफ्ट जैसी आईटी क्षेत्र की कुल 8 कंपनियों को ग्रीन कार्ड से जुड़े स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रम (पीईआरएम) से बाहर करने के निर्णय के बाद एच1बी वीजा धारक भारतीयों को 'विदेशी बंधुआ मजदूर' कहकर पुकारने वाले अमेरिका के उप-राष्ट्रपति जे.डी. वेंस को शुक्रवार को नई दिल्ली ने जमकर खरी-खोटी सुनाई है। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि मामले पर की गई उप-राष्ट्रपति वेंस की टिप्पणी भारत के लिए पूरी तरह से अनुचित, बेहद अपमानजनक और ऐतिहासिक रूप से पीड़ादायक है। उन्हें इस प्रकार की शब्दावली का प्रयोग करने से परहेज करना चाहिए। साथ ही उप-राष्ट्रपति को यह भी सनद रहे कि अमेरिका को आज वो जिस वृद्धि और समृद्धि के साथ आगे बढ़ता हुआ देख रहे हैं। उसमें भारत के प्रवासी नागरिकों की न जाने कितनी पीढ़ियों के श्रम, उद्यमशीलता और नवाचार का लंबा योगदान रहा है। लेकिन जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल उन्होंने किया है। उससे साफ तौर पर और कुछ नहीं बल्कि औपनिवेशिक विरासत के अमेरिकी भाव का भौंडा प्रदर्शन होता हुआ जरूर नजर आता है। हालांकि मामले से संबंधित हर छोटे-बड़े घटनाक्रम पर भारत की पैनी नजर बनी हुई है।



साझा आकांक्षाओं की नहीं होगी पूर्ति

अमेरिका के उप-राष्ट्रपति को ये स्पष्ट होना चाहिए कि उनके देश में इस वक्त जो भी भारतीय पेशेवर हैं। वह बेहद शिक्षित और कुशल हैं व उनका अमेरिकी अर्थव्यवस्था और नवाचार तंत्र में काफी महत्वपूर्ण योगदान है। इन सबसे इतर प्रतिभाओं की आवाजाही से सिर्फ अकेले भारत को ही नहीं, उसके साथ-साथ संयुक्त राज्य अमेरिका की अर्थव्यवस्था को भी पारस्परिक रूप से लाभ मिलता है। साधारण भाषा में इसे अत्यधिक ▸▸शेष पेज 5 पर

पीईआरएम-एच1बी वीजा को एक साथ न देखें

बयान में मंत्रालय ने ये भी स्पष्ट किया कि पीईआरएम और एच1बी वीजा कार्यक्रम दो बिलकुल अलग-अलग कार्यक्रम हैं। इसलिए इन्हें किसी भी लिहाज से एक जैसा नहीं समझा नहीं जाना चाहिए। पीईआरएम आवेदनों के निलंबन से एच1बी वीजा की वैधता या इससे जुड़े वीजा धारकों और उनके आश्रितों की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ता है। हालांकि उन कंपनियों पर जिनके पास इस वीजा और पीईआरएम कार्यक्रम के तहत पात्र कर्मचारियों की स्थायी निवास प्राप्त करने की प्रक्रिया यानी ग्रीन कार्ड पर प्रभाव पड़ सकता है। सूत्रों ने कहा कि भारत की नजर से देखें तो मामले में प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या 4 से 5 हजार होगी। वहीं, एच1बी वीजा को लेकर पहले से आवेदन कर चुके, वीजा प्राप्त कर चुके लोगों पर भी अमेरिका के उक्त निर्णयों से कोई नुकसान नहीं होगा। लेकिन कंपनियों द्वारा जिन कर्मचारियों के लिए ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया की शुरुआत कर दी गई है। उसकी रफ्तार धीमी पड़ सकती है।

एच1बी वीजा लेने वाले 71% भारतीय

गौरतलब है कि अमेरिका के उप-राष्ट्रपति ने श्रम विभाग के फैसले के तुरंत बाद अपने बयान में आईटी जगत की तमाम कंपनियों पर आरोप लगाते हुए कहा था कि वह अमेरिकी कर्मचारियों को बाहर निकालकर उनकी जगह पर कम वेतन में विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त कर रही हैं। जिससे कही न कही ये कंपनियां अमेरिकी नागरिकों के लिए रोजगार के अवसरों में सीधी कटौती कर रही हैं। यहां बता दें कि दुनियाभर के देशों में एच1बी वीजा प्राप्त करने वालों में सबसे ज्यादा यानी 71% लोग भारतीय हैं। एच1बी वीजा के जरिए अमेरिकी कंपनियां कुशल विदेशी कर्मचारियों को नौकरी पर रख सकती हैं। जबकि ग्रीन कार्ड अमेरिका में स्थायी निवास के साथ काम करने का अवसर देता है। जिसे लेकर पीईआरएम के तहत कंपनी को यह जरूर साबित करना पड़ता है कि संबंधित नौकरी के लिए योग्य अमेरिकी कर्मचारी उपलब्ध नहीं था। ऐसे में किसी विदेशी को नियुक्त करने से अमेरिकी लोगों के रोजगार या वेतन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।



राष्ट्रपति से चर्चा करते हुए

राष्ट्रपति मुर्मू से मिला इंडिया ब्लॉक का प्रतिनिधिमंडल, ज्ञापन भी सौंपा

राहुल बोले- राष्ट्रपति ने नहीं खारिज की वोट चोरी की बात, सबूत मांगे, आज सुप्रीम कोर्ट जाएंगे विपक्षी नेता



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेताओं ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर वोट चोरी का मुद्दा उठाया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू ने उनकी बातों को खारिज नहीं किया और इससे जुड़े सबूत मांगे। राहुल ने कहा कि विपक्ष राष्ट्रपति को सबूत मुहैया कराएगा। विपक्षी नेताओं ने राष्ट्रपति को अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी नेता सोमवार को सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और सीजेआई सूर्यकांत को ज्ञापन सौंपेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता बेनर्जी, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी के नेता राजीव राय समेत दस नेताओं ने राष्ट्रपति से मुलाकात की। राष्ट्रपति से मिलने के बाद राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने लोकतंत्र को खत्म करने की ▸▸शेष पेज 5 पर

बैलेट पेपर से चुनाव कराया जाए: खरगे

खरगे ने मीडिया से कहा कि विपक्षी नेताओं ने राष्ट्रपति के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि हम वोट चोरी के बारे में बताने के लिए राष्ट्रपति के पास गए थे हमने उनसे आग्रह किया कि ईवीएम को हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराया जाए। खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता बेनर्जी ने कहा कि राष्ट्रपति ने आश्वासन दिया कि वह विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गौर करेंगी। ममता बेनर्जी ने कहा कि राष्ट्रपति ने सबूत मांगे हैं। हमने उनसे कहा कि आप भारतीय गणराज्य की प्रहरी हैं, आप इस मामले को देखें।

राष्ट्रपति से बातचीत को गलत तरीके से किया पेश: त्रिवेदी



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से इंडिया ब्लॉक के नेताओं की मुलाकात के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के दिए गए बयान पर सियासी बवाल बढ़ गया है। भाजपा ने राहुल गांधी के बयान पर निशाना साधा है। सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज राष्ट्रपति ने इंडिया ब्लॉक के नेताओं को ▸▸शेष पेज 5 पर

भारतीय मूल की नवी पिल्लई को नोबेल शांति पुरस्कार, ट्रंप को फिर नहीं मिली कामयाबी

खुद भी झेला भेदभाव, अफ्रीकी कानून विशेषज्ञ बनीं, पिल्लई के दादा तमिलनाडु के रहने वाले थे



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय मूल की दक्षिण अफ्रीकी नागरिक नवनेथम 'नवी' पिल्लई को 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने शांति और अंतरराष्ट्रीय कानून को बढ़ावा देने में उनके योगदान को सम्मान का आधार बताया। पिल्लई के दादा तमिलनाडु के रहने वाले थे। वह प्रख्यात वकील और न्यायविद हैं तथा रवांडा के लिए अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण की अध्यक्ष रह चुकी हैं। 23 सितंबर 1941 को दक्षिण अफ्रीका के डरबन में जन्मीं पिल्लई ने नस्लीय भेदभाव के दौर में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने 2008 से 2014 तक संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार उच्चायुक्त के रूप में काम किया। वह दक्षिण अफ्रीका के उच्च न्यायालय ▸▸शेष पेज 5 पर

बलात्कार और यौन हिंसा को अंतरराष्ट्रीय अपराधों के रूप में मान्यता दिलाने तथा मानवता के खिलाफ अपराधों के मामलों में जवाबदेही तय करने में उनकी अहम भूमिका रही



ट्रंप बोले थे- मुझे पुरस्कार नहीं तो यह समिति की ही बदनामी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लंबे समय से नोबेल शांति पुरस्कार पाने की इच्छा जाहिर करते रहे हैं। उनका दावा है कि उन्होंने आठ युद्धों को समाप्त कराने या संघर्षों को रोकने में भूमिका निभाई है। ट्रंप ने पुरस्कार की घोषणा से पहले 7 अक्टूबर को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा था कि उन्हें नहीं पता कि समिति क्या फैसला करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उन्हें पुरस्कार नहीं मिलता, तो यह समिति के लिए बदनामी की बात होगी।

सरकार किसानों का एक एक दाना खरीदेगी, खरीद के बाद उठान कार्य समय पर किया जा रहा पूरा

दूसरे राज्यों की सीमा से आने वाले बाजरा एवं धान पर कड़ी निगरानी रखें: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जिला के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे राज्य में चल रही फसल खरीद प्रक्रिया पर फोकस रखें और दूसरे राज्यों की सीमा से आने वाले बाजरा एवं धान पर कड़ी निगरानी रखें। मुख्यमंत्री शुक्रवार को चंडीगढ़ में समाधान प्रकोष्ठ समीक्षा बैठक के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला के अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि निर्धारित नॉर्म अनुसार 17 प्रतिशत नमी वाले धान



की खरीद अवश्य सुनिश्चित की जाए। राज्य सरकार किसानों का एक—एक दाना एमएसपी पर खरीदने का कार्य करेगी और किसानों को फसल की राशि का भी समय पर भुगतान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक जिले में मंडियों की निगरानी के लिए नोडल अधिकारी लगाए गए हैं। वे फिजिकल वेरिफिकेशन जांच कर रहें हैं। सभी नोडल अधिकारी किसानों की सुविधा के लिए तत्पर हैं तथा फसल खरीद प्रक्रिया के लिए जारी दिशा—निर्देशों की पालना भी सुनिश्चित की जाए। खरीद प्रक्रिया को सुचारू ढंग से चलाने के लिए मंडियों में जियो टैगिंग की गई है तथा सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। उन्होंने दूसरे राज्यों से बिक्री के लिए धान व बाजरे की फसल लाने वाले वाहनों को जब्त करने तथा इंटर स्टेट वाहन मूवमेंट पर पूरी निगरानी रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल खरीद के दौरान उठान कार्य भी ▸▸शेष पेज 5 पर

उप चुनावों में भाजपा को मिली जीत के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने जनता का आभार व्यक्त किया

कहा- लोगों का भाजपा-एनडीए के सुशासन के एजेंडे से गहरा जुड़ाव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एजेंसी, नई दिल्ली। उप चुनावों में भाजपा को मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता का आभार व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि यह जीत सुशासन के एजेंडे पर जनता के गहरे भरोसे का प्रतीक है। पीएम मोदी ने कहा कि लोगों के लगातार मिल रहे आशीर्वाद के लिए उनका आभार। असम के नगांव उप चुनाव और नंदीग्राम व रेजीनगर (पश्चिम बंगाल) के विधानसभा चुनाव के नतीजे एक बार फिर दिखाते हैं कि लोगों का भाजपा-एनडीए के सुशासन के एजेंडे से गहरा जुड़ाव है। पीएम मोदी ने जीत हासिल करने वाले सभी भाजपा उम्मीदवारों को बधाई दी और पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की सराहना की।



सहयोगी दलों को भी दी बधाई

पीएम ने अपने सहयोगी दलों को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं पुडुचेरी की थट्टनचावडी सीट पर जीत के लिए एनडीए के अपने अहम सहयोगी, एआईएनआरसी को भी बधाई देता हूं। पुडुचेरी में एनडीए गठबंधन में शामिल ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) ने थट्टनचावडी सीट पर जीत दर्ज की है। पीएम मोदी ने अपने संदेश के अंत में कहा कि यह जनादेश हमें और मजबूती देगा, क्योंकि हम लोगों की भलाई और उनके बेहतर व समृद्ध भविष्य की उम्मीदों को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

जनता का विश्वास, विकास की विजय: भाजपा अध्यक्ष नवीन

भाजपा की जीत को लेकर पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने 'एक्स' पर लिखा कि 'जनता का विश्वास, विकास की विजय।' उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीटों तथा असम की नगांव लोकसभा सीट पर भाजपा की शानदार जीत और पुडुचेरी की थट्टानचावडी विधानसभा सीट पर हमारे सहयोगी दल एआईएनआरसी की विजय ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि देश की जनता पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास और सुशासन की राजनीति के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।



लोकतंत्र ने एक बार फिर भीड़तंत्र को जवाब दिया: भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश, पुडुचेरी, पश्चिम बंगाल और असम में भाजपा की जीत भीड़तंत्र पर लोकतंत्र की विजय है। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति इरानी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष द्वारा इंडियन स्टेट के खिलाफ लड़ाई की घोषणा को ▸▸शेष पेज 5 पर





सीजेपी के मार्च को लेकर हाई अलर्ट पर पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर सीजेपी के जंतर मंतर पर प्रदर्शन से पहले ही दिल्ली पुलिस ने राजधानी में सुरक्षा बढ़ा दी है। सभी बॉर्डर इलाकों में पुलिस की चौकसी बढ़ गई है। बॉर्डर इलाकों के मेट्रो स्टेशनों पर भी सुरक्षा पहरा बैठाया गया है। मध्य दिल्ली में पुलिस और अर्धसैनिक बलों के 20 से अधिक जवानों को तैनात किया गया है।

कॉकरोच जनता पार्टी ने भी शनिवार को सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ एक और विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। हालांकि दिल्ली पुलिस ने कहा है कि कॉकरोच जनता पार्टी को प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी गई है। संसद, कनॉट प्लेस, जंतर-मंतर और अन्य संवेदनशील स्थलों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत कर दी गई है। पुलिस टीमें संभावित भीड़ जमा होने वाले स्थानों और राष्ट्रपति भवन की ओर जाने वाले रास्तों पर कड़ी नजर रखती दिखाई दी। मेट्रो स्टेशनों के गेट पर भी पुलिस का पहरा बैठाया गया है। इसके अलावा प्रमुख सड़कों पर तैनात करने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की अतिरिक्त टुकड़ियों को बुलाया गया है। रणनीतिक बिंदुओं पर नाके और बैरिकेड लगाए गए हैं। पुलिस ने लोगों से अपनी यात्रा की योजना बनाते समय यातायात परामर्शों का पालन करने का आग्रह किया है, क्योंकि मध्य दिल्ली में कई सड़कों पर प्रतिबंध या उन पर मार्ग परिवर्तन लागू किए गए हैं।

दिल्ली के सभी बॉर्डर इलाकों में बढ़ाई गई चौकसी



दो अक्टूबर से अब तक प्रदर्शनों को लेकर पुलिस ने दर्ज की 25 एफआईआर

नई दिल्ली। दो अक्टूबर से अब तक राजधानी में हुए विरोध प्रदर्शनों से संबंधित दिल्ली पुलिस द्वारा 25 एफआईआर दर्ज की हैं। इनमें से दो मामलों में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी नामजद हैं। ज्यादातर मामले सार्वजनिक संपत्ति को कथित तौर पर नुकसान पहुंचाने, पुलिसकर्मियों पर हमले और हाथापाई, सरकारी काम में बाधा डालने और नई दिल्ली जिले में लागू धारा 163 के उल्लंघन से संबंधित हैं।

'पुलिसकर्मियों को संयम के साथ भीड़ नियंत्रित करने का निर्देश'

राजधानी में लगातार चल रहे धरने प्रदर्शनों के मद्देनजर दिल्ली पुलिस को संयम के साथ भीड़ नियंत्रित करने के निर्देश दिये गये है। कॉकरोच जनता पार्टी के 10 अक्टूबर को प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन से पहले दिल्ली पुलिस के ज्वाइंट सीपी मधुर वर्मा ने यह बात कही। मध्य रेंज के ज्वाइंट सीपी वर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, तूफान के लिए तैयार रहें। संयम का अभ्यास करें। शांति की रक्षा करें, क्योंकि पुलिस की असली ताकत केवल भीड़ को नियंत्रित करने में नहीं है, बल्कि अनुशासन, गरिमा और न्यूनतम बल के साथ ऐसा करने में है। यह अपील सीजेपी द्वारा बुलाए गए विरोध प्रदर्शन से पहले सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच आई है। गृह मंत्रालय ने 8 से 12 अक्टूबर के बीच तैनाती के लिए दिल्ली पुलिस को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के लगभग 23 हजार जवान उपलब्ध कराए हैं। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र की अतिरिक्त तैनाती से केंद्रीय बलों के जवानों की संख्या 25 हजार से अधिक हो जाएगी। अन्य एहतियाती उपायों के तहत दिल्ली सरकार ने मौजूदा स्थिति और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने की आवश्यकता का हवाला देते हुए 9 और 10 अक्टूबर को शराब की दुकानें बंद रखने का आदेश पहले ही दे दिया है। आबकारी विभाग के आदेश में कहा गया है कि यह बंदी दिल्ली पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर की गई है। पुलिस ने राजधानी में प्रवेश पर नजर रखने के लिए गाजीपुर, चिल्ला, टिकरी, सिंघु, गुरुग्राम, कापसहेड़ा, लोनी और बदरपुर बॉर्डर सहित कई अन्य सीमाओं पर सतर्कता बढ़ा दी है।

जंतर-मंतर पर सीजेपी को प्रदर्शन की अनुमति नहीं : दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के जंतर-मंतर पर 10 शनिवार को प्रस्तावित प्रदर्शन की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। पुलिस ने इसका कारण संगठन द्वारा पहले किए गए प्रदर्शन के दौरान कानूनी निर्देशों और अपने आश्वासनों का पालन नहीं किए जाने को बताया है। नई दिल्ली रेंज की रज्वाइंट सीपी नूपुर प्रसाद ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रदर्शन की अनुमति के लिए कॉकरोच जनता पार्टी के सह-संयोजक सौरव दास की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ था। आवेदन पर विचार किया गया लेकिन यह पाया गया कि प्रदर्शन की सूचना बहुत कम समय पहले दी गई थी जबकि निर्धारित दिशानिर्देशों के तहत प्रस्तावित प्रदर्शन से कम से कम 10 दिन पहले इसकी सूचना देना जरूरी है। प्रसाद ने कहा कि इससे पहले भी कॉकरोच जनता पार्टी को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति दी गई थी, लेकिन उस दौरान संगठन ने कानूनी निर्देशों और स्वयं दिए गए आश्वासनों का पालन नहीं किया था। उन्होंने कहा कि कानूनी निर्देशों और आश्वासनों का पालन नहीं किए जाने, कानून-व्यवस्था की मौजूदा स्थिति एवं सार्वजनिक सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए इस बार प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी गई है।

प्रसाद ने यह भी कहा कि नयी दिल्ली इलाके में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 लागू है, जिसके तहत सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए एहतियाती प्रतिबंध लगाए गए हैं। पुलिस ने चेतावनी दी कि धारा 163 का उल्लंघन करने, तोड़फोड़ करने या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ अदालतों के पूर्व के फैसलों के अनुरूप उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली मेट्रो के 45 स्टेशनों के गेट रहेंगे बंद

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस के सुझाव पर पहले शुक्रवार रात 9 बजे से अगले आदेश तक 57 मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार बंद रखने की घोषणा की गई थी। शुक्रवार रात करीब 10 बजे दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (**DMRC**) ने मेट्रो स्टेशनों की संख्या को अपडेट कर दिया। अब शुक्रवार, 9 अक्टूबर 2026 की रात 9 बजे से शनिवार, 10 अक्टूबर 2026 की शाम 6 बजे तक 45 मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार बंद रहेंगे।अब बन्द होने वाले स्टेशन यह 45 मेट्रो स्टेशन रहेंगे बंद1. जनपथ2. पटेल चौक3. केंद्रीय सचिवालय4. लोक कल्याण मार्ग5. राजीव चौक6. नई दिल्ली7. सेवा तीर्थ (उद्योग भवन)8. मंडी हाउस9. बाराखंबा रोड10. आईटीओ11. दिल्ली गेट12. खान मार्केट13. रामकृष्ण आश्रम मार्ग14. झंडेवालान15. सुप्रीम कोर्ट16. इंद्रप्रस्थ17. शिवाजी स्टेडियम18. दिल्ली हाट-आईएनए19. हौज खास20. जोर बाग21. लाजपत नगर22. जंगपुरा23. आश्रम24. जामिया मिल्लिया इस्लामिया25. चावड़ी बाजार26. जामा मस्जिद27. करोल बाग28. राजेंद्र प्लेस29. विश्वविद्यालय30. कश्मीरी गेट31. इंद्रलोक32. गुरु तेग बहादुर नगर33. नेताजी सुभाष प्लेस34. आजादपुर35. जहांगीरपुरी36. हैदरपुर बादली मोड़37. मजलिस पार्क38. सीलमपुर39. मौजपुर-बाबरपुर40. जाफराबाद41. वेलकम42. यमुना विहार43. खजूरी खास44. शाहदरा45. रिठाला

रघुबीर नगर में चला पीला पंजा

नाले के निर्माण में रूकावट वाली 505 वर्ग मीटर भूमि कराई मुक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम ने रघुबीर नगर के एवं बी-1 ब्लॉक में नाले के निर्माण में अवरोध बन रहे बड़े स्तर के अतिक्रमण के विरुद्ध पीला पंजा चलाया। निगम ने इस कार्रवाई के तहत दावा किया है कि यहां नाले पर बने लगभग 42 बहुमंजिला ढांचों को हटा कर 505 वर्गमीटर भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है। इस कार्रवाई को निगम के पश्चिमी जोन की टीम ने दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर पूरा किया। निगम की माने तो पश्चिमी क्षेत्र के वार्ड नंबर 94 रघुबीर नगर में सीएमडीफ फंड से नाले का निर्माण किया जाना था। किंतु नाले के रास्ते में कई बहुमंजिला ढांचे बना कर बड़ी संख्या में पूरा अतिक्रमण किया हुआ था, जिससे नाले के निर्माण में रुकावट आ रही थी। ऐसे में निगम ने नाले के निर्माण कार्य के लिए अतिक्रमण हटाने हेतु संबंधित लोगों को कई बार नोटिस जारी किए गए। लेकिन उन लोगों ने बार बार नोटिस मिलने के बाद भी अवैध निर्माण को नहीं हटाया, जिसके चलते अंत में आज जेसीबी द्वारा तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। निगम ने कहा कि इस समय पूरी दिल्ली में अवैध निर्माण के खिलाफ व्यापक स्तर पर तोड़ फोड़ व सीलिंग की कार्रवाई की जा रही है।

विश्व बेघर दिवस पर 2027 की जनगणना में बेघरों की गिनती व उत्थानपूर्ण योजनाओं की मांग

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में आज 10 अक्टूबर को कई जगह विश्व बेघर दिवस पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। ऐसे में बेघरों के लिए कार्य करने वाले संगठनों की मांग है कि सरकार वर्ष 2027 में होने वाली जनगणना में बेघरों की गिनती व उत्थान के लिए उत्थानपूर्ण योजनाएं बनाए व ईमानदारी से लागू भी करें। जानकारी अनुसार वर्ष 2011 की जनगणना में बेघरों के मामले में दिल्ली 46,724 होमलेस के साथ देश में आठवें स्थान पर है। दिल्ली सरकार दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के माध्यम से पूरी दिल्ली में लगभग 350 के आसपास रैन बसेरे चला रही है। इनमें लगभग 20,000 से कुछ अधिक लोगों के ठहरने की ही व्यवस्था है, जो संख्या के हिसाब से काफी कम है। रैन बसेरों की कमी के कारण सर्दियों में सबसे ज्यादा बेघरों की मौत होती है। बेघरों के लिए कार्य कर रहे संगठन सेंटर फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट (सीएचडी) के अध्यक्ष सुनील आलेडिया का कहना है हमारी रिपोर्ट के अनुसार, अकेले



सर्दियों के मौसम 15 नवंबर 2024 से 10 जनवरी 2025 के बीच सिर्फ 56 दिनों में ठंड और सुविधाओं की कमी के कारण 474 बेघर लोगों की मौत हुई थी। आलेडिया के अनुसार जनवरी 2012 में 233, 2013 में 241, 2014 में 251, 2015 में 262, 2016 में 245, 2017 में 207, 2018 में 273, 2019 में 544, 2020 में 374, 2021 में 211, 2022 में 278, 2023 में 359 बेघरों की मौत हुई थी। उन्होंने बताया कि यह आंकड़े जोनल इंटरगेटेड पुलिस नेटवर्क दिल्ली पुलिस (गृह मंत्रालय) की साइट से लिए गए हैं। आलेडिया ने बताया कि वर्ष 2010 से बेशक विश्व बेघर दिवस मनाया जाने लगा लेकिन अहम सवाल है कि क्या इस एक दिन पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से इनका उत्थान हो रहा है। संगठन ने मांग की है कि 2027 में होने वाली जनगणना में दिल्ली के बेघरों की गणना पूरी ईमानदारी से की जानी चाहिए। उनकी व्यक्तिगत गोपनीयता बनाए रखें, मौसम की मार से बचाने की व्यवस्था की जाए, शहरी आश्रय गृहों की संख्या व उनमें सुरक्षा व सुविधाएं दी जाए, महिलाओं की सुरक्षा व शिक्षा बेहतरीन हो, पेयजल, शौचालय , स्वास्थ्य सेवाएं आदि जरूरत के अनुसार विकसित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि एसआईआर 2026 के अंतर्गत सभी वैध बेघरों का मतदाता पंजीकरण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दिवस केवल प्रतीकात्मक यानी सामाजिक संवेदनशील बेघरता दिवस आयोजन बनकर नहीं रहना चाहिए। वहीं बेघरों के लिए कार्य करने वाले हरीश का कहना है कि दिल्ली जैसे शहर में ही सर्दी, गर्मी के मौसम कई बेघरों की मौत हो जाती है जो सरकार के लिए शर्मनाक है। बेघर महिलाओं व लड़कियों के साथ शारीरिक शोषण होना आम बात बनती जा रही है। पुरुषों में नशे की लत बढ़ती जा रही है। बच्चों के पास शिक्षा के लिए कोई ठोस माध्यम नहीं है। ऐसे में विश्व बेघर दिवस मनाना केवल एक खानापूर्ति से अधिक कुछ नहीं कहा जा सकता।

तमाम रूकावटों के बावजूद बड़ी संख्या में आप कार्यकर्ता प्रदर्शन के लिए पहुंचेंगे जंतर-मंतर : भारद्वाज

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि केंद्र व भाजपा चाहे लाख रूकावटें खड़ी कर ले लेकिन बावजूद इसके बड़ी संख्या में आप कार्यकर्ताओं प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए शनिवार को जंतर मंतर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि देश में एसआईआर के सहारे की जा रही गड़बड़ी के खिलाफ और लोकतंत्र को बचाने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी मैदान में उतरेंगे। वह जंतर मंतर पर होने वाले सीजेपी और देश भर के युवाओं के प्रदर्शन में जरूर शामिल होंगे। भारद्वाज ने बताया कि इस बारे में खुद अरविंद केजरीवाल ने पुष्टि करते हुए कहा कि वह और उनका पूरा परिवार भी लोकतंत्र बचाने की इस लड़ाई में जंतर मंतर आएगा। उन्होंने खुलेआम भाजपा को वोट नहीं देने वालों के वोट काटने के आरोप लगाए है। उन्होंने अपील की कि भाजपा के लिए काम कर रहे सीईसी ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा मांगने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग जंतर मंतर पहुंचे। भारद्वाज ने कहा कि 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर होने वाले विरोध-प्रदर्शन से पहले आप कार्यकर्ताओं से पूरी जानकारी मांगी जा रही है। उन्होंने बताया कि आप कार्यकर्ताओं को पुलिस के फोन कॉल आ रहे हैं।

मच्छर जनित बीमारियों को लेकर सत्या शर्मा ने की समीक्षा बैठक

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर कमर कसते हुए डेंगू की रोकथाम सहित मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने शुरू कर दिए है। इसी कड़ी में शुक्रवार को निगम की स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने जन स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक में सत्या शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान मंदिरों एवं रामलीला स्थलों के आसपास नियमित रूप से फॉगिंग की जानी चाहिए। डेंगू की रोकथाम, कीटनाशक दवाओं के भंडार, दवाओं की उपलब्धता तथा फॉगिंग व्यवस्था में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक कदम समयबद्ध तरीके से उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि इन स्थलों पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में आवाजाही होती है, इसलिए आवश्यकतानुसार फॉगिंग कराई जाए और आसपास सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि नवरात्र के दौरान मंदिरों के आसपास मांस की दुकानों को पूरी तरह बंद रखा जाए, इन निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि घर-घर निरीक्षण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए एमटीएस एवं डीबीसी कर्मचारी नियमित रूप से घरों का निरीक्षण करें। इस दौरान मच्छरों के प्रजनन की संभावित जगहों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शाहरुख, पुत्र यूसुफ कुरैशी निवासी मकान नंबर ए-20, एम.के. रेस्टोरेंट भोपुरा, उ.प्र. ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 299/2017 भा.द.सं. की धारा 363/366 के तहत, थाना खजूरी खास, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **शाहरुख** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **शाहरुख** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 299/2017 भा.द.सं. की धारा 363/366 के तहत, थाना खजूरी खास, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शाहरुख** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.12.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री नोमा जैन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, कमरा नं. 22, प्रथम तल
DP/14310/NE/2026 उत्तर-पूर्व जिला, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82(2) (ii) Cr.Pc. / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. गुन्ना पुत्र शाहीद** निवासी: झुग्गी नं. एफ–99, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली और **2. कमल पुत्र भूरा** निवासी झुग्गी नं. एफ–102, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली ने **FIR No. 466/2022 Dt. 21.06.2022 U/s 457/380/411/34 IPC**, (दोनो व्यक्तियों के लिए) थाना : **नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या सन्देह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. गुन्ना, 2. कमल** नही मिल रहे है और समाधानप्रद रूप से प्रदर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. गुन्ना, 2. कमल** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए छिपा हुए है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 466/2022 Dt. 21.06.2022 U/s 457/380/411/34 IPC**, (दोनो व्यक्तियों के लिए) थाना : **नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. गुन्ना, 2. कमल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 18.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री शाहिल गुप्ता
DP/14232/ON/2026 एलडी. जेएमएफसी–07, नोर्थ, प्रथम तल,
(court notice) कमरा नं. 06, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

शिक्षा मंत्री ने सीएम श्री स्कूल में स्टेम लैब का किया उद्घाटन

'विद्यार्थियों के लिए 'सपनों की प्रयोगशाला' साबित होगी स्टेम लैब'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एसटीईएम (स्टेम-विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित) लैब विद्यार्थियों के लिए 'सपनों की प्रयोगशाला' साबित होगी, जहां सरकारी स्कूलों के बच्चे रटने की परंपरा से आगे बढ़कर व्यावहारिक ज्ञान, तकनीकी कौशल और नवाचार की क्षमताएं विकसित कर सकेंगे।

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शुक्रवार को जनकपुरी स्थित डॉ. बी. आर. अंबेडकर सीएम श्री स्कूल में अत्याधुनिक स्टेम लैब के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने दोहराया कि दिल्ली सरकार अपने सभी सरकारी स्कूलों में विश्वस्तरीय शैक्षणिक बुनियादी ढांचा विकसित करने और प्रत्येक बच्चे को आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए



प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर उन्होंने दिल्ली सरकार की 'विद्या वाहिनी योजना' के अंतर्गत कक्षा 9 की 32 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित कीं। यह दोहरी पहल विद्यार्थियों को आधुनिक एवं व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ छात्राओं के सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य दिल्ली के सरकारी स्कूलों में भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था विकसित करना है। इस अवसर पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर एवं शिखर धवन फाउंडेशन (एसडीएफ) के संस्थापक शिखर धवन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 'द वन ग्रुप' की नेतृत्व टीम तथा कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) सहयोगी 'स्पोर्टसकीड़ा' के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। यह दिल्ली सरकार और शिखर धवन फाउंडेशन के सहयोग से संचालित स्टेम शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित की गई दूसरी स्टेम लैब है।

इस अवसर पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने युवाओं को सशक्त बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने दिल्ली सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में डिजिटल शिक्षा और की। यह पहल 'विकसित भारत 2047' के विजन के अनुरूप है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक तकनीक और सफलता प्राप्त करने के समान अवसर उपलब्ध हों।

व्यावहारिक शिक्षा पर जोर देते हुए शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि हमारी सरकार नहीं चाहती कि दिल्ली के बच्चों की शिक्षा केवल कक्षाओं और किताबों तक सीमित रह जाए। हम चाहते हैं कि बच्चे केवल पढ़ें ही नहीं, बल्कि सोचें, सवाल पूछें, प्रयोग करें, असफलताओं से सीखें, दोबारा प्रयास करें और अंततः नई खोज करें। शिक्षा का उद्देश्य केवल उत्तर देना नहीं, बल्कि सही सवाल पूछने की क्षमता विकसित करना भी है। विद्या वाहिनी योजना के अंतर्गत साइकिल वितरण पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि कक्षा 9 की हमारी बेटियों को निःशुल्क साइकिलें देने का निर्णय केवल साइकिल वितरण तक सीमित नहीं है।

छात्राओं को वितरित की साइकिलें

शिक्षा मंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य विद्या वाहिनी योजना के अंतर्गत कक्षा 9 की लगभग 1 लाख 40 हजार छात्राओं को साइकिलें उपलब्ध कराना है। इनमें से लगभग 20 हजार साइकिलें पहले ही वितरित की जा चुकी हैं। शिक्षा मंत्री सूद ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार जमीनी स्तर पर ऐसे प्रयास कर रही है, जिनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तकनीक, नवाचार और कौशल-आधारित शिक्षा के विजन को प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचाया जा सके।

नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सुनिश्चित हो कार्रवाई

प्रदूषण नियंत्रण के लिए सरकार कर रही सख्त निगरानी : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार प्रदूषण नियंत्रण के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है और इसके लिए सख्त निगरानी कर रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण संबंधी उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न एजेंसियों के कार्यों की नियमित निगरानी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इसी क्रम में निर्माण कार्यों से फैलने वाली धूल पर नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) द्वारा दिल्ली में चल रही विभिन्न सरकारी और निजी परियोजनाओं



के स्थलों पर नियमित एवं औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। बताया गया है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में इन निरीक्षणों का उद्देश्य निर्धारित पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित करना तथा जहां भी कमियां पाई जाएं, वहां तत्काल सुधारात्मक एवं नियमानुसार कार्रवाई करना है। इसी प्रक्रिया के तहत कुछ परियोजना स्थलों पर धूल नियंत्रण संबंधी नियमों का पालन नहीं पाए जाने पर संबंधित परियोजना एजेंसियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। किसी भी एजेंसी को उसके सरकारी दर्जे, परियोजना के आकार या प्रभाव के आधार पर छूट नहीं दी जा सकती। दिल्लीवासियों को स्वच्छ हवा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। वहीं, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए सरकार की रणनीति रोकथाम, नियमित निगरानी और प्रभावी कार्रवाई पर आधारित है। निर्माण स्थलों से उठने वाली धूल को नियंत्रित करना इस अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। डीपीसीसी द्वारा लगातार फील्ड निरीक्षण किए जा रहे हैं, ताकि सभी परियोजनाओं में पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित हो सके। जिन स्थलों पर नियमों का पालन नहीं पाया जाता, वहां संबंधित एजेंसियों को जवाबदेह बनाया जा रहा है।

राजधानी में सर्दियों के दौरान प्रदूषण बढ़ने की आशंका को देखते हुए डीपीसीसी द्वारा निर्माण और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का नियमित एवं औचक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान परियोजना स्थलों पर निर्धारित धूल नियंत्रण उपायों के अनुपालन की जांच की जाती है और जहां भी नियमों का पालन नहीं पाया जाता, वहां संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है।

हर हाल में करना होगा नियमों का पालन

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्पष्ट कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के नियमों का पालन हर हाल में करना होगा। सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि सभी निर्माण परियोजनाओं में प्रदूषण नियंत्रण के निर्धारित उपाय प्रभावी ढंग से लागू हों। जो एजेंसियां नियमों का पालन कर रही हैं, वे अपना कार्य जारी रखें, लेकिन जहां भी उल्लंघन पाया जाएगा, वहां नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कोई भी सरकारी विभाग, निर्माण एजेंसी, ठेकेदार या निजी कंपनी कानून से ऊपर नहीं है। सरकारी परियोजनाओं पर भी वही नियम लागू होंगे, जो निजी निर्माण कार्यों पर लागू होते हैं।

सरकारी परियोजना में भी उल्लंघन पर हो कार्रवाई : सिरसा

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सरकार का स्पष्ट संदेश है कि विकास कार्य जारी रहें, लेकिन प्रदूषण नियंत्रण के नियमों का पूरी तरह पालन हो। सरकारी एजेंसियों से अपेक्षा है कि वे इस मामले में उदाहरण प्रस्तुत करें। यदि किसी सरकारी परियोजना में भी उल्लंघन मिलता है, तो उसके खिलाफ भी उसी तरह कार्रवाई की जाएगी जैसे किसी निजी परियोजना के खिलाफ की जाती है। दिल्ली की हवा और नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सर्वोपरि है तथा नियमों के पालन और जवाबदेही के मामले में किसी को भी विशेष छूट नहीं मिलेगी।

डीयू में महिला सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- सीसीटीवी कैमरे लगाने और अंधेरे स्थानों को रोशन करने के निर्देश

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की छात्राओं के लिए सुरक्षित माहौल देने के लिए डीयू के प्रॉक्टर द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण आपातकालीन ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। डीयू प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, इस बैठक में विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्यों, डीन, निदेशकों, विभागाध्यक्षों, छात्रावासों के प्रोवोस्ट, वार्डन और रेजिडेंट ट्यूटर्स सहित प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य डीयू के विस्तृत परिसर, विभिन्न कॉलेजों, संकाय क्षेत्रों, विभागों और छात्रावासों में महिलाओं की सुरक्षा एवं संरक्षा से जुड़ी गंभीर चिंताओं पर विचार करना था।

वर्तमान सुरक्षा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सभी प्रतिनिधियों को अपने-अपने क्षेत्रों का व्यापक सुरक्षा आकलन करने के निर्देश दिए गए। इसके तहत ऐसे संभावित स्थानों की पहचान करने को कहा गया, जहां दृश्यता बाधित होती है या निगरानी में कठिनाई आती है। इन स्थानों की विशेष रूप से जांच करने पर जोर दिया गया, ताकि परिसर के प्रत्येक हिस्से की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। तत्काल प्रभाव से खराब पड़ी लाइटों की मरम्मत कराने, कम रोशनी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त स्ट्रीट लाइटें लगाने और पूरे परिसर में निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के लिए रणनीतिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, ऐसे पेड़ों की छंटाई करने पर भी जोर दिया गया, जिनकी अत्यधिक बढ़ी हुई शाखाएं प्राकृतिक रोशनी को बाधित करती हैं या सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती हैं। इसका उद्देश्य दृश्यता बढ़ाना और संभावित जोखिमों को कम करना है।

विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर ने बैठक में शामिल सभी अधिकारियों को आश्वस्त किया कि चर्चा के दौरान सामने आए बिंदुओं के अनुरूप आवश्यक एहतियाती कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने दोहराया कि विश्वविद्यालय प्रशासन इन महत्वपूर्ण मुद्दों का शीघ्र समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सभी विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लिए सुरक्षित, संरक्षित और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

दिल्ली में आज बसों के बदल सकते हैं रूट: डीटीसी

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में आज, 10 अक्टूबर को प्रस्तावित विरोध-प्रदर्शनों और धरनों के मद्देनजर दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बस सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। नई दिल्ली जिला पुलिस ने डीटीसी के मुख्य महाप्रबंधक को पत्र लिखकर जंतर-मंतर सहित संवेदनशील और वीवीआईपी क्षेत्रों के आसपास बसों के परिचालन को नियंत्रित करने तथा जरूरत पड़ने पर उनके रूट बदलने की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। पुलिस के अनुसार, सीजेपी और अन्य संगठनों के विरोध के आह्वान के बाद बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों के जुटने की संभावना है। वहीं, दिल्ली परिवहन निगम के सभी संबंधित क्षेत्रीय प्रबंधकों (आरएम) और डिपो प्रबंधकों (डीएम) सहित प्रमुख अधिकारियों को इन उपायों को तत्काल जमीनी स्तर पर लागू करने के सख्त निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। इन दिशा-निर्देशों के तहत अधिकृत आवाजाही को सख्ती से नियंत्रित करने और बुनियादी ढांचे की निगरानी को मजबूत करने पर जोर दिया गया है, ताकि संचालन के उच्च मानकों को बनाए रखा जा सके। पुलिस का यह पत्र 8 अक्टूबर को जारी किया गया है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि 10 अक्टूबर को सुबह 5 बजे से स्थिति सामान्य होने तक पुलिस द्वारा लगाए जाने वाले यातायात और सुरक्षा प्रतिबंधों का पालन करना होगा। इसके लिए डीटीसी को संबंधित अधिकारियों, चालकों और परिचालकों को आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा गया है।

कांग्रेस ने उठाए सवाल, पितृ पक्ष में शराब की दुकानें बंद, लेकिन नवरात्रि में खुली रहेंगी

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक मुकेश शर्मा ने सरकार द्वारा 9 व 10 अक्टूबर को दिल्ली की सभी शराब की दुकानें बंद करने पर सवाल उठाए हैं। मुकेश शर्मा ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा है कि भयभीत केंद्र की मोदी सरकार ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए, पितृ पक्ष में शराब की दुकानें तो बंद रखेगी। लेकिन पवित्र नवरात्रि के दिनों में दिल्ली की सभी शराब की दुकानें खुली रहेंगी, बड़ी अजीब सोच है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया ब्लॉक के आंदोलन से केंद्र की भाजपा सरकार पूरी तरह से भयभीत हो चुकी है। जिसके चलते शुक्रवार रात से ही दिल्ली सहित समस्त एनसीआर में आम लोगों का जीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त कर दिया गया। हर तरफ अफरा तफरी का माहौल बन चुका है। मुकेश शर्मा ने पूछा कि आखिर केंद्र सरकार चाहती क्या चाहती है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब साफ है, कि यह सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है, वैसे दिल्ली के बॉर्डर पर शराब के ठेकों पर भारी भीड़ है, और अवैध शराब बेचने वाले लोगों की चांदी कट रही है।

डीयू में तीसरा प्रोफेसर अशोक प्रसाद मेमोरियल लेक्चर आयोजित

नई दिल्ली। प्रोफेसर अशोक प्रसाद मेमोरियल एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के सहयोग से 'तीसरा प्रोफेसर अशोक प्रसाद मेमोरियल लेक्चर' आयोजित किया। डीयू के सर शंकर लाल कॉन्सर्ट हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में पद्म श्री प्रो. जी. डी. यादव (पूर्व कुलपति, इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी, मुंबई) ने 'वेस्ट टूवेल्थ' पर बात की। कार्यक्रम के दौरान 'वॉटरमैन ऑफ़ इंडिया' डॉ. राजेंद्र सिंह ((रेमन मैग्सेसे पुरस्कार और स्टॉकहोम जल पुरस्कार से सम्मानित) मुख्य अतिथि रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। इस अवसर पर विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के अलग-अलग विभागों से 400 से अधिक विद्यार्थी और 200 फैकल्टी सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने प्रो. अशोक प्रसाद को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि एक शिक्षक की असली विरासत वे छात्र होते हैं जिन्हें वे प्रेरित करते हैं, पढ़ाते हैं और जिनका मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने अपने शिक्षक के सम्मान में ट्रस्ट की स्थापना करने के लिए प्रो. बी. के. सिंह की सराहना की और छात्रवृत्ति के माध्यम से वंचित पृष्ठभूमि के मेधावी छात्रों की सहायता करने की ट्रस्ट की पहल का स्वागत किया।

कांग्रेस के महिला विरोधी चरित्र से देश की महिलाएं, छात्राएं असुरक्षित : एबीवीपी

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय सुनिश्चित करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), जेएनयू द्वारा लगातार उठाई जा रही आवाज और विरोध-प्रदर्शनों के दौरान जेएनयू प्रशासन ने कांग्रेस लोकसभा सांसद एवं जेएनयू के प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजाम को तत्काल प्रभाव से विश्वविद्यालय की सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। यह कार्रवाई विश्वविद्यालय की आंतरिक समिति की जांच, उसकी रिपोर्ट और संबंधित सेवा नियमों के अंतर्गत की गई है। इस मामले में 11 छात्राओं ने कांग्रेस सांसद के विरुद्ध यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई थीं। एबीवीपी जेएनयू अध्यक्ष मयंक पांचाल ने कहा कि जेएनयू प्रशासन की कांग्रेस लोकसभा सांसद व जेएनयू प्राध्यापक पर कार्रवाई एबीवीपी के छात्राओं की संघर्ष और छात्राओं की शिकायतों, महिला सुरक्षा के मुद्दे पर जवाबदेही की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एबीवीपी की मांग है कि छात्राओं को वास्तविक न्याय मिले और मामले में कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई हो। कांग्रेस लोकसभा सांसद का सेवामुक्त होना पर्याप्त नहीं है, उस पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए तथा वह जेल में होना चाहिए।



Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: CENTRAL DELHI: Rajindra Honda (Daryaganj) - 9910116248; (Samaypur Badli) - 9667515743; J.B. Honda (Jhande Walan) - 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494; (Naraina) - 8512889494; (Tri Nagar) - 9355719494; **SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 9266802219; (Adchini) - 8860259596; (Khanpur) - 011-40446391 (Saheen Bagh Jamia) - 8287201001; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 9871600730; (RK Puram Sector 1) - 9871600734; (Chattarpur) - 8826153434; Pragnya Honda (Okhla) - 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Uday Honda (Adchini) - 9212355514; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Moti Nagar) - 9999903295; (Raja Garden) - 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667540598; (Mayapuri) - 9811025879; Dhingra Honda (Peeragarhi) - 9871200045; (Uttam Nagar) - 9717455885; (Nangloi) - 9871400045; (Kirari) - 9870200152; (Amanpuri) - 9289739970; (Mangolpuri) - 9289151558; ARK Honda (Tilak Nagar) - 9211711826; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 8506999935; (Vikaspuri) - 8506999939; (Kakrola Mod) - 8506999936; (Vikas Nagar) - 7048947881; (Ranhola) - 9212385582; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 7290068240; (Rajapuri) - 9212670292; (Kapashera) - 7290068238; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400; (Dilshad Garden) - 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; (Johripur, Shiv Vihar Metro Station) - 9311957772; Swarup Honda (Vikas Marg) - 9810806600; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 8130547053; (Jheel) - 9821707756; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 8826993152; (Rani Bagh) - 8826993157; (Pitampura) - 8130093651; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; (Libaspur) - 8130093656; (Prashant Vihar) - 8130093654; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9311485006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056575100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 9999806883; Pioneer One Honda - 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 8130788666; Parkash Honda (Bhangel) - 7838474152; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 7042351351; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614; Hindon Honda - 9910110017; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; JKM Leela Honda (Vijaynagar) - 8750324000; SD Honda (Kadrabad) - 7520320611; Shri Vashu Honda (Niwari) - 8445334455; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; BK Honda (Premvihar) - 9311114333; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Pioneer One Honda (Gaur City) - 7838950960; Shanti Honda (Kulesra) - 9582823843; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519; Republic Honda (Kasna) - 8368861995; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 7351489999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 7078677972; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896656630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

खबर संक्षेप

सुशील यादव बने सेक्टर 37 के प्रधान, संजय बने महामंत्री

फरीदाबाद। सेक्टर-37 रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन आरडब्ल्यूए



के चुनाव में सुशील यादव एवं संजय गर्ग टीम ने 20 में से 16 पदों पर प्रचंड बहुमत के साथ शानदार जीत हासिल की। चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सामुदायिक भवन, सेक्टर-37 में संपन्न हुआ। चुनाव में सेक्टर-37 के निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आरडब्ल्यसूए के प्रतिनिधियों का चयन किया। कुल 975 मतदाताओं में से 821 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रधान पद के चुनाव में सुशील कुमार यादव ने वर्तमान प्रधान आईडी शर्मा को 75 वोटों से हराकर जीत दर्ज की। सुशील यादव के टीम ने चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 में से 6 पदाधिकारी पदों तथा 12 में से 10 कार्यकारिणी सदस्य पदों पर विजय हासिल की। नई कार्यकारिणी में संजय गर्ग को महासचिव, मुकेश मल्होत्रा आदि।

गोली लगने की सूचना से मचा हड़कंप, युवक घायल

ग़ाज़ियाबाद। मुरादनगर गांव जलालपुर रोड पर गुरुवार रात युवक को दो युवकों ने गोली



मारकर घायल कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। घायल युवक को परिजनों ने नाइवोक अस्पताल भर्ती कराया। हालांकि पुलिस का कहना है कि युवक गोली लगने से घायल हुआ है या किसी नुकीले हथियार से इसकी जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, घायल युवक गाजियाबाद के साहिबाबाद क्षेत्र स्थित बीएल कंपनी में नौकरी करता है। बताया गया कि वह ड्यूटी खत्म करने के बाद घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव जलालपुर रोड पर उसके घर से करीब 200 मीटर की दूरी पर कथित रूप से बाइक सवार दो युवकों ने उस पर गोली चला दी। गोली लगने के बाद युवक अपने घर पहुंचा और घटना की जानकारी दी।

विशेषज्ञों ने स्टेज-बी हार्ट फेल्योर और डायबिटीज से दिल को होने वाले नुकसान पर की चर्चा

गुरुग्राम में इको एशिया/इको इंडिया-2026 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

- तीन दिवसीय इको एशिया/इंडिया सम्मेलन का शुभारंभ
- सम्मेलन की थीम 'शेपिंग द न्यू इरा ऑफ कार्डिएक इमेजिंग' रखी गई



एशियन पैसिफिक एसोसिएशन ऑफ इकोकार्डियोलॉजी और इंडियन एकेडमी ऑफ इकोकार्डियोलॉजी की ओर से गुरुग्राम में तीन दिवसीय इको एशिया/इको इंडिया-2026 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। जिसमें विशेषज्ञों ने हृदय रोगों की शुरुआती पहचान, आधुनिक जांच तकनीकों और डायबिटीज से दिल पर पड़ने वाले प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। सम्मेलन की थीम 'शेपिंग द न्यू इरा ऑफ कार्डिएक इमेजिंग' रखी गई है। इंडियन एकेडमी ऑफ इकोकार्डियोलॉजी के एग्जीक्यूटिव ऑर्गनाइजिंग प्रेसिडेंट डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि हृदय रोगों में लक्षण सामने आने का इंतजार करना उचित नहीं है। कई मरीजों में दिल की संरचना में बदलाव होते रहते हैं, लेकिन उन्हें लंबे समय तक इसका पता नहीं चलता। आधुनिक इमेजिंग तकनीक ऐसे बदलावों को शुरुआती चरण में पहचानने में मदद करती है। इंडियन एकेडमी ऑफ इकोकार्डियोलॉजी की साइंटिफिक कमेटी की चेयरमैन डॉ. हंसा गुप्ता ने कहा कि इकोकार्डियोग्राफी और स्ट्रेन इमेजिंग जैसी आधुनिक जांच तकनीकें दिल की कार्यक्षमता में हो रहे शुरुआती बदलावों का पता लगाने में उपयोगी हैं।

इकोकार्डियोग्राफी अब केवल बीमारी की पहचान

सम्मेलन के इंटरनेशनल चेयरमैन डॉ. जे. ओह ने कहा कि डायबिटीज से पीड़ित कई मरीजों को सीने में दर्द जैसे लक्षण महसूस नहीं होते, लेकिन उनके दिल की मांसपेशियों में बदलाव शुरू हो सकते हैं। इसलिए डायबिटीज के मरीजों की देखभाल केवल हृदय की धमनियों में ब्लॉकेज की जांच तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। सम्मेलन के नेशनल चेयरमैन डॉ. एचके चोपड़ा ने कहा कि आधुनिक जांच तकनीकों को विशेषज्ञ चिकित्सा केंद्रों तक सीमित रखने के बजाय आम आबादी तक पहुंचाना बड़ी चुनौती है। उन्होंने शुरुआती जांच और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता को महत्वपूर्ण बताया। आईएससीसी के चेयरमैन डॉ. कपिल खन्ना ने कहा कि इकोकार्डियोग्राफी अब केवल बीमारी की पहचान करने वाली जांच नहीं रह गई है। यह गैर-आक्रामक जांच है, जिसमें रेडिएशन का इस्तेमाल नहीं होता और जरूरत के अनुसार इसे दोहराया जा सकता है।

आमजन को लंबे समय तक परेशानी न हो, सड़क का निर्माण तय समय में करें अधिकारी

शिकायत को संवेदनशीलता से सुनें अधिकारी, जांच कर समयसीमा में रिपोर्ट दें: कैबिनेट मंत्री आरती राव

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बिजली बिल में विभागीय त्रुटि पर मंत्री के निर्देश, उपभोक्ता की वैध शिकायत का नियमानुसार करें समाधान, बसेलवा कॉलोनी घटना पर मंत्री ने लिया संज्ञान, शेष आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश



हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण सम्मेलन केंद्र सेक्टर-12 फरीदाबाद में आज जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार में स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान तथा आयुष मंत्री सुश्री आरती राव ने की। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 15 परिवाद प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 11 परिवादों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि 04 मामलों को अगली बैठक तक लंबित रखते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने मामलों पर विस्तृत रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। उन्होंने बैठक में मंत्री ने स्पष्ट कहा कि सरकार नागरिकों को पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परिवादों का समयबद्ध एवं प्राथमिकता के आधार पर निपटान सुनिश्चित किया जाए और समाधान इस प्रकार हो कि परिवादी को पूरी संतुष्टि मिले।

इस अवसर पर बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा, एनआईटी विधायक सतीश फागना, फरीदाबाद भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, बल्लभगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष सोहन पाल सिंह, पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता, उपायुक्त आयुष सिन्हा, नगर निगम आयुक्त यशेंद्र सिंह, एडीसी अंजलि श्रोत्रिया, एचएसवीपी एडमिस्टेटर नीरज कादियान सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। आमजन को लंबे समय तक परेशानी न हो, सेक्टर.21 की सड़क का निर्माण तय समय में करें अधिकारी बैठक में सेक्टर-21 निवासी एवं पूर्व सैनिक राजेंद्र सिंह दलाल ने मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति और सीवरेज लाइन डालने के बाद उत्पन्न समस्याओं का मुद्दा उठाया।

बसेलवा कॉलोनी घटना पर मंत्री ने लिया संज्ञान

इसके अतिरिक्तए बसेलवा कॉलोनी में मारपीट एवं चाकूबाजी की घटना से संबंधित शिकायत पर पुलिस विभाग ने जानकारी दी कि मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। मामले की जांच क्राइम ब्रांच सेंट्रल को सौंप दी गई है। मंत्री ने पुलिस अधिकारियों को शेष आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, संबंधित क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने और आवश्यकता के अनुसार पुलिस पीसीआर की गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। शहर में कूड़े के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए बैठक कर उपयुक्त स्थान चिह्नित करें अधिकारी बैठक में शहर में कूड़ा उठान और उसके निस्तारण की समस्या पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कूड़े के वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित निस्तारण के लिए उपयुक्त स्थान चिह्नित करने तथा संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर शहर में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी योजना तैयार की जाए। मंत्री ने कहा कि त्योहारों के दौरान स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इसके साथ ही बेसहारा पशुओं की समस्या पर भी विचार-विमर्श किया गया और उनके उचित प्रबंधन के लिए आवश्यक व्यवस्था करने पर जोर दिया गया। प्रत्येक शिकायत को संवेदनशीलता से सुनें अधिकारी निष्पक्ष जांच कर समयसीमा में रिपोर्ट दें मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं के समाधान में अनावश्यक देरी न हो। जिन मामलों में जांच की आवश्यकता हैए उनमें निष्पक्ष जांच कर समयसीमा के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

सराय अंडरपास की समस्या के स्थायी समाधान के लिए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश

सराय अंडरपास के लंबे समय से बंद रहने और वहां जलभराव की समस्या को लेकर भी चर्चा की गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि अंडरपास बंद रहने से आसपास के क्षेत्रों में यातायात का दबाव बढ़ता है और लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि जल निकासी के लिए आधुनिक डिस्पोजल व्यवस्था और आवश्यक पंप लगाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। मंत्री ने संबंधित एजेंसियों को आपसी समन्वय से जिम्मेदारी तय करने तथा समस्या के स्थायी समाधान के लिए समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस कार्य के लिए 15 दिसंबर तक का लक्ष्य निर्धारित किया गया। कॉलोनी में ट्रांसफार्मर और बिजली के खंभे लगाने का प्रस्ताव, सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर बैठक में अवैध रूप से विकसित कॉलोनी में बिजली के खंभों, तारों और ट्रांसफार्मर से संबंधित शिकायत भी रखी गई। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ह्यूमन राइट कमीशन तक यह मामला गया था।

पूर्वजों ने मंदिर की स्थापना कर शुरू की थी दशहरा पर्व मनाने की परंपरा

ऐतिहासिक भव्यता का साक्षी बनेगा सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर का 76वां दशहरा महोत्सवः डॉ. राजेश भाटिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर श्री सनातन धर्म महाबीर दल मार्केट नंबर.एक फरीदाबाद द्वारा 76वां दशहरा उत्सव इस बार और भी भव्य व धूमधाम से मनाया जाएगा। दशहरा पर्व के आयोजन को लेकर आज मंदिर परिसर में प्रधान डॉ राजेश भाटिया तथा पंजाबी सभा के प्रधान राजकुमार वोहरा द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें दशहरा पर्व के तीन दिवसीय कार्यक्रम की पूरी जानकारी दी गई। प्रधान डॉ राजेश भाटिया ने बताया किए सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर द्वारा इस बार 76वां दशहरा पर्व मनाया जा रहा है, रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ इत्यादि के पुतले कारीगरों द्वारा तैयार किए जा रहे है ।

18 को किया जाएगा लंका दहन आयोजन

डॉ. भाटिया ने कार्यक्रम के बारे में पूरी जानकारी देते हुए बताया कि 18 अक्टूबर को लंका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, लंका को सुनहरे रूप में तैयार किया जा रहा है इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक धनेश अदलक्खा, पूर्व विधायक चन्द्र भाटिया शिरकत करेगें, लंका दहन की शोभायात्रा दोपहर तीन बजे सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर, मार्किट नं 1 के प्रांगण से प्रारम्भ होकर 1 नं, 2 नं व 3 नं से होते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगी व, 20 अक्टूबर को दशहरा की शोभायात्रा दोपहर तीन बजे सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर, बीकानेर से होते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगी दशहरा मैदान में तीर चलाकर रावण तथा अन्य पुतलों का दहन किया जाएगा।

शोभायात्रा इन स्थानों से दशहरा मैदान पहुंचेगी

जबकि 21 अक्टूबर को भरत-मिलाप की शोभायात्रा दोपहर तीन बजे सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर, मार्किट नं 1 के द्वारा संचालित श्री हनुमान मंदिर, मिलाप स्मृति 3डी.42 के प्रांगण से प्रारम्भ होकर बीकानेर चौक, संतोष हॉस्पिटल, 3नं कुटिया, नमस्ते चौक, 4-5 चौक, 5 नं शिव मंदिर, गुरुद्वारा सिंह सभा, गुरुद्वारा गुजरात ट्रैन व बादशाह खान चौक से होते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगी। इस अवसर पर बंसी कुकरेजा, मोहन लाल अरोड़ा, मोक्षित, राहुल आदि।

20 अक्टूबर को दशहरा महोत्सव मनाया जाएगा

पुराना विजय नगर में रामलीला का मंचन शुरू, बुजुर्गों ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



पुराना विजयनगर गाजियाबाद का हुआ हवन पूजन के साथ उद्घाटन एवं समाज के सम्मानित बुजुर्गों के हाथों से फीता काटकर उद्घाटन कराया गया। पुराना विजयनगर गाजियाबाद में श्री विजय रामलीला कमेटी पिछले 62 वर्षों से लगातार रामलीला का मंचन करती आ रही है। इसी परिपेक्ष में कल रात्रि रामलीला का उद्घाटन हवन पूजन के साथ किया गया।

इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष लेखराज माहौर ने बताया कि पुराना विजयनगर में शविजय रामलीला कमेटी की स्थापना 1965 में हमारे दादाजी प्रेरणास्रोत श्रद्धेय स्व. शकंछीलाल प्रधान के द्वारा किया गया था, तब से आज तक लगातार पुराना विजयनगर रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन होता चला आ रहा है। रामलीला में अपने क्षेत्र के ही कलाकार होते हैं, हम बाहर से मंडली बुलाकर रामलीला नहीं करते. यहां पर रामभक्त जमीन पर बैठकर रामलीला का श्रवण करते हैं। अनुभवी और पुराने कलाकारों के द्वारा रामलीला का मंचन कराया जाता है। 20 अक्टूबर को दशहरा महोत्सव मनाया जाएगा और रावण मेघनाथ कुंभकरण के पुतलों का दहन किया जाएगा और 21 अक्टूबर को राम भरत के मिलन की झांकी सोभा यात्रा निकाली जाएगी व शहर के सम्मानित आगंतुकों का स्वागत भी किया जाएगा। हमारी रामलीला कमेटी में समाज के सभी सदस्य बड़ चड़ कर भाग लेते हैं। हमारी रामलीला में सभी कलाकार बहुत शिक्षित हैं, जहां राम एडवोकेट है, वहीं लक्ष्मण बी.बी.ए. का छात्र हैं। सीता बी टेक की छात्र है तो हनुमान ग्रेजुएट हैं। रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण सभी ग्रेजुएट है, और जॉब करते हैं।

मोबाइल एवं आपत्तिजक वस्तुएं बरामद

पुलिस ने छापा मारकर किया देहव्यापार का खुलासा, 10 काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

सहायक पुलिस आयुक्त इन्दिरापुरम व थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम द्वारा सर्च एवं रैस्क्यू अभियान के दौरान अनैतिक देह व्यापार में सम्मलित 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके ककब्जे से 14 मोबाइल, 4730/- रुपए नगद व आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद हुई हैं। गुरुवार रात्रि को मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि किसान चौक के पास वसुंधरा सेक्टर 10 में होटल पैराडाइज की आड़ मे भोली-भाली गरीब महिलाओं को बहला फुसलाकर देह व्यापार कराया जा रहा है । जिसका तत्काल संज्ञान लेते हुए सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम व थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम द्वारा वसुंधरा सेक्टर-10 में स्थित होटल पैराडाइज की आड़ में चल रहे अनैतिक देह व्यापार में सम्मलित अशोक कुमार निवासी आदित्य वर्ल्ड सिटी, आशीष निवासी कालिंदी कुंज खुर्जा थाना खुर्जा बुलंदशहर थाना पहाड़गंज दिल्ली, अक्षय निवासी रामनगर शाहदरा दिल्ली , कुश निवासी सेक्टर 04 थाना बिसरख,तरूण पुत्र ओमवीर सिंह निवासी आई 505 टेंथ एवेन्यू थाना छिजारसी जनपद गौतमबुद्धनगर, विक्रांत कुमार निवासी सत्य विहार बुराड़ी दिल्ली तथा तथा आबिद खान निवासी मोहल्ला मल्लूपुरा थाना कोतवाली जनपद मुजफ्फरनगर है।

घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया

छतों से सिर पर ईंट बरसाई, कुल्हाड़ी से काटा, झगड़ा सुलझाने गया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

पल्ला क्षेत्र में एक बाउंसर की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उस पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला किया गया। युवक करीब चार साल बाद अपने मामा के घर गृहप्रवेश के कार्यक्रम में आया था। यहां पड़ोस के एक ही एक युवक से मामा के परिवार का बाइक टकराने को लेकर विवाद हो गया। इस बीच बाउंसर वली मोहम्मद बीच-बचाव करने आ गया। पड़ोसियों ने उस पर भी हमला कर दिया। कुल्हाड़ी से भी उस पर कई वार किए गए। घतों से उसके सिर पर भी ईंट बरसाई गई। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

मृतक वली नूंह जिले बीसरू गांव का रहने वाला था

इसे लेकर विवाद शुरू हो गया और दोनों पक्षों के बीच झगड़ा बढ़ गया। झगड़ा बढ़ता देख ताहिर का 25 वर्षीय भांजा वली मोहम्मद बीच-बचाव करने पहुंचा। आरोप है कि साहिल ने उस पर लोहे की रॉड से लगातार वार किए। सिर पर कई वार लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक वली मोहम्मद नूंह जिले के बीसरू गांव का रहने वाला था।

भारत के कुल 85 पदकों में 20 का योगदान दिया

एशियन गेम्स में सेना का ऐतिहासिक प्रदर्शन, 6 गोल्ड सहित जीते 20 मेडल

धर्मेंद्र कौशिक ⏭ गुरुग्राम

एशियन गेम्स 2026 में भारतीय सेना के खिलाड़ियों ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए छह गोल्ड, आठ सिल्वर और छह ब्रॉन्ज सहित कुल 20 पदक जीते। सेना के 62 खिलाड़ियों ने 15 खेलों में हिस्सा लिया और भारत के कुल 85 पदकों में 20 का योगदान दिया। देश के 21 गोल्ड मेडल में से छह सेना के खिलाड़ियों ने जीते। सेना के खिलाड़ियों ने 2022 एशियन गेम्स की तुलना में गोल्ड मेडल की संख्या दोगुनी कर दी। भारतीय दल में सेना के खिलाड़ियों की हिस्सेदारी भी नौ प्रतिशत से बढ़कर 12.6 प्रतिशत हो गई। टीम में शामिल नौ महिला खिलाड़ियों ने दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता। नायब सूबेदार नीरू ढांडा ने दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता। वह व्यक्तिगत



महिला ट्रैप स्पर्धा में एशियन गेम्स का गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। नायब सूबेदार गुलवीर सिंह ने दो सिल्वर और एक ब्रॉन्ज सहित तीन व्यक्तिगत पदक जीतकर इतिहास रचा। हवलदार सावन बरवाल ने पुरुष मैराथन में 2 घंटे 11 मिनट 37 सेकंड का समय लेकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और 44 साल बाद भारत को इस स्पर्धा में एशियन गेम्स पदक दिलाया। नायब सूबेदार सर्वेश कुशारे ने 56 साल बाद पुरुष हाई जंप में भारत को पदक दिलाया। नायब सूबेदार सलमान खान ने पुरुष डबल स्कल्स रोइंग में भारत के लिए पहला एशियन गेम्स पदक जीता।

परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

सहपाठी लड़की के घर फंदे पर लटका मिला 10वीं का छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

गुस्साएं लोगों ने लड़की के घर तोड़फोड़ की, पथराव में दो पुलिसवाले घायल,मृतक की पहचान साई नगर पार्ट-2 निवासी अर्जुन के रूप में हुई है।

- पुलिस ने 250 से 300 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज
- पुलिस पर पथराव किया, दो पुलिसकर्मी घायल हुए
- हालात बिगड़ने पर पुलिस ने अतिरिक्त बल बुलाया

नहर पार इलाके में रहने वाले 10वीं के छात्र की मौत पर बवाल हो गया। दरअसल, छात्र गुरुवार देर रात साथ पढने वाली लड़की के घर गया था। इसके बाद परिवार को सूचना मिली कि उनके बेटे ने लड़की के घर में फंदा लगा लिया है, जिससे उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही छात्र के परिजन बड़ी संख्या में लोगों के साथ लड़की के घर पहुंच गए। उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की, तो आक्रोशित लोगों ने लड़की के घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ने पर मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा। पुलिस पर पथराव भी किया गया जिसमें 2 पुलिसकर्मियों को चोटें आईं।

छात्र स्कूल में पढ़ने वाली लड़की के घर पहुंचा था

9 लोगों को अभी गिरफ्तार किया गया है। मामले में उपद्रव की धारा भी जोड़ी गई है। मृतक की पहचान साई नगर पार्ट.2 निवासी अर्जुन के रूप में हुई है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि अर्जुन साई नगर पार्ट.2 का रहने वाला था और गुरुवार की रात उसी स्कूल में पढने वाली लड़की के घर पहुंचा था। लड़की मवई स्थित शिव शक्ति एन्क्लेव में रहती है। इसके कुछ देर बाद ही पुलिस को सूचना दी गई कि अर्जुन से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंद से उतार कर जांच शुरू की। इसी सूचना मिलते ही अर्जुन के परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने की पुलिस कार्रवाई का उन्होंने विरोध किया।

मृतक मूलरूप से बिहार के रहने वाले है

देखते ही देखते मौके पर हंगामा बढ़ गया और लड़की के घर में तोड़ फोड़ शुरू हो गई। इसी दौरान भीड़ की ओर से पुलिस पर पथराव किया गया, जिसमें 2 पुलिसकर्मियों को चोटें आईं। हालात बिगड़ने पर पुलिस को अतिरिक्त बल बुलाना पड़ा। इसके बाद पुलिस ने किसी तरह स्थिति को संभाला और अर्जुन को शव को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया। एहतियात के तौर पर पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया। मृतक लड़के के पिता भूषण ने बताया कि वह मूल रूप से बिहार के नालंदा के रहने वाले है और पिछले करीब 18 सालों से फरीदाबाद के साई नगर में रह रहे है। अर्जुन उनका दूसरे नंबर का बेटा था।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **योगेश चंद जोशी पुत्रः जी.सी. जोशी पताः दहिया प्रॉपर्टी डीलर, मकान नंबर 275, गांव– गढ़ी खुसरो, गुरुद्वारा के पास, केशव नगर, दिल्ली–110036 CC NI ACT/2440/2021 U/s138 NI Act थानाः पांडव नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **योगेश चंद जोशी** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **योगेश चंद जोशी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC NI ACT/2440/2021 U/s138 NI Act थानाः पांडव नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **योगेश चंद जोशी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रद्धा त्रिपाठी
जेएमएफसी–02, कमरा नंबर 407
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14353/ED/2026
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. / 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हिमांशु शर्मा उर्फ अनुराग, पुत्रः सतीश, पताः म.नं. 1855, गली नं. 9, बीके मॉडल स्कूल, विनय नगर, फरीदाबाद, हरियाणा** ने **FIR No. 513/2024, U/s 304(2)/3(5)/317(2) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थाना बदरपुर, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हिमांशु शर्मा उर्फ अनुराग** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हिमांशु शर्मा उर्फ अनुराग** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 513/2024, U/s 304(2)/3(5)/317(2) भारतीय न्याय संहिता–2023, पुलिस थाना बदरपुर, नई दिल्ली** के अभियुक्त **हिमांशु शर्मा उर्फ अनुराग** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – श्री विनोद जोशी
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, दक्षिण–पूर्व जिला
कमरा नं. 515, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14094/SE/2026

खबर संक्षेप

लातेहार में आदिवासी महिला से मारपीट,3 सस्पेंड

लातेहार। झारखंड के लातेहार के बारियातू से एक आदिवासी महिला के साथ कथित मारपीट, दुर्व्यवहार



का मामला सामने आया है। झारखंड जनाधिकार महासभा की ओर से सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए गए पोस्ट के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने मामले का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने अपने री-पोस्ट में लातेहार पुलिस को टैग करते हुए तत्काल जांच और उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

अनंत के तेवर, बोले- अनुज का समर्थन करेंगे

पटना। सीएम सम्राट चौधरी के आवास पर आयोजित एनडीए विधानमंडल दल की बैठक में



जेडीयू विधायक अनंत सिंह व एमएलसी नीरज कुमार के बीच सुलह न हो सकी। बैठक खत्म होने के बाद सीएम आवास से निकलते ही अनंत सिंह पुराने तेवर में नजर आए। जेडीयू के विधायक ने कहा कि वह अपने स्टैंड पर कायम हैं। स्पष्ट किया कि एमएलसी चुनाव में वह अनुज सिंह का समर्थन करेंगे।

सीएम हेमंत ने दी मां को मुखाग्नि, उमड़ा जनसैलाब

रांची। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन पंचतत्व में विलीन हो गईं। रूपी सोरेन का



रामगढ़ के नेमरा गांव में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अंतिम संस्कार किया गया। हेमंत सोरेन ने नम आंखों से मां को मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु व पीएम नरेंद्र मोदी ने रूपी सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

नौसेना के जहाजों की प्रतिकृतियां, बोटिंग, लाइट एंड साउंड शो और डिजिटल गैलरी होंगे आकर्षण

नौसेना शौर्य संग्रहालय का होगा विस्तार, 6.8 एकड़ में बनेगी वाटर बॉडी, मई में हुआ था पहले चरण का उद्घाटन

लखनऊ में पर्यटन को नया आयाम देने के लिए विकसित किए जा रहे नौसेना शौर्य संग्रहालय का विस्तार होगा। मुख्यमंत्री योगी ने संग्रहालय के तीसरे चरण के तहत वाटर बॉडी विकसित करने के लिए करीब 6.8 एकड़ जमीन पर्यटन विभाग को उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

राजधानी लखनऊ में पर्यटन को नया आयाम देने के लिए विकसित किए जा रहे नौसेना शौर्य संग्रहालय का विस्तार होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संग्रहालय के तीसरे चरण के तहत वाटर बॉडी विकसित करने के लिए करीब 6.8 एकड़ जमीन पर्यटन विभाग को उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है । साथ ही संग्रहालय परिसर के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को सौंपने का भी निर्णय लिया गया। वाटर बॉडी विकसित करने के लिए एलडीए संबंधित 6.8 एकड़ भूमि पर्यटन विभाग को एक लाख रुपये की टोकन मनी पर उपलब्ध कराएगा। परियोजना के तहत नौसेना के जहाजों की प्रतिकृतियां, बोटिंग, लाइट एंड साउंड शो के साथ जलीय जीवन और समुद्री जैव विविधता से जुड़ी प्रदर्शनियां विकसित की जाएंगी। इससे नौसेना शौर्य संग्रहालय को एक ऐसे पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है, जहां लोग देश के समुद्री इतिहास और नौसेना की तकनीक को करीब से जानने के साथ मनोरंजन का भी आनंद ले सकेंगे।

छात्रों को रियायती दर पर मिलेगा प्रवेश, 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य



इतिहास, विज्ञान और तकनीक से रूबरू होंगे पर्यटक

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग भारतीय नौसेना के सहयोग से नौसेना शौर्य संग्रहालय विकसित कर रहा है। इसका उद्देश्य पर्यटकों को देश की समुद्री विरासत और नौसेना की सामरिक ताकत से रूबरू कराने के साथ अनुभवात्मक व ज्ञान आधारित पर्यटन को बढ़ावा देना है। संग्रहालय में नौसेना के उपकरणों, समुद्री इतिहास और देश की रक्षा क्षमताओं की झलक देखने को मिलेगी। डिजिटल तकनीक, ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियों, इंटरैक्टिव प्रदर्शनियों और सिमुलेशन के जरिये पर्यटक नौसेना की कार्यप्रणाली को करीब से समझ सकेंगे।

सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री के सम्मान में योगी कैबिनेट का फैसला

जेवर एयरपोर्ट अब कहलाएगा 'नरेन्द्र मोदी इंटरनेशनल एयरपोर्ट'

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गिनाई पीएम मोदी के 25 वर्षों की उपलब्धियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लिए गए इस निर्णय को मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के प्रति प्रदेश सरकार की कृतज्ञता और उत्तर प्रदेश के विकास में उनके मार्गदर्शन एवं योगदान के सम्मान का प्रतीक बताया...

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर अब 'नरेन्द्र मोदी इंटरनेशनल एयरपोर्ट' के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक में एयरपोर्ट के नामकरण का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लिए गए इस निर्णय को मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के प्रति प्रदेश सरकार की कृतज्ञता और यूपी के विकास में उनके मार्गदर्शन एवं योगदान के सम्मान का प्रतीक बताया।

कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि कैबिनेट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर अभिनंदन प्रस्ताव भी पारित किया है। 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री जी ने सरकार के मुखिया के रूप में 25 वर्षों की निरंतर और समर्पित सार्वजनिक सेवा पूरी की। यह भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास का गौरवपूर्ण अध्याय है। 25 वर्षों की यह यात्रा 'सेवा, समर्पण और राष्ट्र प्रथम' की भावना से संचालित रही है। यह यात्रा केवल सत्ता या शासन की यात्रा नहीं, बल्कि 'जनसेवा से जनकल्याण और जनभागीदारी से जनविश्वास' की यात्रा है।



किसानों से 2.85 लाख मीट्रिक टन मोटा अनाज खरीदेगी योगी सरकार

यूपी कैबिनेट बैठक में किसानों से मोटे अनाज खरीद को मंजूरी दी गई है। योगी सरकार ने किसानों को मोटे अनाज का न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने के लिए खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 की क्रय नीति तय कर दी है। मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में मक्का, बाजरा और ज्वार की सरकारी खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। इसके तहत प्रदेश में कुल 2.85 लाख मीट्रिक टन मोटे अनाज की खरीद का कार्यकारी लक्ष्य प्रस्तावित है। खरीद के लिए 455 क्रय केंद्र खोलने की तैयारी है। बाजरे और हाइब्रिड ज्वार के समर्थन मूल्य में भी वृद्धि हुई है। खरीद की अवधि एक अक्टूबर से 31 दिसंबर तक निर्धारित की गई है।

काशी से जेवर तक, यूपी से प्रधानमंत्री का विशेष जुड़ाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी काशी से निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं और यूपी की धरती से देश का नेतृत्व कर रहे हैं। 2014 में प्रधानमंत्री ने काशी आगमन पर कहा था- 'मुझे मां गंगा ने बुलाया है।' इसके बाद काशी व प्रधानमंत्री जी का संबंध केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व तक सीमित न रहा। काशी के विकास, आध्यात्मिक पुनर्जागरण व यूपी के समग्र विकास के बीच एक नया संबंध बना। पीएम के मार्गदर्शन व केंद्र-प्रदेश की 'डबल इंजन' सरकार के समन्वय से यूपी में विकास की नई कार्यसंस्कृति विकसित हुई।

अब औद्योगिक प्राधिकरणों में भवन मानचित्र मंजूरी होगी आसान

यूपी में औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के क्षेत्रों में भवन मानचित्र और भूखंड अनुमोदन की प्रक्रिया अब और सरल, पारदर्शी एवं नागरिक अनुकूल होगी। कैबिनेट बैठक में यूपी के औद्योगिक विकास प्राधिकरणों हेतु मॉडल भवन विनियम, 2026' के क्रियान्वयन को मंजूरी दी गई।

ट्रेनें कैंसिल पर चिराग पासवान ने दागा सवाल

भारत के युवाओं को कोई नहीं रोक सकता,गलतफहमी की जरूरत नहीं

एजेंसी ⏭ पटना

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और अन्य मांगों को



लेकर दिल्ली (जंतर-मंतर) में 10 अक्टूबर को सीजेपी ने प्रदर्शन का एलान किया है। सीजेपी के प्रोटेस्ट को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। रेलवे ने भी बिहार-यूपी समेत कई राज्यों से दिल्ली जाने वाली कई ट्रेनों को कैंसिल कर दिया है। रेलवे के इस फैसले पर अब केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का बयान सामने आया है। शुक्रवार को चिराग पासवान ने कहा कि ये भारत के युवा हैं, इन्हें कोई नहीं रोक सकता। जो लोग इस तरह की गलतफहमियां फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, उनसे मैं पूछता हूं: आखिर कोई कितनी ट्रेनें रोक सकता है?

देवरिया में अखिलेश का भाजपा पर हमला

अभी एयरपोर्ट का नाम बदला है, फिर नाम समेत बेच देंगे

एजेंसी ⏭ देवरिया

सपा मुखिया और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि डबल इंजन फेल हो चुका है। देश बेचने वाले के नाम पर एक एयरपोर्ट का नाम रखा गया है, कुछ दिन बाद उसे भी बेच दिया जाएगा। अखिलेश यादव लार क्षेत्र के रक्सा गांव में पूर्व विधायक सुरेश यादव की श्रद्धांजलि सभा को संबोधित



कर रहे थे। कहा कि जो पीड़ित है वही पीडीए है। दो महीने बाद चुनाव की घोषणा होनी है। इस बार परिणाम बदलेगा। यूपी में फिर समाजवादी सरकार बनेगी।

पेज एक का शेष

सीजेपी का प्रदर्शन आज...

हर किसी के पास कार नहीं होती: मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल थे, ने परिवहन प्रतिबंधों की व्यापकता पर सवाल उठाए। अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी प्रदर्शन की आशंका के कारण पूरे शहर की गतिविधियों को ठप नहीं किया जा सकता। सुनवाई के दौरान आम यात्रियों की परेशानियों का उल्लेख करते हुए अदालत ने कहा कि हर व्यक्ति के पास कार नहीं होती। बड़ी संख्या में लोग मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में सुरक्षा के नाम पर व्यापक प्रतिबंध लगाने से पहले यह देखना जरूरी है कि वे आवश्यक, उचित और आनुपातिक हैं या नहीं। अदालत ने केंद्र से मेट्रो और रेल सेवाओं को नियंत्रित तरीके से जारी रखने की संभावनाओं पर विचार करने तथा यातायात संबंधी परामर्श को व्यापक रूप से प्रचारित करने को कहा। सड़क मार्ग से आने-जाने वाले लोगों की सुविधा सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। अदालत के समक्ष प्रदर्शन के लिए किसी बड़े और उपयुक्त वैकल्पिक स्थल पर विचार करने का मुद्दा भी उठा।

प्रदर्शन की अनुमति और परिवहन प्रतिबंधों पर अलग-अलग सवाल : सुनवाई के दौरान अदालत ने एक महत्वपूर्ण कानूनी पहलू भी स्पष्ट किया। पीठ ने पूछा कि जब आयोजकों को प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी गई थी, तो उस फैसले को चुनौती देने के बजाय परिवहन प्रतिबंधों के खिलाफ सीधे अदालत का रुख क्यों किया गया। न्यायालय ने कहा कि अनुमति के बिना प्रदर्शन कानून के अनुरूप नहीं होगा, हालांकि शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार और कानून-व्यवस्था के बीच संतुलन का प्रश्न भी महत्वपूर्ण है। इससे स्पष्ट है कि प्रदर्शन की अनुमति का मामला और आम जनता के लिए सार्वजनिक परिवहन पर लगाए गए प्रतिबंधों का मामला आपस में संबंधित होने के बावजूद अलग-अलग कानूनी प्रश्न हैं। अदालत का जोर इस बात पर रहा कि सुरक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिससे कानून-व्यवस्था भी बनी रहे और आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी भी न हो।

सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, लेकिन सभी दावों की स्वतंत्र पुष्टि जरूरी : प्रदर्शन से पहले दिल्ली में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती, संवेदनशील इलाकों में बैरिकेडिंग और यातायात नियंत्रण की तैयारी की खबरें सामने आई हैं। कुछ रिपोर्टों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के लगभग 23 हजार जवानों की तैनाती की जानकारी दी गई है। पुलिस ने संभावित भीड़, यातायात बाधित होने और कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका को सुरक्षा तैयारियों का आधार बताया है। हालांकि, सोशल मीडिया और विभिन्न संदेशों में दिल्ली की सभी सीमाएं सील किए जाने, सभी बस सेवाएं बंद करने, बड़ी संख्या में लोगों को हिरासत में लेने, घरों में नजरबंद करने तथा धार्मिक स्थलों पर जाकर लोगों को प्रदर्शन से दूर रहने की चेतावनी देने जैसे दावे भी प्रसारित हो रहे हैं। इन सभी दावों की स्वतंत्र पुष्टि उपलब्ध समाचारों से नहीं होती। इसलिए इन्हें पुष्ट सरकारी फैसलों या स्थापित तथ्यों के रूप में प्रस्तुत करना उचित नहीं होगा।

मतदाता सूची पुनरीक्षण बना विवाद की पृष्ठभूमि: सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर विपक्षी दलों तथा कुछ सामाजिक और छात्र संगठनों की आपत्तियां हैं। प्रदर्शनकारी मतदाता सूची में नाम हटाए जाने और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर सवाल उठा रहे हैं। चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची पुनरीक्षण को निर्धारित प्रक्रिया का हिस्सा बताया गया है और पात्र मतदाताओं को अपने नाम जुड़वाने का अवसर उपलब्ध होने की बात कही गई है। यह विवाद अब केवल मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग तक सीमित नहीं रह गया है। इसके साथ शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार, सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता, पुलिस की प्रतिबंधात्मक शक्तियों और नागरिकों की स्वतंत्र आवाजाही जैसे व्यापक मुद्दे भी जुड़ गए हैं।

लोकतंत्र में सुरक्षा और नागरिक अधिकारों के बीच संतुलन की परीक्षा : दिल्ली में 10 अक्टूबर को प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले पैदा हुई स्थिति ने प्रशासन के सामने दोहरी चुनौती खड़ी कर दी है। एक ओर संभावित भीड़ और कानून-व्यवस्था की आशंकाओं से निपटना है, तो दूसरी ओर राजधानी के करोड़ों निवासियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और यात्रियों की सामान्य जिंदगी को प्रभावित होने से बचाना है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों से संकेत मिलता है कि सुरक्षा उपायों का औचित्य और उनकी सीमा दोनों महत्वपूर्ण हैं। प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि आवश्यक प्रतिबंध लक्षित और आनुपातिक हों, सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता बनी रहे और नागरिकों को समय रहते सही जानकारी मिले। वहीं, प्रदर्शन आयोजित करने वालों की जिम्मेदारी भी है कि वे कानूनी प्रक्रिया का पालन करें और विरोध शांतिपूर्ण बनाए रखें।

जंतर-मंतर पर...

तो, फिर इजाजत लेने की क्या जरूरत है? क्या उन्होंने 13 करोड़ वोट हटाने से पहले इजाजत ली थी? आप चाहते हैं कि हम चुनाव में धांधली करने वालों के खिलाफ आवाज न उठाएं? ऐसा नहीं हो सकता। देश ऐसे नहीं चल सकता। देश को बचाने के लिए हम विरोध प्रदर्शन करेंगे।

दिल्ली को किले में बदला : एसआईआर में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ प्रदर्शन के लिए दिल्ली मेट्रो के 57 स्टेशन बंद करने और ट्रेने कैंसिल किए जाने के बाद विवाद बढ़ गया। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन से पहले सीजेपी नेता सौरव दास ने आरोप लगाया कि देश में आपातकाल जैसे हालात हैं और दिल्ली को किले में बदल दिया गया है। अभिजीत दीपके ने मेट्रो, रेल और सड़कें बंद करने पर सवाल उठाए, जबकि आशुतोष रांका ने महाराष्ट्र में कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेने का दावा किया। सौरव दास ने आरोप लगाया कि देश में आपातकाल जैसे हालात बना दिए गए हैं और दिल्ली को किले में बदल दिया गया है। पार्टी के नेताओं ने मेट्रो सेवाएं बंद करने, रेल सेवाएं रोकने और सड़कों पर पाबंदियां लगाने को लेकर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि छात्र और युवा शांतिपूर्ण प्रदर्शन के जरिए अपनी बात रखना चाहते हैं, लेकिन उन्हें रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

प्रशासन की सख्ती पर जताई आपत्ति : कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा कि अधिकारियों को खुद से पूछना चाहिए कि मेट्रो सेवाएं क्यों बंद की जा रही हैं, रेल सेवाएं क्यों रोकी जा रही हैं और सड़कें क्यों बंद की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन में शामिल होने वाले छात्र और युवा अपने मौलिक अधिकारों का इस्तेमाल करना चाहते हैं। वे शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराना चाहते हैं। दीपके ने सवाल उठाया कि इन युवाओं के साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया जा रहा है, जैसे वे पाकिस्तान से आए हों या देश के दुश्मन हों। उन्होंने प्रशासन की सख्ती पर आपत्ति जताई।

सरकार जेन जी से डर रही: दीपके ने दावा किया कि सुरक्षा बलों को कश्मीर और नक्सल प्रभावित इलाकों से हटाकर दिल्ली लाया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि युवाओं के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए इतनी बड़ी सुरक्षा व्यवस्था क्यों की जा रही है। उनके मुताबिक, सरकार देश के युवाओं, खासकर जेन जी से डर रही है। हालांकि, उपलब्ध बयान में सुरक्षा बलों की संख्या, उन्हें कहां से दिल्ली लाया गया और इस संबंध में प्रशासन की ओर से क्या आदेश दिए गए, इसकी जानकारी नहीं है। इसलिए इस दावे को दीपके के आरोप के तौर पर ही देखा जाना चाहिए।

राहुल बोले- राष्ट्रपति ने...

साजिश रची है। गांधी ने कहा कि राष्ट्रपति ने विपक्ष की ओर से उठाए गए मुद्दों को खारिज नहीं किया और चुनावों में गड़बड़ियों के संबंध में सबूत पेश करने को कहा। राहुल ने बताया कि हमने उनसे कहा कि चुनाव दर चुनाव यह चोरी की गई है। हमने जो सबूत जुटाए हैं, उन्हें राष्ट्रपति जब भी चाहेंगी, सौंप दिया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें इस बात पर आश्चर्य हुआ कि राष्ट्रपति ने विपक्ष की बातों को स्वीकार किया।

राष्ट्रपति भवन की ओर किया मार्च: इससे पहले विपक्षी नेताओं ने बैठक की और 'वोट चोरी' के खिलाफ अभियान को आगे बढ़ाने तथा सीईसी ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर रणनीति पर मंथन किया। बैठक के बाद विपक्षी नेताओं ने राष्ट्रपति भवन की ओर मार्च शुरू किया लेकिन पुलिस ने उन्हें विजय चौक पर ही रोक दिया। विपक्षी नेताओं ने एक बड़ा बैनर लिया था जिस पर 'सेव डेमोक्रेसी' (लोकतंत्र बचाओ) लिखा हुआ था। उन्होंने 'ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो' के नारे लगाए। पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद विपक्षी सांसद वहीं सड़क पर बैठक गए और सरकार तथा ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारे लगाए। बैठक में कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी, एनसीपी (एसपी) की नेता सुप्रिया सुले, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के ई.टी. मोहम्मद बशीर, माकपा महासचिव एम.ए. बेबी, भाकपा महासचिव डी. राजा, समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय और मोहिबुल्लाह नदवी, निर्दलीय सांसद कपिल सिब्बल और कई अन्य नेता मौजूद थे।

राष्ट्रपति से बातचीत...

मुलाकात का समय दिया। राहुल गांधी और इंडिया ब्लॉक के नेता पिछले कई दिनों से बेतुका और निराधार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति को लेकर ऐसा बयान दिया है, जो न केवल अजीब है, बल्कि उसमें सच्चाई से ज्यादा राजनीतिक चालबाजी नजर आती है। त्रिवेदी ने कहा कि उनका (राहुल गांधी) यह दावा कि राष्ट्रपति ने उनके आरोपों को स्वीकार कर लिया है, राहुल गांधी के उस दुर्भावनापूर्ण रवैये को उजागर करता है, जिसके तहत वह देश की हर संवैधानिक संस्था को अपनी राजनीति का शिकार बनाने की कोशिश करते हैं। आज ऐसा लगता है कि उन्होंने सारी हदें पार कर दी हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि बैठक के अंदर वास्तव में क्या हुआ, यह केवल वहां मौजूद कोई व्यक्ति ही बता सकता है। हालांकि, जब राहुल गांधी बोल रहे थे, तो उनके बगल में खड़े नेताओं की शारीरिक भाव-भंगिमा और चेहरे के हाव-भाव से साफ संकेत मिल रहे थे कि उनकी बातें शायद सच्चाई से मेल नहीं खाती थीं।

साझा आकांक्षाओं...

पारस्परिक लाभ प्रदान करने वाला क्षेत्र कहना किसी प्रकार से अतिशयोक्ति नहीं होगा। भारत के लोगों के लिए अमेरिका में रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं। तो वहीं, अमेरिका की कंपनियों को भारतीयों के रूप में अत्याधुनिक कौशल वाले प्रतिभावान पेशेवर मिलते हैं। यहां एक अहम बात ये भी है कि इससे अमेरिका में शेयरधारकों की संपत्ति में भी इजाफा होता है। बयान में मंत्रालय ने उम्मीद जताते हुए कहा है कि उक्त प्रक्रिया से संबंधित तमाम हितधारक भारत द्वारा उद्घाटित इस पूरे तथ्य को भलीभांति समझेंगे। नई दिल्ली का मत है कि अमेरिका द्वारा घोषित यह कदम दोनों देशों की साझा आकांक्षाओं की पूर्ति में बाधक बनेगा।

दूसरे राज्यों की ...

समय पर पूरा किया जाए। विशेषकर कैथल मंडियों में उठान कार्य में तेजी लाई जाए ताकि किसानों को मंडियों में धान लाने में कोई दिक्कत न हो। मुख्यमंत्री सैनी को अधिकारियों ने बताया कि चीका मंडी में धान डालने के लिए चार स्थान निर्धारित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि धान डालने के लिए एक ही स्थान निर्धारित करने हेतु उचित समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव डॉ. यशपाल ने बताया कि धान के अलावा प्रदेश में लगभग पौने दो लाख बाजरे की आवक हो रही है। राज्य की मंडियों में रबी फसल की खरीद एमएसपी पर की जा रही है तथा समय पर किसानों को भुगतान किया जा रहा है। इसके अलावा फसल उठान के कार्य के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

खुद भी झेला भेदभाव ...

में न्यायाधीश रहीं और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से भी जुड़ी रहीं। पिल्लई ने कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्रों से संबंधित संयुक्त राष्ट्र जांच आयोग की अध्यक्षता की। वह म्यांमार में नरसंहार के आरोपों से जुड़े मामले में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की न्यायाधीश भी हैं। बलात्कार और यौन हिंसा को अंतरराष्ट्रीय अपराधों के रूप में मान्यता दिलाने तथा मानवता के खिलाफ अपराधों के मामलों में जवाबदेही तय करने में उनकी अहम भूमिका रही है।

भारत से कैसा नाता है?: नवी भारतीय मूल की तमिल परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके दादा गन्ना किसान थे। गौर करने वाली बात यह है कि उनके पूर्वज भारत से गिरमिटिया मजदूर के रूप में दक्षिण अफ्रीका गए थे। भारत से गहरी भावनात्मक और सांस्कृतिक जुड़ाव के चलते उन्होंने अपनी पारंपरिक तमिल संस्कृति, संस्कारों और मूल्यों को संजोए रखा, जो उनके संघर्षशील और न्यायप्रिय जीवन में स्पष्ट रूप से झलकता है।

लोकतंत्र ने एक बार...

संवैधानिक संस्थाओं पर हमला बताया और कांग्रेस पर पितृसत्ता विरोधी नारों के आचरण में विरोधाभास होने का आरोप लगाया। भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री ने जेएनयू में कांग्रेस सांसद के खिलाफ छात्राओं की शिकायतों की जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बावजूद कार्रवाई न किए जाने पर कांग्रेस नेतृत्व से जवाब मांगा।

नंदीग्राम में ऐतिहासिक परिणाम: इरानी ने कहा कि आज भीड़तंत्र को लोकतंत्र ने जवाब दिया है। उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की जीत का समाचार हम सबको हर्षित कर रहा है। पुडुचेरी में एनडीए के प्रतिनिधि की जीत पर भाजपा के कार्यकर्ता उनका अभिनंदन करते हैं।

कांग्रेस देश की संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ: भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि इन सभी राज्यों के मतदाताओं के प्रति भाजपा के कार्यकर्ता आभार व्यक्त करते हैं। मैं पुनः कहती हूं कि आज एक बार फिर लोकतंत्र ने भीड़तंत्र को जवाब दिया है। यह बात इसलिए कह रही हूं, क्योंकि 15 जनवरी 2025 को कांग्रेस के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने खुले मंच से कहा था कि उनकी लड़ाई भाजपा के खिलाफ नहीं, बल्कि इंडियन स्टेट के खिलाफ है। इंडियन स्टेट का अर्थ है हमारी संवैधानिक व्यवस्थाएं, जो लोकतंत्र की स्थापना, संरक्षण और समृद्धि में योगदान देती हैं। यह अपने आप में चर्चा का विषय होना चाहिए कि कांग्रेस के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष 15 जनवरी 2025 को आप सबके माध्यम से इंडियन स्टेट पर हमला करने की बात कैसे कह पाए। भारत के राजनीतिक इतिहास में कभी किसी राजनीतिक दल के नेता ने भारत और भारतीयों पर हमला करने की घोषणा नहीं की, जैसा कांग्रेस के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया। तब से लेकर अब तक वह बार-बार हमारी संवैधानिक संस्थाओं पर आक्रमण करके अपने इस बयान को प्रमाणित कर रहे हैं।

जेएनयू में कार्यरत कांग्रेस सांसद के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं?: इरानी ने कहा कि कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष ने हाल ही में 'स्मैशिंग द पैट्रियार्की' यानी पितृसत्तात्मक व्यवस्था को तोड़ने की बात कही। लेकिन उनकी यह बात कितनी खोखली है, यह देश की राजधानी की एक यूनिवर्सिटी में कार्यरत कांग्रेस के ही सांसद के कृत्यों से समझा जा सकता है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में कार्यरत कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजाम पर छात्राओं ने आरोप लगाया कि वह मार्क्स के संदर्भ में उनका शोषण करने का प्रयास कर रहे थे। कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष बार-बार 'स्मैशिंग द पैट्रियार्की' की बात करते हैं। लेकिन जब से यह मामला उजागर हुआ है, तब से अब तक उन्होंने अपने सांसद के खिलाफ क्या कोई कार्रवाई की? आज समाचारों से पता चला है कि एक आंतरिक शिकायत समिति ने इस मामले में जांच की, जिसमें कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजाम के खिलाफ लगाए गए आरोपों की पुष्टि हुई।

मौके पर रजिस्ट्रेशन, यूपीआई से भुगतान

बिहार में श्रमिकों के लिए लगाए जाएंगे विशेष शिविर

एजेंसी ⏭ पटना

राज्य के सभी जिलों में विशेष शिविर लगाकर श्रमिकों का निबंधन होगा। इसके लिए श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव के. सेंथिल कुमार ने शुक्रवार को राज्यस्तरीय बैठक में सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर विशेष पंजीयन शिविर का आयोजन करें और उसके बारे में प्रचार-प्रसार भी करें। अधिक से अधिक श्रमिकों का निबंधन सुनिश्चित करें।

शिविरों में जिला स्तर के ऑपरेटरों को भी तैनात करें, ताकि श्रमिकों का तत्काल पंजीयन हो सके और उन्हें योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में अनावश्यक परेशानी न हो। अपर मुख्य सचिव ने शिविरों



के आयोजन की जानकारी विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने का भी निर्देश दिया। बैठक में श्रमिकों को भुगतान की सुविधा आसान बनाने के लिए कैश और कार्ड के साथ यूपीआई से भुगतान की व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि बाल श्रम में लगे बच्चों को विमुक्त कराने और उनके पुनर्वास पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा बाल श्रम मुक्त पंचायत घोषित करें। इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करें।

57 रेलकर्मियों ने किया नैमिषारण्य धाम का भ्रमण

धार्मिक स्थलों के दर्शन से कर्मियों को मिलेगी सकारात्मक ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनऊ

पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से कर्मचारी कल्याण के तहत मैलानी परिक्षेत्र के 57 रेल कर्मचारियों के लिए नैमिषारण्य धाम भ्रमण शिविर का आयोजन किया गया। कर्मचारी कल्याण निधि के माध्यम से आयोजित इस शिविर में रेलकर्मियों ने नैमिषारण्य तीर्थस्थल और आसपास के प्रमुख धार्मिक एवं पौराणिक स्थलों के दर्शन किए।

वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता के दिशा-निर्देशन में आयोजित भ्रमण के दौरान कर्मचारियों ने ललिता देवी मंदिर, हनुमान गढ़ी मंदिर, चक्रतीर्थ, बालाजी मंदिर, विष्णु मंदिर और वेद व्यास पीठ सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया। मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के



भ्रमण शिविरों का उद्देश्य कर्मचारियों को धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थलों से परिचित कराने के साथ उनके मानसिक तनाव को कम करना है। इससे कर्मचारियों के बीच सामाजिक जुड़ाव बढ़ाने और कार्य के प्रति उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा को प्रोत्साहित करने में भी मदद मिलती है।



दुनियाभर में दृश्यम 3 का दबदबा 350 करोड़ पार हुई कमाई

मुंबई। अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3' ने बॉक्स ऑफिस पर एक हफ्ता पूरा कर लिया है। इसके बावजूद यह फिल्म अच्छी कमाई कर रही है। अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3' ने बॉक्स ऑफिस पर धुंआधार शुरुआत की थी। अब फिल्म को रिलीज हुए एक हफ्ता हो गया है। इतने दिनों बाद भी फिल्म का जलवा बरकरार है। सातवें दिन फिल्म ने 13 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 245.50 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, फिल्म का टोटल ग्रॉस कलेक्शन 294.60 करोड़ रुपए हो गया है। दुनियाभर में इस फिल्म ने 383.60 करोड़ रुपएका कलेक्शन किया है। 'दृश्यम 3' के सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद 'हनुमान अंश' की कमाई में भारी गिरावट देखने को मिली है। 'हनुमान अंश' को रिलीज हुए 2 महीने से भी ज्यादा का समय हो चुका है। शायद यही वजह है कि इसकी कमाई अब काफी घट गई है। फिल्म अब लाखों में कमाई कर रही है।

लाइफ Style

कटरीना

खुद को स्वीकार करने से आता है आत्मविश्वास

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कटरीना कैफ ने प्रेग्नेंसी के बाद बढ़े वजन को लेकर निशाना बनाए जाने के बाद सोशल मीडिया के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि अगर आप लोगों की बातों पर ज्यादा ध्यान देते हैं तो क्या नुकसान हो सकता है। अभिनेत्री कटरीना कैफ ने हाल ही में सोशल मीडिया पर मिलने वाली प्रतिक्रिया से अपने आपको बचाने के बारे में बात की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आत्मविश्वास खुद को स्वीकार करने से आता है, न कि हर किसी को खुश करने की कोशिश करने से।

अभिनेत्री ने बताया कि कैसे आलोचना पर ज्यादा ध्यान देने से आप जिंदगी में आगे बढ़ने से रुक सकते हैं। यूके में अपने कॉस्मेटिक ब्रांड की पहली सालगिरह के मौके पर हुए एक इवेंट के दौरान, कटरीना ने कहा 'हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सोशल मीडिया पर चल रही बातें हमारे आत्म-मूल्य को प्रभावित न करें। वहां बहुत सारी राय होती हैं। अगर आप उन सभी के अनुसार चलने लगते हैं, तो आप खुद फैसले नहीं ले पाएंगे।' अभिनेत्री ने कहा कि दूसरों की बातों पर प्रतिक्रिया देने से व्यक्ति को आगे बढ़ने में दिक्कत हो सकती है। उन्होंने कहा, 'ऐसे समय भी होते हैं जब दुनिया आपकी तारीफ करती है, दूसरे समय में आपको वास्तव में खुद का सबसे बड़ा चीयरलीडर बनना पड़ता है।' कटरीना ने जिंदगी के कई चरणों को स्वीकार करने के सलाह दी। उन्होंने माना कि आत्मविश्वास और खुद के बारे में सोच हमेशा एक जैसी नहीं रहती। कई बार लोग खुद को सबसे अच्छा महसूस करते हैं, जबकि दूसरे समय में, उन्हें खुद के बारे में अच्छा महसूस करने में संघर्ष करना पड़ सकता है। अभिनेत्री ने यह बातें उस मामले के बाद कहीं, जब वह हाल ही में अंबानी परिवार के गणेश चतुर्थी सेलिब्रेशन में पति विक्की कौशल के साथ नजर आईं थीं। उनका एक वीडियो वायरल हुआ था।



हॉलीवुड मसाला



मार्वल ने जारी किया नई सीरीज का लोगो

लॉस एंजिल्स। मार्वल ने 'जोडियाक' नाम की एक नई लाइव-एक्शन सीरीज का ऐलान किया है। इसे 2028 में डिज्नी प्लसपर दिखाया जाएगा। इसका प्रोडक्शन 2027 में लंदन में शुरू होना है। कास्टिंग कुछ हफ्तों में शुरू होने की उम्मीद है। मार्वल ने कहानी और कलाकारों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। मार्वल टेलीविजन और मार्वल एनिमेशन के न्यूयॉर्क कॉमिक कॉन पैनल ने कन्फर्म किया कि 'जोडियाक' एक स्पाई थ्रिलर होगी। मेकर्स ने इसे एक नई ग्लोबल जासूसी सीरीज बताया है। उन्होंने दर्शकों को बताया, 'जो लोग कॉमिक्स के बारे में जानते हैं, अगर वे इस टाइटल डिजाइन को ध्यान से देखें, तो उन्हें कुछ सुराग मिलेंगे कि हम किस दिशा में जा रहे हैं।' मार्वल टेलीविजन के चीफ ब्रैड विंडरबाम बताया कि प्रोडक्शन 2027 में लंदन में होगा।



सबसे ज्यादा फिल्में करने का रिकॉर्ड टॉम के नाम

लॉस एंजिल्स। सबसे ज्यादा फिल्में करने के रिकॉर्ड्स पर आंकड़े कई तरह के हैं। कोई कुछ कहता है तो कोई कुछ। लेकिन, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और फिल्म फैक्ट्स की मानें तो सबसे ज्यादा फिल्में करने का रिकॉर्ड हॉलीवुड एक्टर टॉम लंदन के नाम है। उन्होंने अपने करियर में कुल 2000 से ज्यादा फिल्में की हैं। इसकी शुरुआत साल 1903 की लघु फिल्म द ग्रेट ट्रेन रॉबरी से हुई थी। वहीं, दूसरी तरफ वे बी-वेस्टर्न फिल्मों में ज्यादा नजर आए। ये 1930-50 के दशक में ऐसी फिल्में होती थीं, जो कम बजट में बनती थी और छोटी होती थीं। टॉम ने ऐसी कई सारी फिल्में कीं। वहीं, वे सहायक और विलेन की भूमिकाओं में ज्यादा नजर आए। एरिक रॉबर्ट्स की बात करें तो उनका नाम इस लिस्ट में चौथे नंबर पर आता है। एरिक ने कई फिल्मों में काम किया है और वे अभी भी सिनेमा की दुनिया में सक्रिय हैं। उन्होंने 1978 में किंग ऑफ द जिप्सीज से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। वहीं, इसके बाद से वे बेस्ट ऑफ द बेस्ट, द डार्क नाइट, द स्पेशलिस्ट, स्टार 80, द एक्सपेंडेबल्स, द एंबुलेंस, द परफेक्ट समर और स्टैंड योर ग्राउंड जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं।



इश्क, दर्द और एक्शन से भरपूर है गुरमीत-ईशा की फिल्म

मुंबई। गुरमीत चौधरी जल्द ही फिल्म 'तुम मेरे हो' में ईशा मालवीय के साथ नजर आएंगे। आशीष पांडा द्वारा निर्देशित इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने शुक्रवार को जारी कर दिया है। फिल्म का निर्देशन आशीष पांडा ने किया है। फिल्म 'तुम मेरे हो' 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'तुम मेरे हो' के साथ एक्ट्रेस ईशा बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। वहीं, गुरमीत इस फिल्म के जरिए पहली बार बतौर निर्माता भी अपनी नई पारी शुरू कर रहे हैं। दोनों एक्टर्स फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। इससे पहले गुरमीत और ईशा कई टीवी शोज का हिस्सा रह चुके हैं। फिल्म के ट्रेलर में रोमांस, इमोशन और एक्शन की झलक देखने को मिल रही है। ट्रेलर की शुरुआत में खूबसूरत लव स्टोरी शुरू होती दिखती है, लेकन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है। उसके बाद कई मोड़ देखने को मिलते हैं, जिसमें हार्ट-ब्रेक और एक्शन से भरे सीन्स नजर आते हैं।



सिरकटा के बाद नए भूत से होगा 'विक्की' का सामना!

मुंबई। सितारों के साथ चलने वाली लंबी-चौड़ी टीम को लेकर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। हालांकि, कुछ कलाकार हैं जो अपनी टीम का खर्च निर्माताओं पर नहीं थोपते हैं। उनमें अभिनेता राजकुमार राव भी हैं। उनके साथ केवल चार लोग ही होते हैं, वह खुद निर्माता भी हैं तो खुद को निर्माता का एक्टर भी मानते हैं। अपनी फ्रेंचाइज फिल्म स्त्री 3 को लेकर राजकुमार ने कहा कि बिल्कुल वह आ रही है। अगले साल शूट शुरू करने की योजना है। कहानी पर काम चल रहा है। ऐसा नहीं है कि लाने के लिए बस फिल्म लेकर आ रहे हैं। राजकुमार राव कहते हैं, मुझे कभी अपनी टीम छोटी करनी ही नहीं पड़ी। मेरे साथ चार लोग ही रहते हैं, जिनमें मेकअप और हेयर के लिए दो लोग, एक असिस्टेंट और एक सिक्योरिटी से होते हैं। पांच साल से यही है। मुझे लगता है कि कलाकार को निर्माता का एक्टर होना चाहिए। किसी चीज को लेकर जबरदस्ती नहीं करनी चाहिए।

टीवी मसाला



नाना को याद कर भावुक हुए अमिताभ साझा किया केबीसी का वीडियो

नई दिल्ली। नाना पाटेकर के निधन पर सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने दुख का इजहार किया है। उन्होंने उनके साहस की तारीफ की है। इसके अलावा उन्होंने उनके कामों के बारे में बताया है। अमिताभ ने भारतीय सिनेमा और समाज में उनके बेमिसाल योगदान को याद किया है। अमिताभ बच्चन ने एक ट्वीट शेयर किया है। इसमें उन्होंने 'कौन बनेगा करोड़पति' का वीडियो शेयर किया है। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा 'स्तब्ध! हर दूरे दिन उनका और हमारा संपर्क मैसेज द्वारा रहता था। आज उनका मैसेज नहीं आया!' इस वीडियो में बोलते हुए, अमिताभ बच्चन ने पाटेकर को एक असाधारण कलाकार, दोस्त, शुभचिंतक और बेहतरीन समाज सेवक बताया, जिन्होंने उन्हें जानने वाले हर व्यक्ति पर गहरा प्रभाव डाला। उन्होंने कहा, 'उनकी बेबाकी, सादगी और सच बोलने की हिम्मत उन्हें दूसरों से अलग बनाती थी। कुछ लोग हमारी जिंदगी से चले जाते हैं, मगर उनकी आवाज, समाज सेवा और उन्होंने जो सीख दी, वह हमारे भीतर बनी रहती है।' नाना के साथ बिताए पलों को याद करते हुए, बच्चन ने पाटेकर के समर्पित समाज सेवा कार्यों, खासकर महाराष्ट्र के सूखा प्रभावित गांवों में किसानों से से जुड़ने और उनकी मदद करने के काम का जिक्र किया। बच्चन ने आगे कहा, 'उनकी बातों ने न केवल हमें प्रभावित किया, बल्कि उन्होंने जो पैसा कमाया, उसे नेक कामों में लगाया, जो समाज सेवा की उनकी झलक है।' नाना पाटेकर हाल ही में फिल्म 'वनवास' के प्रमोशन के लिए केबीसी के सेट पर पहुंचे थे। उनके साथ फिल्म के दूसरे कलाकार भी थे।

ओटीटी पर धमाका करने आ रही नई सीरीज

नई दिल्ली। चार यारों के साथ अब ओटीटी पर मस्ती दोगुनी होने वाली है। हाल ही में एक नई सीरीज की अनाउंसमेंट हुई है, जो कॉमेडी और उथल-पुथल से भरी होगी। इसमें एक्टर और यूट्यूबर पुरव झा भी मुख्य भूमिका में हैं। यह सीरीज 'चार यार' है। विनय वाइकुल ने सीरीज को डायरेक्ट किया है, जबकि संबित मिश्रा और सौरभ सावंत ने इसे लिखा है। शुक्रवार को सीरीज का ऐलान किया गया है। 'चार यार' का पहला पोस्टर आउट हो गया है। यह 8 एपिसोड की सीरीज 23 अक्टूबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। प्राइम वीडियो पर आ रही 'चार यार' सीरीज में पूरव झा, नमन जैन, साकिब अय्यूब और प्रयाक मेहता लीड रोल्स में हैं, वहीं सई ताम्हणकर, सिकंदर खेर, दिब्येंदु भट्टाचार्य, राजेश तैलंग, चंकी पांडे और भगवती पेरुमल भी अहम भूमिकाओं में हैं। सीरीज की कहानी चार दोस्तों के इर्द गिर्द घूमती है, जो 2000 के शुरुआती वक्त पर सेट है।



अपनी 'गर्ल गैंग' संग वेकेशन पर निकलीं आलिया, शेयर की खूबसूरत तस्वीरें

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों अपने काम से ब्रेक लेकर खास दोस्तों के साथ एक शानदार वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। हाल ही में आलिया ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से इस वेकेशन की कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में आलिया अपनी गर्ल-गैंग के साथ मस्ती भरे अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। कहीं वो दोस्तों के साथ कार में हंसते-खिलखिलाते सेल्फी ले रही हैं, तो कहीं किसी खूबसूरत लोकेशन पर रेड ड्रेस में अपना एलिगेंट लुक फ्लॉन्ट करती दिखीं। तस्वीरों में उनकी दोस्तों के साथ खास बॉन्डिंग और वेकेशन वाइब साफतौर पर दिख रही है। तस्वीरों से भी ज्यादा चर्चा आलिया के दिए कैप्शन की हो रही है। उन्होंने अपनी इस पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- जी ले जरा कैप्शन में लिखे इस फ्रेज को देखते ही फैन्स और नेटिजन्स काफी एक्साइटेड हो गए हैं।



दोस्तों के साथ 'जी ले जरा'

दरअसल, फरहान अख्तर की फिल्म 'जी ले जरा' में आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा और कैटरीना कैफ के एक साथ दिखने की खबरें थीं। ऐसे में आलिया का दोस्तों के साथ 'गर्ल्स ट्रिप' की तस्वीरों पर यह कैप्शन देना फैन्स के बीच एक्साइटमेंट लेवल को बढ़ा रहा है। सोशल मीडिया पर आलिया की ये तस्वीरें आते ही वायरल हो गई हैं और उनके फैन्स कमेंट सेक्शन में उनके लुक और उनकी गर्लगैंग की बॉन्डिंग की जमकर तारीफ कर रहे हैं। हालांकि, यहां न तो रणबीर कपूर नजर आए और न ही उनकी बेटी राहा।

कैकेयी और मंथरा की झलक आई सामने, लारा-शीबा के चेहरे पर दिखा दंभ

नई दिल्ली। रामायण के मेकर्स नमित मल्होत्रा ने फिल्म से रानी कैकेयी के रूप में लारा दत्ता, और मंथरा के रूप में शीबा चड्ढा के कैरेक्टर पोस्टर्स से पर्दा उठा दिया है। यह पोस्टर महाकाव्य के दो अहम किरदारों को सामने लाते हुए उन घटनाओं की तरफ इशारा करता है कि कैसे ये भगवान राम का भाग्य हमेशा के लिए बदल देंगी। रामायण के मेकर्स ने फिल्म के दो बेहद अहम किरदारों के दो नए कैरेक्टर पोस्टर्स को रिलीज कर दिया है। बता दें कि यह रानी कैकेयी के रूप में लारा दत्ता और मंथरा के रूप में शीबा चड्ढा के कैरेक्टर पोस्टर्स हैं, जिसमें दर्शक इस महाकाव्य के दो बहुत ही खास किरदारों से रूबरू हो पा रहे हैं। पोस्टर्स ने कहानी के टर्निंग प्वाइंट की ओर इशारा किया है। रानी कैकेयी की दो इच्छाएं जो राजा दशरथ और उनके बेटे भगवान राम के लिए सब कुछ बदल देती हैं, वहीं रानी के इस कदम के पीछे मौजूद मंथरा की बातें होती हैं, जो ऐसी घटनाओं का सिलसिला शुरू करती है, जिससे पूरे राज्य का भविष्य बदल जाता है। यह दोनों नए पोस्टर्स अरुण गोविल के राजा दशरथ के रूप में जारी किए गए पोस्टर के बाद सामने आए हैं।



शानदार पारंपरिक पोशाक

अरुण गोविल जिन्होंने कई पीढ़ियों के दिलों में भगवान राम के रूप में टीवी पर अपनी पहचान बनाई, वह अब अयोध्या के राजा दशरथ के रूप में रामायम की दुनिया के जरिए लौट रहे हैं। पोस्टर में शाही अंदाज में लारा दत्ता के कैकेयी अवतार को पेश किया गया है, जिसमें शानदार पारंपरिक पोशाक और गहनों में वह अयोध्या की रानी के तौर पर नजर आ रही हैं। वहीं, शीबा चड्ढा का मंथरा के किरदार में लुक बेहद अलग है, जिसमें वे अपने हाथों में अपनी कुछ चीजें पकड़ी हुईं नजर आ रही हैं। मेकर्स ने पोस्टर्स को शेयर करते हुए लिखा, 'एक रानी। एक मां। पिता के प्यार को धोखा देने वाली दो इच्छाएं, जो राम के भाग्य को हमेशा के लिए बदल देंगी। एक भरोसेमंद साथी। एक शातिर दिमाग, जिसकी फुसफुसाहट एक मां के प्यार को पूरे राज्य के सबसे काले दौर में बदल देगी।

हॉरर-कॉमेडी, बायोपिक, क्राइम थ्रिलर और रोमांटिक कॉमेडी देखने को मिलेंगी

जिंदगी का सफर थमा, मगर पर्दे पर आने बाकी हैं नाना के पांच किरदार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर ने दुनिया से अलविदा कह दिया, लेकिन जाने के बाद भी वह अपने अभिनय का जादू दिखाएंगे। दरअसल, नाना की पांच फिल्में रिलीज होना अभी बाकी है। इन फिल्मों में हॉरर-कॉमेडी, बायोपिक, क्राइम थ्रिलर और रोमांटिक कॉमेडी जैसी अलग-अलग कहानियां दर्शकों को देखने को मिलेंगी।

शक्ति शालिनी

नाना पाटेकर की आने वाली फिल्मों में 'शक्ति शालिनी' को उनकी आखिरी बड़ी पर्दे की फिल्म माना जा रहा है। आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बन रही यह फिल्म मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। फिल्म में मैडॉक फिल्म्स और विशाल जेठवा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी शक्ति नाम की एक आम महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो शालिनी नाम की बदला लेने वाली आत्मा की रक्षक बन जाती है। नाना के किरदार के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में उनके किरदार को एक तांत्रिक बताया गया है। फिल्म पहले 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज की तारीख में बदलाव हो सकता है।



वेदांता

नाना पाटेकर की पांचवीं आने वाली फिल्म 'वेदांता' है। राजेश्वर पांडे राज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में नाना के साथ विक्रांत मैसी, संदीप धर और मुकेश तिवारी भी नजर आएंगे। फिल्म की कहानी, नाना के किरदार और इसकी रिलीज की तारीख के बारे में फिलहाल ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है। उनकी बाकी आने वाली फिल्मों के मुकाबले इस प्रोजेक्ट के बारे में अब तक कम जानकारी सामने आई है।

ईठा

लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बन रही 'ईठा' महाराष्ट्र की मशहूर लोक कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर के जीवन से प्रेरित है। विठाबाई तमाशा और लावणी जैसी लोक कलाओं से जुड़ी एक प्रसिद्ध कलाकार थीं। फिल्म में श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका निभा रही हैं। उनके साथ रणदीप हुड्डा, अनंत जोशी और नाना पाटेकर भी नजर आएंगे। फिल्म 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

द कन्फेशन ऑफ मैरी

'द कन्फेशन ऑफ मैरी' एक क्राइम ड्रामा फिल्म है, जिसमें नाना फादर बेनेडिक्ट नाम के एक कैथोलिक पादरी का किरदार निभा रहे हैं। उन पर एक महिला की हत्या का आरोप लगता है। फिल्म का निर्देशन अनंत नारायण महादेवन ने किया है। यह फिल्म केरल में 1966 में हुए मदथारुवी हत्याकांड से प्रेरित है। इस मामले में मरियाकुट्टी नाम की महिला की हत्या हुई थी और एक पादरी पर आरोप लगे थे। फिल्म में नाना पाटेकर के अलावा आदिल हुसैन, आशीष विद्यार्थी, गौतम रोड़े और नेहा महाजन समेत कई कलाकार नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीनिंग के लिए चुना गया था। फिल्म के सह-निर्माता सुभाष काले ने यह भी बताया था कि नाना ने अपनी मौत से कुछ समय पहले एक लाइन की डबिंग करने के लिए मुंबई लौटने वाले थे।

कुकू की कुंडली

नाना पाटेकर की आने वाली फिल्मों में रोमांटिक कॉमेडी 'कुकू की कुंडली' भी शामिल है। शरण शर्मा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में भुवन बाम और वामिका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में हैं। नाना पाटेकर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की कहानी एक ऐसे रिश्ते पर आधारित है, जिसमें कुंडली की वजह से परेशानियां खड़ी हो जाती हैं। कुंडली को लेकर पैदा हुए मतभेदों का असर कपल और उनके परिवारों पर पड़ता है।

6 अधिकारियों के विरुद्ध डीई के चलते लिफाफा बंद रखने का लिया निर्णय

पीडब्ल्यूडी में 15 पदों पर प्रमोशन देने हुई डीपीसी मस्के, खांडे, वर्मा और बघेल का प्रमोशन अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोक निर्माण विभाग में अधीक्षण यंत्री से चीफ इंजीनियर के पद पर प्रमोशन देने हुई सीएस की अध्यक्षता में डीपीसी में 6 अधिकारियों के विरुद्ध डीई के चलते लिफाफा बंद रखने का निर्णय लिया गया। जबकि अन्य 15 अधिकारियों के नाम पर सहमति बन गई। जिनके नाम अटक गए हैं, उनमें अधीक्षण यंत्री संजय मस्के, संजय खांडे, जीपी वर्मा, सीपी वर्मा, जिले सिंह बघेल तथा एसएल सूर्यवंशी का नाम शामिल हैं। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई पीडब्ल्यूडी विभाग की विभागीय प्रमोशन समिति (डीपीसी) की बैठक में विभागीय जांच के चलते 6 अधीक्षण यंत्रियों के नामों पर सहमति नहीं बनी



फाइल फोटो।

है। इनके विरुद्ध डीई के चलते लिफाफा बंद करने का निर्णय लिया गया। इनमें सबसे पावरफुल अधिकारी संजय मस्के, एसएल सूर्यवंशी के अलावा संजय खांडे, जीपी वर्मा, सीपी वर्मा, जिले सिंह बघेल का नाम है।

इनमें से ईएनसी भी बनेंगे अधिकारी

वर्तमान में ईएनसी के पद पर अधीक्षण यंत्रियों को प्रभारी ईएनसी बना रखा है, इनमें आरएल वर्मा, शालिगराम बघेल, केपीएस राणा का नाम है, जबकि योजना आयोग में सलाहकार के पद पर भी अधीक्षण यंत्री एसएल सूर्यवंशी, सचिव के पद पर अधीक्षण यंत्री एआर सिंह को उपसचिव बना रखा है। वैसे विभाग में ईएनसी के 5 पद स्वीकृत हैं। अब चीफ इंजीनियर के प्रमोशन आदेश जारी होने के बाद ईएनसी के पदों पर डीपीसी की जाएगी, इसके लिए जीएडी को नियमों को शिथिल करना होगा, उसके बाद ही डीपीसी हो सकेगी। इस डीपीसी के आदेश जारी होने के बाद ईएनसी के छह पद के लिए फिर से बैठक के बाद निर्णय होगा।

विभाग में चीफ इंजीनियर के 23 पद खाली

वैसे विभाग में चीफ इंजीनियर के 23 पद खाली है। लेकिन जिन 15 पदों के लिए डीपीसी में अधिकारियों के नाम पर सहमति बन गई है, उनमें पीआईयू के संचालक शालिगराम बघेल, आरडीसी में प्रभारी ईएनसी केपीएस राणा, मंत्रालय में पदस्थ उप सचिव एआर सिंह, प्रभारी ईएनसी रामलाल वर्मा, व्हीके आरख, योगेंद्र सिंह बागोल, ब्रिज सीई गोपाल सिंह, राजधानी परिक्षेत्र के सीई एससी वर्मा, सुरेंद्र राव गोरखडे, आनंद प्रकाश राणे, बीपी बोरासी, राजेश कागरा, भगवान सिंह मीणा, चंद्रपाल सिंह तथा केशव सिंह यादव का नाम शामिल हैं। वर्ष 2025 की ग्रेडेशन सूची में 24 अधीक्षण यंत्रियों में से रूप सिंह भील, छक्कन सिंह खरत तथा गणेश प्रसाद वर्मा रिटायर्ड हो चुके हैं। डीपीसी में प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस मामले में प्रमोशन आदेश सीएस की सहमति के बाद जारी होंगे।

बैठक सामुदायिक भवनों का किया लोकार्पण

जनसंवाद-जनभागीदारी ही सर्वांगीण विकास की मजबूत आधारशिला : खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने गुरुवार को बैतूल में मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम के तहत पांच क्लस्टरों सोहागपुर, बारहवीं, गोराखार, बाघोली एवं बैतूल बाजार की बैठकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होने 42 लाख की लागत से बने तीन सामुदायिक भवनों का लोकार्पण कर बैतूल बाजार में आम नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि जनसंवाद और जनभागीदारी ही क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की मजबूत आधारशिला है।

जनसंवाद से विकास को नई दिशा मिल रही है। विकास कार्यों में जनता की भागीदारी जरूरी है। विकास केवल सड़क, नाली और भवन बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका वास्तविक उद्देश्य नागरिकों के जीवन को सुविधाजनक और बेहतर बनाना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खण्डेलवाल ने मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम में गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों और नगरीय क्षेत्रों में शहरवासियों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना।



पांच क्लस्टरों में 33 गांवों के ग्रामीणों से सीधा संवाद

खण्डेलवाल ने मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम के तहत सोहागपुर क्लस्टर में जैतापुर, आरुल, बुंडाला, बंजारढाना, जुनावानी, नाहिया, साईंखंडारा, खापा, मिलानपुर और रोंधा सहित गांवों के ग्रामीणों से संवाद किया। बारहवीं क्लस्टर में बारहवीं, गुढ़ी, अर्जुनवाड़ी, रेढ़वा, घोघरी, डोडरामोहाड़, जावरा, थावड़ी, सुनारखापा और नागझिरी क्षेत्र के नागरिक शामिल हुए। इसके अतिरिक्त अन्य ग्रामीणों से संवाद किया। इसके साथ ही 42 लाख रुपए की लागत से सोहागपुर, गोराखार और बाघोली में निर्मित तीन सामुदायिक भवनों का लोकार्पण भी किया।

ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, निराकरण के निर्देश

खण्डेलवाल ने पांचों क्लस्टर बैठकों में ग्रामीणों की सड़क, नाली, स्वच्छता, विद्युत, पेयजल, सिंचाई सहित विभिन्न नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों के सुझावों पर सकारात्मक विचार कर कार्यरूप में परिणित करने का आश्वासन दिया।

मध्यप्रदेश में नए निवेश और विस्तार के लिए आमंत्रित करते हुए दिया आश्वासन

निवेशकों को इकाइयां लगाने में पूरा सहयोग करेगी मध्यप्रदेश सरकार: सीएम डॉ. यादव

प्रमुख औद्योगिक प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री ने की निवेश प्रस्तावों पर चर्चा

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की केंद्रीय भौगोलिक स्थिति, औद्योगिक भूमि की उपलब्धता, विकसित हो रही अधोसंरचना और कुशल कार्यबल उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। सरकार का प्रयास है कि निवेशकों को भूमि, बिजली, पानी, सड़क, ऊर्जा और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध हों। निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने उद्योग जगत को मध्यप्रदेश में नए निवेश और विस्तार के लिए आमंत्रित करते हुए आश्वस्त किया कि उन्हें इकाइयां लगाने में पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा। डॉ यादव ने मुंबई में आयोजित 'मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर संवाद' कार्यक्रम अंतर्गत आरपीजी, वेलस्पन, आईनॉक्स, भिलोसा, इप्का और सन फार्मा के प्रमुखों से वन-टू-वन चर्चा की। बैठकों में विभिन्न क्षेत्रों की निवेश योजनाओं, संभावित स्थलों, परियोजनाओं के क्रियान्वयन, औद्योगिक सुविधाओं और आवश्यक प्रोत्साहनों पर विचार-विमर्श हुआ।


मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में उद्योगपतियों से चर्चारत मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

आरपीजी समूह ने ट्रांसमिशन, टायर में दर्शाई रुचि

मुख्यमंत्री डॉ यादव से आरपीजी समूह के अध्यक्ष हर्ष गोयनका की मुलाकात में विद्युत पारेषण, टायर निर्माण और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। गोयनका ने जबलपुर में विद्युत पारेषण क्षेत्र में निवेश करने की इच्छा व्यक्त की। टायर निर्माण इकाई के लिए रतलाम, सागर और जबलपुर संभावित स्थलों के रूप में चर्चा में आए। उज्जैन के आईटी बिल्ट-अप पार्क की प्लग-एंड-प्ले सुविधाओं के उपयोग तथा संभावित निवेश स्थलों का दौरा कर व्यावसायिक संभावनाओं का आंकलन करने पर भी संवाद हुआ। समूह की प्रमुख कंपनियों में केईसी इंटरनेशनल, सिएट और जेनसार टेक्नोलॉजीज शामिल हैं।

वेलस्पन समूह टेक्निकल टेक्सटाइल पार्क में संभावनाएं तलाशेगा

वेलस्पन एंटरप्राइजेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संदीप गर्ग से चर्चा में पाइप निर्माण, टेक्निकल टेक्सटाइल और अधोसंरचनात्मक क्षेत्र की निवेश योजनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। समूह ने मिल की भूमि पर टेक्निकल टेक्सटाइल पार्क विकसित करने में निवेश तथा प्रस्तावित पार्क में एंकर यूनिट स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की। बैठक में वेलस्पन कॉर्प के एमएस लाइन पाइप क्षेत्र में 150 करोड़ रूपए के निवेश और सिंटेक्स के 700 करोड़ रूपए के प्रगतिरत निवेश पर भी चर्चा हुई।

7,500 करोड़ के निवेश की प्रस्तुत की योजना

प्रबंध निदेशक भिलोसा इंडस्ट्रीज संदीप जैन ने पीएम मित्र पार्क, धार को केंद्र में रखते हुए मध्यप्रदेश में चरणबद्ध रूप से कुल 7,500 करोड़ के निवेश और करीब 3,750 रोजगार के अवसरों की योजना प्रस्तुत की। कंपनी ने प्रारंभिक रूप से लगभग 2,500 करोड़ रूपए के पूंजीगत निवेश से कार्य शुरू करने तथा समग्र निवेश को चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ाने की जानकारी दी। धार–इंदौर क्षेत्र में पॉलिस्टर यार्न, फायबर, निटेड फैब्रिक और मैन-मेड फायबर आधारित नॉन-गारमेंट फैब्रिक के एकीकृत विनिर्माण तथा सूक्ष्म एवं लघु सहायक इकाइयों के विकास की संभावनाओं पर भी संवाद हुआ।

सेमीकंडक्टर - ग्रेड सिलेन गैस संयंत्र का प्रस्ताव

आईनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ जैन से औद्योगिक गैस एवं सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश पर चर्चा हुई। कंपनी के प्रस्ताव के अनुसार मध्यप्रदेश में 1,260 करोड़ रूपए के निवेश से देश का पहला अति-उच्च शुद्धता वाला सेमीकंडक्टर-ग्रेड सिलेन गैस संयंत्र स्थापित करने की योजना है। अप्रैल 2029 से उत्पादन प्रारंभ करना प्रस्तावित है। परियोजना से लगभग 350 करोड़ रूपये के आयात प्रतिस्थापन और 320 से अधिक स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।

इप्का के 1,080 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव

इप्का लैबोरेटरीज लिमिटेड प्रबंध निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी अजीत कुमार जैन से देवास और विक्रम उद्योगपुरी, उज्जैन में प्रस्तावित परियोजनाओं पर चर्चा हुई। कंपनी का देवास में लगभग 1,000 करोड़ रूपए और विक्रम उद्योगपुरी में लगभग 80 करोड़ रूपए के निवेश का प्रस्ताव है। दोनों परियोजनाओं से लगभग 1,500 रोजगार सृजन की संभावना है, जिनमें देवास से लगभग 1,000 और विक्रम उद्योगपुरी से लगभग 500 रोजगार शामिल हैं।

सन फार्मा की पीथमपुर परियोजना पर हुई विस्तृत चर्चा

सन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप सांघवी से पीथमपुर में लगभग 3,000 करोड़ रूपए की ग्रीनफील्ड परियोजना के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। परियोजना के अंतर्गत भारत, अमेरिका, यूरोप और अन्य बाजारों के लिए औषधि फॉर्मूलेशन की विनिर्माण सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे 1,750 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है, जिनमें लगभग 1,250 प्रत्यक्ष और 500 अप्रत्यक्ष रोजगार शामिल हैं।

फर्जी साइबर पुलिस बनकर अपहरण, झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 5 लाख मांगे

राजनांदगांव। राजनांदगांव में बीयर पिलाने के बहाने युवक को कार में बैठाकर सुनसान जगह ले जाने और फिर गांजा के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर 5 लाख रुपए मांगने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने खुद को साइबर पुलिस का कर्मचारी बताकर युवक की कार में 20 किलो गांजा मिलने की झूठी बात कही थी। बसंतपुर पुलिस ने एक आरोपी नवीन साहू (27) को गिरफ्तार किया है। वहीं, मुख्य आरोपी विक्की पवार समेत तीन आरोपी फरार हैं।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी विक्की पवार ने युवक को फोन कर बीयर लेकर भदौरिया चौक बुलाया था। युवक के वहां पहुंचने पर विक्की अपने साथी नवीन साहू के साथ काले रंग की फॉर्च्यूनर कार में आया। दोनों युवक को कार में बैठाकर अमोरा तालाब से श्मशान घाट के पास एक सुनसान जगह ले गए। वहां सभी बीयर पी रहे थे। इसी दौरान विक्की कुछ देर के लिए वहां से चला गया। बाइक से दो युवक पहुंचे। दोनों ने खुद को साइबर पुलिस का कर्मचारी बताया। आरोपियों ने कार की तलाशी लेने का नाटक किया और कहा कि उसमें 20 किलो गांजा मिला है।

संगठन विस्तार की तैयारियां तेज

पटेल पन्ना, गुना टीकमगढ़ बिसेन देखेंगे रीवा, जबलपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अपना दल (एस) ने मध्य प्रदेश में संगठन विस्तार की तैयारियां तेज कर दी हैं। संगठन प्रमुख और यूपी कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के निर्देशन पर राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी आर. बी. सिंह पटेल के मार्गदर्शन में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों तथा वरिष्ठ नेताओं को अलग-अलग जिलों का संगठन संयोजक बनाया गया है।

जारी कार्यक्रम के अनुसार आर. बी. सिंह पटेल को पन्ना, टीकमगढ़, ग्वालियर, गुना एवं विशेष भ्रमण के लिए बीना, राष्ट्रीय सचिव कालका सिंह निरंजन को छतरपुर एवं निवाड़ी, राष्ट्रीय सचिव सूर्यभान सिंह को सतना, वरिष्ठ नेता एवं राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम को महू (डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली) एवं धार, प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह बिसेन को रीवा, जबलपुर एवं बालाघाट तथा राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ अखिलेश पटेल को दतिया की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इन पदाधिकारियों को भी मिली जिलों की जिम्मेदारी

प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र प्रताप सिंह को रायसेन एवं विदिशा; प्रदेश उपाध्यक्ष अमृतलाल पटेल को सिंगरौली, सीधी एवं शहडोल की जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश गवांडे को अलीराजपुर, झाबुआ, बड़वानी एवं मंदसौर तथा विशेष भ्रमण के लिए नीमच, जबकि प्रदेश महासचिव एस. आर. नागले को हरदा एवं नर्मदापुरम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश महासचिव सीता शरण सिंह को मऊगंज एवं डिंडोरी, सुखेंद्र सिंह को मैहर एवं कटनी, राजेश कुमार पाल को उमरिया एवं अनूपपुर, विजय पटेल को नरसिंहपुर एवं सिवनी, रौशन पटेल को अशोक नगर एवं सागर का दायित्व दिया गया है। मनभरन कोल को छिंदवाड़ा, बृजभान सिंह को भोपाल ग्रामीण, नरेन्द्र सिंह को राजगढ़, भूपेन्द्र पटेल को दतिया की जिम्मेदारी दी गई है।

अक्टूबर में तैयार होगा जिलावार भ्रमण

पार्टी नेतृत्व की ओर से सभी सम्मानित पदाधिकारियों से कहा गया है कि वे अक्टूबर माह का अपना भ्रमण कार्यक्रम एवं शेड्यूल निर्धारित कर संबंधित जिलों का दौरा करें। भ्रमण के दौरान जिला अध्यक्षों के साथ तालमेल स्थापित करते हुए जिला इकाई एवं विधानसभा अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया में सहयोग करने तथा जहां जिला अध्यक्ष नियुक्त नहीं हुए हैं, वहां संभावित नाम प्रदेश नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। पार्टी का उद्देश्य इन संगठनात्मक दौरों के माध्यम से कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करना, जिला स्तर पर संगठन की कमियों को दूर करना और आगामी समय में अपना दल (एस) के संगठन को मध्य प्रदेश में और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाना है।

धर्म परिवर्तन के दबाव में लगाई थी फांसी

धमतरी। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में धर्म परिवर्तन के दबाव से परेशान होकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली थी। मामला साल 2024 का है। लिनेश साहू (30) का शव घर में फंदे पर लटका मिला था। पहले उसने वॉट्सऐप स्टेटस पर लिखा था कि वह पत्नी से परेशान है और ससुराल वाले उस पर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बना रहे हैं। लिनेश ने यह भी आरोप लगाया था कि शादी से पहले उससे यह बात छिपाई गई थी कि उसकी पत्नी ईसाई धर्म की है।

मप्र ट्रैवल मार्ट से प्रदेश के आतिथ्य को मिलेगी वैश्विक पहचान: बर्णवाल

मुख्य सचिव बर्णवाल और केंद्रीय पर्यटन सचिव कुमार ने किया 'मप्र ट्रैवल मार्ट' में एग्जिबिशन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल और केंद्रीय सचिव पर्यटन मंत्रालय भुवनेश कुमार ने कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर मे 'मप्र ट्रैवल मार्ट 2026' (सप्तम संस्करण) के दूसरे दिन एग्जिबिशन का शुभारंभ किया। मुख्य सचिव बर्णवाल ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन का निरंतर विकास हो रहा है और पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट में लगाई गई यह प्रदर्शनी टूर ऑपरेटर्स, होटल व्यवसायियों व होम-स्टे संचालकों जैसे स्टेकहोल्डर्स को व्यावसायिक गतिविधियों के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करेगी। मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने एग्जिबिशन का अवलोकन कर इंटरैक्टिव डिजिटल डिस्प्ले और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित डिजिटल पहल की भी जानकारी प्राप्त की।



पर्यटन ग्राम पंचवटी तैयार की गई

मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा संचालित ग्रामीण पर्यटन कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यटकों को अनूठे ग्रामीण जीवन का अनुभव कराया जा रहा है। इस जीवंत प्रदर्शनी स्थल पर आगंतुकों के लिए होम-स्टे का अनुभव, स्टारगेजिंग, बैलगाड़ी की सवारी, साइकलिंग, जनजातीय लोक नृत्य, पारंपरिक वाद्ययंत्रों की प्रस्तुतियाँ, तीर-कमान चलाने की कला, तथा विभिन्न हस्तकलाओं की प्रदर्शनी जैसी आकर्षक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

ट्रैवल-टूर ऑपरेटर्स हॉस्पिटेलियर्स से संवाद

मुख्य सचिव बर्णवाल ने प्रदर्शनी में विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन करते हुए देश-विदेश से आए ट्रैवल-टूर ऑपरेटर्स, होटल व्यवसायियों और होमस्टे संचालकों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने हितधारकों से उनके व्यावसायिक पैकेजेस, आगामी योजनाओं और मध्यप्रदेश में पर्यटन विस्तार की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कटघोरा वन मंडल में ग्रामीणों में दहशत का माहौल

स्कूल के हॉस्टल में घुसा 52 हाथियों का झुंड, पसान रेंज में बाउंड्रीवॉल तोड़ी, बगीचा उजाड़ा और धान की फसल रौंदी

हाथियों के आते ही बच्चों में मची चीख-पुकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कटघोरा वन मंडल में हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। गुरुवार देर रात पसान रेंज के तेलियामार गांव में करीब 52 हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। गांव से लगे दीपक स्कूल (मिशन स्कूल) के छात्रावास परिसर में हाथियों के घुसने से वहां रह रहे करीब 160 बच्चों में चीख-पुकार मच गई। बाउंड्रीवॉल तोड़कर परिसर में घुसे हाथियों ने बगीचे को तहस-नहस कर दिया।



बाउंड्रीवॉल तोड़कर हॉस्टल परिसर में घुसे हाथी

जानकारी के अनुसार, देर रात हाथियों का झुंड गांव के करीब पहुंचा। इसके बाद हाथियों ने स्कूल की बाउंड्रीवॉल तोड़ दी और छात्रावास परिसर में घुस गए। हाथियों की चिंघाड़ सुनकर हॉस्टल में रहने वाले बच्चे डर गए। पूरी रात बच्चे दहशत में रहे। गांव में भी हाथियों की आवाज सुनकर ग्रामीण घरों से बाहर निकल आए। अचानक झुंड के गांव के पास पहुंचने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

गांव के पास स्थित किसान का मकान किया क्षतिग्रस्त

हाथियों के झुंड ने गांव के पास स्थित एक किसान के मकान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा खेतों में तैयार धान की फसल को रौंद दिया। फसल बर्बाद होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। धान की फसल को बचाने के लिए शुक्रवार को ग्रामीण शोर मचाकर हाथियों को भगाने का प्रयास करते रहे।

तेलियामार और खोहरी के जंगल में 57 हाथी

वर्तमान में कटघोरा वन मंडल में कुल 57 हाथी विचरण कर रहे हैं। इनमें से 52 हाथियों का झुंड पसान रेंज के तेलियामार और खोहरी के जंगलों में घूम रहा है। वहीं झुंड से अलग हुआ एक दंतैल हाथी बनिया रेंज में है, जबकि जटगा रेंज में तीन हाथियों की मौजूदगी बताई गई है। हाथी आमतौर पर झुंड में रहने के दौरान गांवों के किनारे कम आते हैं, लेकिन धान की फसल पकने के कारण वे खेतों की ओर पहुंच रहे हैं। शाम होते ही हाथी अलग-अलग दिशाओं में चले जाते हैं।

आसपास के 10 गांवों में मुनादी, निगरानी बढ़ाई

हाथियों की आवाजाही और संभावित खतरे को देखते हुए वन विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। विभाग के अनुसार, आसपास के 10 गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया गया है। स्कूल परिसर में हाथियों के घुसने और फसल नुकसान की घटना के बाद ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है। वन विभाग की टीम हाथियों की गतिविधियों पर नजर रख रही है।

सरकार से मांगा जवाब, 11 को एग्जाम

आरक्षण में गड़बड़ी: हाईकोर्ट की शिक्षक भर्ती परीक्षा पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में शिक्षक और सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस कृष्णराम महापात्र की डिवीजन बेंच ने भर्ती विज्ञापन में दिव्यांगों के आरक्षण में गड़बड़ी के आरोप पर यह आदेश दिया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि पूरी तरह दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ देने की व्यवस्था नहीं की गई। इससे वे भर्ती में शामिल होने के अवसर से वंचित हो गए। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

बता दें कि कुल 2,292 पदों पर भर्ती की जानी है। इन पदों को 2 संवर्गों में बांटा गया है। ई-संवर्ग में 795 पद हैं, जबकि टी-संवर्ग में 1,497 पद हैं। सहायक शिक्षक पद के लिए लिखित परीक्षा 11 अक्टूबर को और शिक्षक पद के लिए परीक्षा 25 अक्टूबर को आयोजित होनी थी। अब हाईकोर्ट की रोक के बाद परीक्षा कार्यक्रम प्रभावित हुआ है।



क्या है पूरा मामला

दरअसल, राज्य सरकार ने शिक्षक और सहायक शिक्षक पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसकी शर्तों और दिव्यांगों के लिए आरक्षण के नियमों को चुनौती देते हुए कुछ अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

दृष्टिबाधितों को लाभ नहीं देने का आरोप

याचिकाकर्ताओं के वकील ने कोर्ट को बताया कि भर्ती विज्ञापन में दिव्यांगों के आरक्षण से जुड़े नियमों का सही तरीके से पालन नहीं किया गया है। उन्होंने सामान्य प्रशासन विभाग और समाज कल्याण विभाग के सर्कुलर का हवाला देते हुए कहा कि पूरी तरह दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था नहीं की गई। इससे ऐसे अभ्यर्थियों के शिक्षक और सहायक शिक्षक बनने के अवसर प्रभावित हुए हैं।

चिंतन

जनता को परेशानी का जिम्मेदार कौन

लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन नागरिकों का अधिकार है, लेकिन इसकी रक्षा के नाम पर आम जनता की जिंदगी को मुश्किलों में डाल देना किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता। दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले स्कूलों की कक्षाएं ऑनलाइन करने, परीक्षाएं स्थगित करने, मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार बंद करने तथा रेलगाड़ियों को रद्द करने जैसी तैयारियों ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर कुछ लोगों के प्रदर्शन की आशंका के चलते लाखों नागरिकों को होने वाली परेशानी का जिम्मेदार कौन है? प्रदर्शन करने वालों को भी देखना चाहिए कि उनके प्रदर्शन से आम जनजीवन प्रभावित नहीं हो। एसआईआर में कथित अनियमितताओं को लेकर सीजेपी ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का ऐलान किया है। प्रदर्शनकारियों की मांग मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे से जुड़ी है। उनकी मांगों से सहमति या असहमति अलग विषय है, लेकिन शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार को नकारा नहीं जा सकता। इसी तरह प्रशासन की जिम्मेदारी भी है कि वह कानून-व्यवस्था बनाए रखे और किसी अप्रिय घटना की आशंका को गंभीरता से ले। समस्या तब पैदा होती है, जब उसकी कीमत उन लोगों को चुकानी पड़े, जिनका प्रदर्शन से कोई लेना-देना नहीं है। दिल्ली में स्कूलों ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर कक्षाएं ऑनलाइन करने और गतिविधियां स्थगित करने का फैसला लिया। कॉलेजों की परीक्षाएं आगे बढ़ा दी गईं। रेल सेवाओं पर भी असर पड़ा। उत्तर रेलवे के अनुसार, 10 अक्टूबर को सुबह चार बजे से दोपहर दो बजे के बीच नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन पहुंचने वाली 38 ट्रेन रद्द की गईं। दिल्ली मेट्रो के 57 स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार बंद करने का अनुरोध भी किया गया। इन फैसलों का सीधा असर विद्यार्थियों, अभिभावकों, नौकरीपेशा लोगों, कारोबारियों और दिल्ली आने वाले यात्रियों पर पड़ना स्वाभाविक है। कई लोगों की यात्रा जरूरी हो सकती है, तो विद्यार्थियों की परीक्षाओं और पढ़ाई का अपना महत्व है। उनकी परेशानियों को केवल सुरक्षा व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी ने इसी चिंता को रेखांकित किया है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि किसी चीज को रोकने के लिए उतनी ही कार्रवाई होनी चाहिए, जितनी आवश्यक हो।अदालत की यह टिप्पणी प्रशासन के लिए स्पष्ट संदेश है कि सुरक्षा और नागरिक स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। यदि किसी इलाके में प्रदर्शन से यातायात प्रभावित होने की आशंका है, तो वहां अतिरिक्त पुलिस बल, यातायात का वैकल्पिक मार्ग, सीमित क्षेत्र में प्रतिबंध और प्रदर्शनकारियों के लिए निर्धारित व्यवस्था जैसे उपायों पर विचार किया जा सकता है। कुल मिलाकर सवाल सिर्फ एक प्रदर्शन या एक दिन की असुविधा का नहीं, बल्कि शासन की कार्यशैली का है। प्रदर्शनकारी अपने अधिकारों का इस्तेमाल जिम्मेदारी से करें और प्रशासन सुरक्षा के नाम पर नागरिकों के अधिकारों का अनावश्यक संकुचन न करे। यदि कुछ लोगों के प्रदर्शन की आशंका से विद्यार्थियों की पढ़ाई, यात्रियों की आवाजाही और शहर की सामान्य गतिविधियां बाधित होती हैं, तो प्रशासन को जवाब देना होगा कि ऐसी स्थिति से बचने के लिए वैकल्पिक इंतजाम क्यों पर्याप्त नहीं थे। जनता को परेशानी का जिम्मेदार कौन है? यह सवाल प्रदर्शनकारियों और प्रशासन, दोनों से पूछा जाना चाहिए।

'न्याय की देवी' को शांति का नोबेल



उपलब्धि

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

> नवी पिल्लई को वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार मिलना एक ऐसी उपलब्धि है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के इतिहास, भारतीय तमिल प्रवासी विरासत, महिलाओं के अधिकारों और अंतरराष्ट्रीय न्याय की आकांक्षा के अनेक सूत्र सब एक साथ पिरोये हैं। उनके जीवन की यात्रा डरबन से आरंभ होकर दक्षिण अफ्रीका की न्यायपालिका, रवांडा के अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण, अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय और संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार नेतृत्व तक पहुंची। नोबेल शांति पुरस्कार का यह सम्मान अंततः एक व्यक्ति के अभिनंदन से आगे बढ़कर समूचे विश्व के लिए एक नैतिक संदेश है। निःसंदेह यह दक्षिण अफ्रीका एवं भारत दोनों के लिए गर्व का क्षण है।

भारत के लिए भी इस वर्ष का नोबेल शांति पुरस्कार प्रसन्नता की बात है। नवी पिल्लई को वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार मिलना एक ऐसी उपलब्धि है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के इतिहास, भारतीय तमिल प्रवासी विरासत, महिलाओं के अधिकारों और अंतरराष्ट्रीय न्याय की आकांक्षा के अनेक सूत्र सब एक साथ पिरोये हैं। उनके जीवन की यात्रा डरबन से आरंभ होकर दक्षिण अफ्रीका की न्यायपालिका, रवांडा के अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण, अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय और संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार नेतृत्व तक पहुंची। जब कानून निर्बलों की ढाल बनता है, जब न्याय सत्ता के भय से मुक्त होकर बोलता है और जब मानव-मर्यादा की रक्षा के लिए कोई व्यक्ति अपना पूरा जीवन समर्पित कर देता है, तब शांति केवल एक सुंदर कल्पना नहीं रहती, बल्कि मानव सभ्यता का जीवंत संकल्प बन जाती है।

नवनेथेम नवी पिल्लई को वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा इसी संकल्प का वैश्विक उद्घोष है। नवी पिल्लई की यह उपलब्धि इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि उन्होंने शांति की परिभाषा को युद्धविराम, कूटनीतिक समझौतों और राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण घोषणाओं तक सीमित नहीं रहने दिया। उन्होंने जीवन और कार्य से यह संदेश दिया कि वास्तविक शांति वहीं जन्म लेती है, जहां अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने वाले व्यक्ति को संरक्षण मिलता है, जहां पीड़ित को न्याय की आशा दिखाई देती है। यदि नवी पिल्लई के जीवन को देखें तो यह पता चलता है कि 23 सितंबर 1941 को दक्षिण अफ्रीका के डरबन में भारतीय तमिल मूल के परिवार में जन्मीं नवी पिल्लई का जीवन उस सामाजिक परिवेश में विकसित हुआ। वहां रंगभेद की नीतियां मनुष्य की गरिमा, स्वतंत्रता और समानता को चुनौती देती थीं। उनका परिवार भारतीय मूल की उस प्रवासी विरासत से जुड़ा था, जिसने दक्षिण अफ्रीका की सामाजिक संरचना में अनेक कठिनाइयों के बीच अपना स्थान बनाया। बचपन से ही असमानता और नस्लीय भेदभाव की वास्तविकताओं से परिचित होने के कारण उनके जीवन में न्याय का प्रश्न महज अकादमिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक अनुभव का हिस्सा बन गया था। उन्होंने कानून को अपना कार्यक्षेत्र बनाया और उसे अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया। वर्ष 1967 में उन्होंने डरबन में अपना स्वतंत्र कानूनी कार्यालय स्थापित किया। रंगभेद के दौर में राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों के लिए संघर्ष करने वालों का पक्ष लेना साहस की मांग करता था। नवी पिल्लई ने इस चुनौती को स्वीकार किया और उन लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ी हुईं, जिनकी आवाज तत्कालीन व्यवस्था में अक्सर दबा दी जाती थी। संघर्ष की धरती से अंतरराष्ट्रीय सम्मान के शिखर तक उन्होंने उन्हीं दबे लोगों की आवाज बनकर कार्य किया। दक्षिण अफ्रीका के उच्च न्यायालय में नियुक्त होने वाली पहली अश्वेत महिला न्यायाधीश के रूप में उन्हें कार्य करने का अवसर मिला। नवी पिल्लई को यह सम्मान प्रदान करने का निर्णय इस विचार को रेखांकित करता है कि अंतरराष्ट्रीय कानून को मजबूत करना भी शांति स्थापना का एक अनिवार्य माध्यम है। सच में देखा जाए तो नवी पिल्लई का कार्य इसी अधूरेपन को दूर करने की दिशा में केंद्रित रहा है।



उनका विश्वास उस अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में रहा, जिसमें अपराध चाहे किसी व्यक्ति ने किया हो या किसी प्रभावशाली सत्ता के प्रतिनिधि ने, उसके लिए जवाबदेही सुनिश्चित हो। उनके लिए कानून केवल व्यवस्था बनाए रखने का साधन नहीं, बल्कि पीड़ितों को न्याय दिलाने, भविष्य की हिंसा रोकने और मानवता के नैतिक विवेक को जीवित रखने का माध्यम रही है। इस दृष्टि से भी उनको नोबेल सम्मान सार्थक सोच का द्योतक है। निःसंदेह नोबेल समिति ने भी इस बात पर भी बल दिया है कि युद्ध अपराधों, मानवता के विरुद्ध अपराधों और नरसंहार के मामलों में अभियोजन की प्रभावी व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए आवश्यक है। जैसा कि सभी जानते हैं कि वर्ष 2008 से 2014 तक संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार उच्चायुक्त के रूप में नवी पिल्लई ने वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की रक्षा और संवर्धन के लिए कार्य किया है। इस पद पर उनकी भूमिका ने उन्हें दुनिया के विभिन्न हिस्सों में स्वतंत्रता, समानता, भेदभाव, हिंसा और नागरिक गरिमा से जुड़े प्रश्नों पर काम करने का अवसर दिया। मानवाधिकार उच्चायुक्त का दायित्व केवल उल्लंघनों पर चिंता व्यक्त करना नहीं था अपितु संस्थागत जवाबदेही को मजबूत करने, सरकारों को अंतरराष्ट्रीय दायित्वों की याद दिलाने और पीड़ितों के अधिकारों को वैश्विक विमर्श के केंद्र में बनाए रखने की भी पहल शामिल रही हैं। पिल्लई के नेतृत्व में मानवाधिकारों का प्रश्न इस व्यापक विचार से जुड़ा रहा कि किसी व्यक्ति की गरिमा उसकी राष्ट्रीयता, नस्ल, लिंग, धर्म अथवा सामाजिक स्थिति पर निर्भर नहीं हो सकती। मानवाधिकार किसी सरकार की कृपा से प्राप्त उपहार नहीं, बल्कि प्रत्येक मनुष्य की अंतर्निहित गरिमा से जुड़े अधिकार हैं। उनकी इस भूमिका का मूल्यांकन करते समय यह समझना आवश्यक है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का कार्य अनेक बार जटिल राजनीतिक परिस्थितियों में होता है। विभिन्न सरकारों और पक्षों के बीच मतभेद, आरोप-प्रत्यारोप तथा राष्ट्रीय हितों के टकराव के बावजूद मानवाधिकार संबंधी मानकों को प्रासंगिक बनाए रखना आसान नहीं होता। नोबेल शांति पुरस्कार के संदर्भ में उनके इस योगदान का विशेष महत्त्व है, और कमेटी ने इसे समझा यह बहुत अच्छी बात है। महात्मा गांधी के आदर्श और नवी पिल्लई की न्याय-दृष्टि पर आज पूरे विश्व में विवेचनाएँ हो रही हैं। कहते हैं महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और नैतिक साहस के माध्यम से अन्याय का प्रतिरोध करने का मार्ग दिखाया था। उनका जीवन इस विचार का प्रतीक बना कि किसी अन्यायपूर्ण व्यवस्था को चुनौती देने के लिए हिंसा का सहारा लेना अनिवार्य नहीं है। सत्याग्रह की शक्ति इस विश्वास में निहित थी कि सत्य और न्याय के पक्ष में दृढ़ता से खड़ा होना सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। पिल्लई ने कानून, न्यायिक संस्थाओं और अंतरराष्ट्रीय जवाबदेही को मानवाधिकारों की रक्षा के महत्त्वपूर्ण साधन के रूप में अपनाया। शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था की स्थापना भी है जिसमें अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का अवसर हो, पीड़ितों को न्याय मिल सके और प्रत्येक मनुष्य को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार प्राप्त हो, नवी का यह स्वप्न रहा। नोबेल शांति पुरस्कार का यह सम्मान अंततः एक व्यक्ति के अभिनंदन से आगे बढ़कर समूचे विश्व के लिए एक नैतिक संदेश है।

जहां न्याय जीवित रहता है, वहीं शांति की संभावना जीवित रहती है, जहां मानव-मर्यादा सुरक्षित रहती है, वहीं सभ्यता का भविष्य उज्ज्वल होता है। मानें तो नवी पिल्लई के जीवन और उनके नोबेल सम्मान का आज यही सबसे सार्थक संदेश है। निःसंदेह यह दक्षिण अफ्रीका एवं भारत दोनों के लिए गर्व का क्षण है।

(लेखक सीयूपी में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन

गौरव द्विवेदी



नारे जो राजनीति की जुबान बन गए

एक चाय, दो समोसा' से 'गरीबी हटाओ' और 'अबकी बार' तक, भारतीय राजनीति में कई बार लंबी-चौड़ी तकरीरों पर चार तुकबंदी वाले शब्द भारी पड़े हैं। हाल के जेन जी प्रदर्शनों में एक नारा सोशल मीडिया पर खूब सुनाई दिया-'एक चाय, दो समोसा, मर्दों का क्या भरोसा।' इसके अलग-अलग रूप भी वायरल हुए। नारे में तुक है, शरारत है, विरोध है और सोशल मीडिया के लिए जरूरी 'मीम वैल्यू' भी। पर नारे की यह राजनीति नई नहीं है। फर्क सिर्फ इतना है कि कभी नारे दीवारों पर लिखे जाते थे, जुलूसों में गूंजते थे, अब रील और हैशटैग बनकर वायरल होते हैं। भारतीय राजनीति में हमेशा से एक अच्छा नारा कई पन्नों के घोषणापत्र पर भारी पड़ता रहा है। नारा दरअसल राजनीति की कविता है-छोटी, तीखी और याद रह जाने वाली। लालबहादुर शास्त्री का 'जय जवान, जय किसान' इसका शायद सबसे शानदार उदाहरण है। चार शब्दों में सैनिक, किसान और राष्ट्र तीनों आ गए। इंदिरा गांधी का 'गरीबी हटाओ' आया तो दो शब्दों में पूरी चुनावी लड़ाई की कथा खड़ी हो गई। आपातकाल के बाद विरोधियों ने नारों को हथियार बनाया और 1989 में वी.पी. सिंह के लिए 'राजा नहीं फकीर है, भारत की तकदीर है-जैसी पंक्तियां राजनीतिक माहौल का हिस्सा बनीं। उसी 1989 के चुनाव का एक दिलचस्प किस्सा राजस्थान के सीकर का है। कांग्रेस के दिग्गज और तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ के सामने चौधरी देवीलाल मैदान में थे। देवीलाल के समर्थन में नारा चला-'ताऊ पूरा तोलेगा, लाल किले से बोलेगा।' देवीलाल ने जाखड़ को 46,756 वोटों से हरा दिया। जाखड़ जैसे कद्दावर नेता की हार में एक और नारे ने आग में घी का काम किया-एक जलेबी दो समोसा, जाखड़ तेरा क्या भरोसा!!! यह कहना ठीक नहीं होगा कि जाखड़ केवल एक नारे से चुनाव हार गए। चुनाव इतने सरल नहीं होते। लेकिन उस एक लाइन ने देवीलाल की पूरी छवि बना दी-देसी, ताकतवर और दिल्ली को चुनौती देता 'ताऊ'। अच्छा चुनावी नारा यही करता है। वह उम्मीदवार का पूरा परिचय चार शब्दों में करा देता है। अमेठी का अपना 'स्लोगन राइटर' इस कला के दिलचस्प किरदार थे, अमेठी के अवधी कवि-पत्रकार और कांग्रेस नेता जगदीश पीयूष। राजीव गांधी और गांधी परिवार के करीबी रहे पीयूष ने 1984 में ही नारे दिए थे-'अमेठी का डंका, बिटिया प्रियंका' और 'अमेठी का बिगुल, बेटवा राहुल।' आज राजनीतिक पार्टियां करोड़ों रुपये खर्च करके विज्ञापन एजेंसियों, डिजिटल मार्केटिंग कंपनियों और डेटा विशेषज्ञों से पंचलाइन बनवाती हैं। उस दौर में जगदीश पीयूष जैसे स्थानीय कवि और कार्यकर्ता यह काम कर देते थे। समाजवादी राजनीति में मुलायम सिंह यादव के साथ 'जिसका जलवा कायम है, उसका नाम मुलायम है' जैसी तुकबंदी जुड़ी। सपा के अलग-अलग चुनावों में 'यूपी में है दम..' से लेकर अखिलेश यादव को केंद्र में रखने वाले कई नारे आए। बसपा की यात्रा तो नारों के जरिए उसकी बदलती राजनीति भी समझा देती है। दलित अस्मिता की आक्रामक भाषा से आगे बढ़कर जब मायावती ने 2007 में सोशल इंजीनियरिंग की तरफ कदम बढ़ाया तो नारा भी बदल गया-'ब्राह्मण शंख बजाएगा, हाथी बढ़ता जाएगा' और 'हाथी नहीं गणेश है, ब्रह्मा-विष्णु-महेश है।' यानी कई बार नारा पार्टी की राजनीति बदलने के बाद नहीं बदलता, वह खुद उस बदलाव की घोषणा बन जाता है। बीजेपी ने आधुनिक चुनाव में इस कला को बाकायदा ब्रांडिंग में बदल दिया। अटल बिहारी वाजपेयी के लिए 'अबकी बारी, अटल बिहारी' की सहज तुक से लेकर 2014 के 'अबकी बार, मोदी सरकार' और बाद के 'मोदी है तो मुमकिन है' तक नारा चुनावी मार्केटिंग का केंद्रीय हिस्सा बन गया। कांग्रेस के 'गरीबी हटाओ' से लेकर 'कांग्रेस का हाथ, आम आदमी के साथ', बीजेपी के 'अबकी बार', बसपा के 'हाथी' तक एक बात समान है-भारत में राजनीति केवल पढ़ी नहीं जाती, बोली और सुनी भी जाती है। कई बार नारे फिसड्डी भी साबित होते है जैसे चौकीदार चोर है के कांग्रेसी चुनावी स्लोगन को जनता जनार्दन ने बुरी तरह नकार दिया। इसीलिए जेन जी भी नारे से दूर नहीं गई। उसने बस दीवार की जगह इंस्टाग्राम और जुलूस के साथ रील जोड़ दी है। 'एक चाय, दो समोसा..' उसी पुराने भारतीय राजनीतिक व्याकरण का नया डिजिटल संस्करण है। घोषणापत्र चुनाव के बाद फाइलों में चले जाते हैं। भाषण भी भुला दिए जाते हैं। मगर दशकों बाद भी 'जय जवान, जय किसान', 'गरीबी हटाओ', 'राजा नहीं फकीर है' या 'अबकी बार..' याद रह जाते हैं,क्योंकि राजनीति में भाषण बताता है कि नेता क्या कहना चाहता है, लेकिन नारा बताता है कि उसकी राजनीति जनता की जुबान पर किस तरह चढ़ी।

(लेखक पब्लिक पॉलिसी एवं फिल्म पॉलिसी के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संघर्ष से आती है जीवंतता

संकलित

दर्शन



साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए। माना कि साहस में गिरना भी होता है, चोट भी खानी होती है, लेकिन वही एकमात्र मार्ग है।

ऐसे काम न करें, जिससे गलत लोगों की ताकत बढ़े

संकलित

प्रेरणा



बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है।

आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

अंतर्मन



आज की पाती

चला गया पर्दे का दबंग और जिंदगी का फकीर

नाना पाटेकर का 8 अक्टूबर 2026 को 75 वर्ष की आयु में गोवा स्थित आवास पर कार्डियक अरेस्ट के बाद निधन हो गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने के लिए सीपीआर की कोशिश की, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। भारतीय सिनेमा ने 8 अक्टूबर को एक ऐसे कलाकार को खो दिया जिसकी पहचान केवल अभिनेता के रूप में नहीं, बल्कि अपने दमदार व्यक्तित्व, बेबाक आवाज और सादगी भरे जीवन के कारण भी थी। नाना पाटेकर का जाना हिंदी और मराठी सिनेमा के उस दौर का अवसान है जिसमें अभिनेता केवल चेहरे से नहीं, अपने अभिनय की ताकत से पहचाना जाता था। 1978 में फिल्म 'गमन' से बड़े पर्दे पर कदम रखने वाले नाना ने लगभग पांच दशक के करियर में अलग-अलग रंगों के किरदार निभाए। उन्हें कई पुरस्कार भी मिले। - सुभाष जोशी, बिलासपुर

ट्रेंड

बीजेपी की जीत

चार उपचुनावों में बीजेपी की जबरदस्त जीत! लोकतंत्र में शोर-शराबा तो कुछ समय के लिए ही गूंजता है, लेकिन जनता के फैसले की गूंज दूर-दूर तक सुनाई देती है। जनता का फैसला ही सबसे बड़ा जवाब है।

- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री



टाटा की विरासत

रतन टाटा का जीवन नेतृत्व, असाधारण उद्यमशीलता और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता से परिभाषित था। उन्होंने दिखाया कि सफलता का असली पैमाना उन लोगों के जीवन पर डाला गया प्रभाव और पीछे छोड़े गए मूल्य हैं। उनकी विरासत भारतीयों की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

- धर्मेंद्र प्रधान, सांसद, बीजेपी



अर्थव्यवस्था का कंट्रोल

मोदी जी की आर्थिक नीति का मकसद अर्थव्यवस्था का कंट्रोल अपने पसंदीदा करीबी पूंजीपतियों को सौंपना है, ताकि बदले में बीजेपी मुनाफे में अपना हिस्सा बनाए रख सके। उन्होंने आर्थिक उदारीकरण की नींव को बर्बाद कर दिया है।

- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस



नवी पिल्लई को बधाई

जस्टिस नवी पिल्लई को 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार मिलने पर मेरी ओर से हार्दिक बधाई। मानवाधिकारों और अंतरराष्ट्रीय न्याय के प्रति उनका जीवन भर का समर्पण उनके साहस और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।

- कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता



करंट अफेयर

कनाडा का भविष्य वहां के नागरिक तय करेंगे: कार्नी

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने क्यूबेक, अल्बर्टा और सस्केचेवान को देश से अलग होने की एलन मस्क की अपील को खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कनाडा का भविष्य वहां के नागरिक ही तय करेंगे। मस्क की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर कार्नी ने कहा, ''कनाडा का भविष्य यहां के नागरिक, उनकी प्राथमिकताएं और क्यूबेक के लोगों की आकांक्षाएं तय करेंगी।'' कार्नी ने कहा कि कनाडा के नागरिकों को अपनी भाषा और संस्कृति के अनुरूप जीवन जीने की पूरी स्वतंत्रता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''हमें विदेशी सरकारों या बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों के हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। उन्हें यह गलतफहमी नहीं पालनी चाहिए कि वे तय कर सकती हैं कि हमें क्या करना चाहिए।'' मस्क ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर क्यूबेक के भावी प्रीमियर पॉल सेंट-पियरे प्लामोंडोन से संबंधित एक पोस्ट पर टिप्पणी करके कनाडा में अलगाववाद की बहस को हवा दे दी थी। अलगाववादी विचारधारा वाली प्लामोंडोन की पार्टी 'पार्टी क्यूबेकॉस' ने सोमवार को प्रांतीय चुनाव में जीत हासिल की थी। हालांकि, पार्टी क्यूबेकॉस (पीक्यू) की जीत को क्यूबेक की स्वतंत्रता के पक्ष में जनादेश नहीं माना जा सकता। पार्टी को लगभग 28 प्रतिशत मत मिले और वह क्यूबेक के सदन में बहुमत हासिल करने से पीछे रह गई।



ऑफ बीट

आखिर पानी गीला क्यों होता है?

बारिश के मौसम में जब आप बिना छतरी के भीग जाते हैं, तो 'गीलापन' महसूस होता है। लेकिन सवाल यह है कि पानी आखिर गीला क्यों होता है? वायुमंडलीय वैज्ञानिकों के अनुसार, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के अणुओं से बने पानी की यह विशेषता वास्तव में उसके अणुओं के आपसी व्यवहार और आसपास की चीजों के साथ उनकी प्रतिक्रिया पर निर्भर करती है। वैज्ञानिक बताते हैं कि पानी के अणु एक-दूसरे और अन्य पदार्थों से बहुत तेजी से आकर्षित होते हैं। इस गुण को 'आसंजन' (एडहेज़न) कहा जाता है। पानी के अणु ध्रुवीय होते हैं, यानी उनके एक छोर पर हल्का धनात्मक और दूसरे छोर पर हल्का ऋणात्मक आवेश होता है। यही कारण है कि वे त्वचा, कपड़े और कांच जैसी सतहों से आसानी से चिपक जाते हैं। जब पानी किसी सतह के संपर्क में आता है, तो वह उस पर फैल जाता है और मजबूती से चिपक जाता है। इसी वजह से हमें लगता है कि कोई वस्तु "गीली" है। वैज्ञानिकों के अनुसार, गीलापन इस बात पर निर्भर करता है कि कोई द्रव किसी सतह के साथ कितनी अच्छी तरह संपर्क बनाए रखता है। इसके विपरीत, पारा यानी मरकरी जैसे धातु में सतहों से चिपकने की क्षमता बहुत कम होती है क्योंकि उसके अणु आपस में अधिक मजबूती से जुड़े रहते हैं। इसे 'संसंजन' (कोहेज़न) कहा जाता है।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

उपचुनाव में भी भाजपा ने मारी बाजी

नंदीग्राम में 1.22 लाख के भारी अंतर से जीती, सुवेंदु का 2016 का रिकॉर्ड भी टूट गया, कांग्रेस और टीएमसी की जमानत जब्त

कई राज्यों में अभी चुनाव परिणाम जारी नहीं किए गए, वहां पर मतगणना चल रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ कोलकाता

भाजपा ने पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक नया इतिहास रचते हुए नंदीग्राम और रजीनगर में ऐतिहासिक और रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज की है। नंदीग्राम में भाजपा ने 1.22 लाख से अधिक वोटों के भारी अंतर से जीत हासिल की है। इसने फाल्टा के 1.09 लाख वोटों के अंतर और सुवेंदु अधिकारी के 2016 के लगभग 82,000 वोटों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। रेजीनगर में भी भाजपा ने 72,710 वोटों के रिकॉर्ड अंतर से शानदार जीत दर्ज की है। इस सीट पर हुमायूं कबीर के उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे, जबकि मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी की टीएमसी के उम्मीदवार रबीउल तीसरे स्थान पर खिसक गए और कांग्रेस से भी पीछे रह गए। 4 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की उपचुनाव वाली सीटों पर मतगणना चल रही है।



यहां पर हुए थे उपचुनाव

तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी और असम में इसी साल विधानसभा चुनाव हुए थे। तमिलनाडु में 2 विधायकों के पार्टी बदलने और इस्तीफा देने से 2 सीटें खाली हुईं। वहीं, पुडुचेरी में सीएम एन. रंगासामी के 2 सीटों पर जीत के बाद एक सीट छोड़ने से उपचुनाव हुआ। इसके अलावा, बंगाल में भी मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी और हुमायूं कबीर ने 2-2 सीटों पर चुनाव जीता। इसके बाद उन्हें एक-एक सीट छोड़नी पड़ीं। असम में सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने विधायक बनने के लिए लोकसभा सीट से इस्तीफा दिया था।

असम और पुडुचेरी में भी खिला कमल

असम की नगांव लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार देवाशीष शर्मा ने बड़ी जीत दर्ज कर ली है। वहीं एआईयूडीएफ उम्मीदवार मोहम्मद बदरुद्दीन अजमल दूसरे स्थान पर रहे। इस बीच पुडुचेरी की थट्टनचावड़ी सीट पर एनआर कांग्रेस के अशोक आनंद जीत चुके हैं। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार ई. विनायगम को 8,482 वोटों से हराया।

तमिलनाडु उपचुनाव

सीएम विजय की पार्टी ने जीतीं दोनों सीटें

चेन्नई। तमिलनाडु में सत्ताधारी पार्टी 'तमिलगा वेट्री कझगम' (टीवीके) ने मदुरंतकम और धारापुरम विधानसभा उपचुनाव जीत लिए हैं। मरगथम कुमारवेल और सत्यभामा ने अपने-अपने डीएमके पार्टी के प्रतिद्वंद्वियों को हराया। इस जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। अब तमिलनाडु में मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली सरकार की राजनीतिक स्थिति और मजबूत हो गई है। मरगथम कुमारवेल ने मदुरंतकम सीट 17,554 वोटों के अंतर से जीती। जबकि सत्यभामा ने धारापुरम में 10,196 वोटों से जीत हासिल की।



राज्यसभा की 11 सीटें

भाजपा के 8, सपा के 2 निर्विरोध निर्वाचित उत्तराखंड में भाजपा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश से राज्यसभा की दस सीटें बिना मतदान के फाइनल हो गईं। भाजपा के 8 और सपा के 2 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। 2 निर्दलीय प्रत्याशियों के गुरुवार को पर्चे खारिज होने के बाद इनका निर्वाचन साफ हो गया था। दो निर्दलीय उम्मीदवारों के पर्चे खारिज होने और नाम वापसी की अंतिम तिथि तक किसी के पीछे न हटने से 10 वैध उम्मीदवार रह गए। उत्तराखंड में भाजपा जीती है।



खबर संक्षेप

विजयन के खिलाफ एफआईआर का आदेश

तिरुवनंतपुरम। केरल हाईकोर्ट ने सीएमआरएल रिश्वत मामले में ईडी की रिपोर्ट के आधार पर पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और अन्य लोगों के खिलाफ भ्रष्टाचार-रोधी कानून के तहत एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। जस्टिस ए. बदरुद्दीन ने वकील केएम शाहजहां की याचिका को मंजूरी दे दी। शाहजहां का तर्क था पुलिस को एफआईआर दर्ज करनी चाहिए।



होमगार्ड ने पत्नी-बेटी की गला कसकर हत्या की

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र के भोला खेड़ा में शुक्रवार तड़के एक होमगार्ड ने अपनी पत्नी और बेटी की गला कसकर हत्या कर दी। आरोपी ने खुद पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कृष्णानगर इंस्पेक्टर ने बताया कि रविंद्र शंकर होमगार्ड है।



कनकी में जांच दल को बनाया बंधक, हंगामा

कोरबा। जिले के उरगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कनकी में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब निर्माण कार्यों में गड़बड़ी की जांच करने पहुंची प्रशासनिक टीम को कुछ ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। खबर मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन हरकत में आया। उरगा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच टीम को सकुशल छुड़ाया।



कैंची धाम में अब पंजीकरण अनिवार्य

हल्द्वानी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश व्यापारी सम्मेलन में प्रतिभाग किया। राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के सभागार में कैंची धाम में उमड़ रही भीड़ को लेकर कहा कि जाम से पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले लोगों को सच में बड़ी परेशानी हो रही है। सरकार व्यवस्था को व्यवस्थित करने लगातार प्रयास कर रही है।



फोन का ब्योरा और 'लोकेशन' दी, 5 अरेस्ट

मुंबई। मुंबई पुलिस ने फोन कॉल और मोबाइल उपभोक्ताओं का ब्योरा तथा उनकी मौजूदा 'लोकेशन' की जानकारी अवैध रूप से हासिल कर दूसरों को मुहैया कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 2 पुलिसकर्मियों समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह महाराष्ट्र, झारखंड और बिहार में सक्रिय था। पुलिसकर्मियों में एक झारखंड और दूसरा बिहार का है।



भारत मंडपम में यूपीएससी के शताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री

आप सभी युवा एक साथ राष्ट्र के भविष्य के मुख्य निर्माता और प्राथमिक लाभार्थी होंगे

स्मारक डाक टिकट, विशेष सिक्का और 100 अहम केस कानूनों का संकलन जारी किया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के शताब्दी समारोह में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने समृद्ध विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह 100 साल का उत्सव वास्तव में लाखों युवाओं की अपार आकांक्षाओं और संस्था पर प्रत्येक भारतीय के अटूट विश्वास का उत्सव है। उन्होंने बदलती पीढ़ियों, सरकारों, प्रौद्योगिकियों और पाठ्यक्रम के बावजूद संस्था की अटूट विश्वसनीयता की सराहना की और इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट, एक विशेष सिक्का और 100 अहम केस कानूनों का संकलन जारी किया। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता के बाद सामने आई विशाल चुनौतियों को याद करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने न केवल देश को स्वतंत्र बनाए रखने के लिए, बल्कि नवगठित राष्ट्र के सक्रिय शासन के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना की स्थापना की।

सरकारी पद की लालसा के बजाए जनसेवा की ओर आकर्षित हों

भारत मंडपम में किया गया कार्यक्रम का आयोजन



प्रधानमंत्री का स्वागत करते संस्थान के अधिकारी

संस्थान ने राष्ट्र के सपनों को साकार करने की दिशा में केंद्रित किया

प्रधानमंत्री ने 1926 में ब्रिटिश राज के दौरान स्थापित इस संस्था की तुलना स्वतंत्रता के बाद के इसके विकास से करते हुए कहा कि इस प्रणाली ने सफलतापूर्वक अपना ध्यान एक स्वतंत्र राष्ट्र के सपनों को साकार करने की दिशा में केंद्रित किया है। उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि यूपीएससी ने अपने ऐतिहासिक कर्तव्यों का उत्कृष्ट निर्वहन किया है।

विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में जुटें

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में चयन आयोगों की महत्वपूर्ण भूमिका का विस्तार से वर्णन करते हुए इस बात पर बल दिया कि आज भर्ती किए गए युवा एक साथ राष्ट्र के भविष्य के मुख्य निर्माता और प्राथमिक लाभार्थी होंगे। चयन प्रक्रिया को राष्ट्र और नागरिक को प्राथमिकता देने के दोहरे मापदंड पर परखा जाना चाहिए।

प्रशिक्षु अधिकारी मूल प्रेरणाओं को लिख लें

नवनियुक्त प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि प्रशिक्षु अधिकारियों को अपनी मूल प्रेरणाओं को लिख लेना चाहिए ताकि भविष्य में आने वाली चुनौतियों और जिम्मेदारियों के समय वे आत्म-मूल्यांकन के लिए इनका उपयोग कर सकें। उन्होंने यूपीएससी और राज्य आयोगों को उम्मीदवारों के लिए इसी तरह की आत्म-निरीक्षण प्रणाली को संस्थागत रूप देने के लिए प्रोत्साहित किया। मोदी ने कहा कि यूपीएससी और राज्य आयोग भी ऐसी प्रणाली विकसित करने पर विचार कर सकते हैं।

नए बदलाव की मांगें भी बढ़ेंगी

इस दौरान प्रधानमंत्री ने बताया कि राष्ट्र में ग्रामीण-शहरी विभाजन कम होने से युवाओं की अपेक्षाएं बढ़ेंगी। पीएम मोदी ने कहा कि इस दौरान नए बदलाव की मांगें भी बढ़ेंगी।

अंतर्निहित प्रेरणा का भी मूल्यांकन किया जाना चाहिए

प्रधानमंत्री ने भर्ती प्रक्रिया में मूलभूत बदलाव का आग्रह करते हुए इस बात पर बल दिया कि चयन के मापदंडों में केवल अकादमिक ज्ञान का ही नहीं, बल्कि उम्मीदवारों की अंतर्निहित प्रेरणा का भी मूल्यांकन किया जाना चाहिए, ताकि वे केवल सरकारी पद की लालसा के बजाय जनसेवा की ओर आकर्षित हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि सही अंतर्निहित प्रेरणा वाले व्यक्तियों का चयन करने से प्रशासन के लिए तेजी से बदलती जन आकांक्षाओं के अनुरूप ढलना अत्यंत सरल हो जाता है।

'नागरिक देवो भव' के परम सिद्धांत पर चलें

प्रधानमंत्री ने अतीत की पुरातन 'माई-बाप' शासन प्रणाली को त्यागते हुए 'नागरिक देवो भव' के परम सिद्धांत पर आधारित एक आधुनिक प्रशासनिक युग की शुरुआत का उल्लेख किया, जिसमें नागरिक को ईश्वर के समान माना जाता है।

11 छात्राओं ने लगाए थे यौन उत्पीड़न के आरोप

कांग्रेस के सांसद और जेएनयू प्रोफेसर यूनिवर्सिटी से बर्खास्त



प्रोफेसर (इनसेट में) और जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के लोकसभा सांसद और जवाहर लाल नेहरू के प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजम को यूनिवर्सिटी ने बर्खास्त कर दिया गया, जब एक इंटरनल कमेटी ने उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतों की जांच के बाद उन्हें कड़ी सजा देने की सिफारिश की। 11 महिला छात्राओं ने यूनिवर्सिटी की इंटरनल कमेटी के समक्ष प्रोफेसर के खिलाफ दुर्व्यवहार की शिकायत दर्ज कराई थी। अंगोमचा बिमोल अकोइजम इनर मणिपुर से सांसद हैं, वे जेएनयू के सामाजिक व्यवस्था अध्ययन केंद्र में प्रोफेसर पद पर तैनात थे। जेएनयू की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने उनकी सेवा समाप्त करने का आदेश जारी किया है। प्रोफेसर अकोइजम को तत्काल प्रभाव से यूनिवर्सिटी की सेवाओं से बर्खास्त किया जाता है।

जेएनयू से आयोग ने मांगी थी रिपोर्ट

अकोइजम को हटाने की कार्रवाई से पहले दिल्ली महिला आयोग ने मामले पर जेएनयू प्रशासन से रिपोर्ट मांगी थी। आयोग ने 11 छात्राओं के आरोपों पर सिंतबर में यह रिपोर्ट मांगी गई थी।छात्राओं ने आरोप लगाया था कि उन्होंने मई 2026 में जेएनयू की वाइस चांसलर संतिश्री धुलिपुड़ी पंडित से प्रोफेसर की शिकायत की थी। छात्राओं ने आरोप लगाया कि उस समय उनकी शिकायत पर उचित कार्रवाई नहीं की।

30 सितंबर को सौंपी गई रिपोर्ट

जेएनयू के सूत्रों ने बताया कि समिति की रिपोर्ट 30 सितंबर को हुई विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद की बैठक में रखी गई थी और प्रोफेसर को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया था।

राजनीति में कब आए?

अकोइजम ने साल 2023 में मणिपुर हिंसा के बाद राजनीति में कदम रखा। साल 2024 के हुए लोकसभा चुनाव में अकोइजम कांग्रेस के टिकट पर 'इनर मणिपुर' सीट से मैदान में उतरे और जीत दर्ज की। उन्होंने यहां से भाजपा उम्मीदवार को 1 लाख से अधिक वोटों से हराया।

प्रश्नपत्र लीक मामले में कार्रवाई

ईडी ने ओडिशा व बंगाल में 10 ठिकानों पर छापेमारी की

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ओडिशा में 2024 में उपनिरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक होने के मामले में शुक्रवार को राज्य और पश्चिम बंगाल में 10 ठिकानों पर छापेमारी की। भुवनेश्वर स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों ने ओडिशा में 8 और पश्चिम बंगाल में 2 ठिकानों पर तलाशी ली। मामला अक्टूबर 2025 में ओडिशा पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी से जुड़ा है। पिछले साल 30 अक्टूबर को



प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों में पुलिस ने आंध्र प्रदेश-ओडिशा सीमा के पास इच्छापुरम में 114 अभ्यर्थियों को ले जा रही 3 बसों को रोका था। यह परीक्षा 5-6 अक्टूबर, 2025 को होनी थी। अभ्यर्थियों को 15 लाख से 30 लाख तक की रकम के बदले प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का वादा किया गया था।

नवीन की महासचिवों के साथ बैठक

विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की, रणनीति भी बनाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें 'विभिन्न संगठनात्मक मामलों' पर चर्चा की। यह बैठक मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी दलों और कॉजपा द्वारा 10 अक्टूबर को विरोध प्रदर्शन किए जाने के आह्वान के बीच हुई। भाजपा ने 'एक्स' पर बैठक पर कहा कि पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिवों के साथ बैठक की और विभिन्न



संगठनात्मक मामलों तथा पार्टी की आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में क्या चर्चा हुई, इस बारे में पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई। बताया गया कि बैठक में विपक्ष के प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन और उसके विमर्श का मुकाबला करने के लिए पार्टी की रणनीति पर चर्चा हुई।

कारवार में जहाजों और पनडुब्बियों की तैनाती बढ़ेगी

सीडीएस जनरल सुब्रमणि ने कारवार में किया प्रोजेक्ट सीबर्ड का उद्घाटन, रोजगार बढ़ेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने कारवार नौसैन्य बेस में प्रोजेक्ट सीबर्ड परियोजना का उद्घाटन किया है। जिसके तहत मुख्य रूप से परियोजना से जुड़े फेज-2 के तहत नौसेना के वरिष्ठ कर्मियों व रक्षा नागरिकों के लिए आवासीय परिसर के अलावा तैयार की गई अवसंरचना शामिल है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इस अवसंरचना में वरिष्ठ नौसैनिकों के लिए विवाहित आवास से जुड़ा 60 इकाइयों वाला एक टावर, समान संख्या के साथ रक्षा नागरिकों के लिए बनाया गया एक टावर, 156 डीएससी कर्मियों के लिए आवासीय परिसर और एक केजी स्तर का स्कूल शामिल है। इन तमाम परिसरों का निर्माण हैदराबाद स्थित एनसीसी लिमिटेड किया गया है। साथ



ही मुख्य बुनियादी ढांचे का निर्माण सेमिंडिया प्रोजेक्ट्स इंडिया लिमिटेड द्वारा किया गया है। ये परियोजना सीबर्ड के चरण 2ए का हिस्सा है। जिसका उद्देश्य कारवार में जहाजों और पनडुब्बियों की तैनाती को बढ़ावा देना है। इस बेस पर 10 हजार वर्दीधारी और नागरिक कर्मी अपने परिवारों के साथ रह सकेंगे। स्थानीय अर्थव्यवस्था, उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही उत्तरी कन्नड़ क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे।

गुटेरेस की पाक यात्रा में समूह कार्यालय जाने पर विदेश मंत्रालय ने कहा

भारत-पाक के बीच संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह का कोई महत्व नहीं

दोनों देशों के बीच 1972 में हुए शिमला समझौते के बाद उक्त कार्यालय का कोई अस्तित्व नहीं है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के मध्य संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह या इसके प्रस्तावों, कार्यालयों (यूएनएमओजीआईपी) का कोई महत्व नहीं है। वर्ष 1972 में दोनों देशों के बीच हुए शिमला समझौते के बाद से इसकी प्रासंगिकता पूरी तरह से समाप्त हो चुकी है। बीते दिनों संयुक्त राष्ट्र महासचिव (यूएनएसजी) एंटोनियो गुटेरेस की हालिया पाकिस्तान यात्रा के दौरान वहां मौजूद यूएनएमओजीआईपी कार्यालय का दौरा कर वहां मौजूद स्टाफ को संबोधित किया गया था। जिसे लेकर शुक्रवार को राजधानी में हुई



मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह जानकारी दी है।

पुनः दोहराया भारत का रुख

उन्होंने कहा हमारा हमेशा से इस मामले पर यह स्पष्ट रुख रहा है कि दोनों देशों द्वारा हस्ताक्षरित शिमला समझौते के बाद से यूएन के भारत, पाक में मौजूद उक्त यूएन कार्यालय औचित्यहीन हैं। इस समझौते के तहत कश्मीर से लेकर दोनों देशों के बीच होने वाले अन्य सभी विवादों का समाधान सिर्फ और सिर्फ द्विपक्षीय आधार पर ही निकाले जाने को लेकर आधिकारिक रूप से स्वीकृति प्रदान की गई। जिसके बाद मामले में दुनिया के किसी अन्य देश, पक्ष या फिर यूएन के हस्तक्षेप की आवश्यकता स्वतः ही समाप्त हो जाती है।

रूसी सेना से छुड़ाए गए 139 भारतीय

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में रणधीर ने बताया कि रूस की सेना में जानबूझकर भर्ती होने वाले भारतीयों के मामले को लेकर मंत्रालय ने चेतावनी के साथ कई परामर्श जारी किए हैं। ताजा आंकड़ों के हिसाब से रूस की सेना में 259 भारतीय तैनात थे। जिनमें से 139 को रिहा कराया गया है। ये देश वापस लौट चुके हैं। हमारे आकलन के हिसाब से आज भी 69 लोग ऐसे हैं, जो मास्को की सेना में तैनात हैं। सभी की तलाश करने के लिए मंत्रालय रूसी अधिकारियों के साथ संपर्क में बना हुआ है।

प्रेमानंद महाराज का नया संदेश

निंदा और तिरस्कार को भगवान की कृपा मानिए और शांत रहें

एजेंसी ▶▶ वृंदावन

यहां के संत प्रेमानंद महाराज ने साधकों और शिष्यों को विरोध होने पर संयम बरतने और चुप रहकर परिस्थितियों का सामना करने की सीख दी है। उन्होंने संदेश दियाजब समाज में अपमान, निंदा और तिरस्कार का सामना करना पड़े तो उसे भी भगवान की कृपा के रूप में स्वीकार करे। वीडियो सामने आने के बाद यह चर्चा का विषय बना है।



साधक को अहंकार से दूर रहना चाहिए

संत प्रेमानंद शिष्य रसिक दुलारी प्रकरण के बाद पहली बार केलिकुंज आश्रम पहुंचे। साधकों एवं शिष्यों को यह अहम सीख दी। उन्होंने समझाया कि जीवन में विपरीत परिस्थितियां आने पर व्यक्ति को धैर्य नहीं खोना चाहिए। विरोध या आलोचना का जवाब देने के बजाय अपने आचरण, साधना और भक्ति पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अपमान में मन को शांत रखना अहंकार से दूर रहना साधक के लिए महत्वपूर्ण है।

खबर संक्षेप

रुपया 17 पैसे मजबूत होकर 96.71 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 17 पैसे मजबूत होकर 96.71 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। एशियाई मुद्राओं में व्यापक मजबूती के रुख के साथ अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में मामूली नरमी से रुपये को मजबूती मिली। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान से बाजार में दबाव कम हुआ कि अमेरिका नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनाव से पहले ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई नहीं करेगा। इसके बाद अमेरिकी डॉलर कमजोर हुआ और कच्चे तेल की कीमतों में भी नरमी आई। इसके अलावा, केंद्रीय बैंक के संभावित हस्तक्षेप से भी रुपये को समर्थन मिला।

कोचीन शिपयार्ड को मिला 40 पोत बनाने का ऑर्डर

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड को अमेरिका, जर्मनी, नॉर्वे और अन्य देशों से 40 से अधिक पोत बनाने के ऑर्डर मिले हैं। पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने यह जानकारी दी। सोनोवाल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय पोत या जहाज निर्माण के लिए अनुकूल माहौल तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा, 'पोत निर्माण के लिए हमें जो ज्यादातर ऑर्डर मिल रहे हैं, वे जर्मनी, अमेरिका और नॉर्वे जैसे देशों से कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) को मिल रहे हैं।

अरबपतियों की सूची में उथल-पुथल, बेजोस बने दुनिया के दूसरे सबसे अमीर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के अरबपतियों की सूची में उथल-पुथल देखने को मिल रही है। अंतरिक्ष कारोबार में निवेश से जेफ बेजोस की संपत्ति बढ़कर 365 अरब डॉलर हो गई है और वह लैरी पेज को पछाड़कर दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हो गए हैं। हालांकि, एलन मस्क अब भी दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं, लेकिन अब वह खरबपति नहीं रहे। उनकी दौलत घटकर 987 अरब डॉलर रह गई है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के लेटेस्ट डेटा के मुताबिक, बेजोस की कुल संपत्ति अब 365 अरब डॉलर हो गई है। इसके साथ ही वह दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने अल्फाबेट के सह-संस्थापक लैरी पेज को पीछे छोड़ दिया है। पहले स्थान पर एलन मस्क हैं, जिनकी संपत्ति 987 अरब डॉलर बताई गई है।

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स ने जारी की नई सूची, एलन मस्क सबसे अमीर पर नहीं रहे खरबपति

बेजोस के नेटवर्थ में उछाल का कारण

अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस की अंतरिक्ष कंपनी ब्लू ओरिजिन की वैल्यूएशन 140 अरब डॉलर पहुंचने के बाद उनकी संपत्ति में 80 अरब डॉलर यानी करीब 7.74 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है। यह दुनिया के सबसे बड़ा नेटवर्थ ग्रोथ में से एक है। जेफ बेजोस ने वर्ष 2000 में ब्लू ओरिजिन की स्थापना की थी। कंपनी ने हालिया फंडिंग राउंड में पहली बार बाहरी निवेशकों से इक्विटी कैपिटल जुटाई।



कंपनी में जेफ की हिस्सेदारी करीब 93 प्रतिशत

इस फंडिंग के बाद कंपनी की वैल्यूएशन 140 अरब डॉलर आंकी गई। ब्लूमबर्ग के अनुसार, कंपनी में बेजोस की हिस्सेदारी करीब 93 प्रतिशत है। इस वैल्यूएशन के आधार पर कंपनी में उनकी हिस्सेदारी का अनुमान पहले से काफी बढ़ गया है। यही बढ़लाव उनकी कुल संपत्ति के आकलन में उछाल की प्रमुख वजह बना है।

स्पेसएक्स से मुकाबला

एलन मस्क की स्पेसएक्स अंतरिक्ष कारोबार में अब भी बड़ी खिलाड़ी है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, स्पेसएक्स ने पिछले साल करीब 18.7 अरब डॉलर का राजस्व अर्जित किया, जबकि ब्लू ओरिजिन का रेवेन्यू लगभग 800 मिलियन डॉलर रहा। दोनों कंपनियां रॉकेट लॉन्च, स्पेस और मून से जुड़े प्रोजेक्ट्स में मुकाबला कर रही हैं। निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी ने इस सेक्टर की कंपनियों की वैल्यूएशन और उनके संस्थापकों की संपत्ति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

मस्क 1.05 ट्रिलियन डॉलर से घटकर 987 बिलियन डॉलर पर आए

एलन मस्क का नेटवर्थ अब 1.05 ट्रिलियन डॉलर से घटकर अब 987 बिलियन डॉलर हो गया है। इसके बावजूद वह ताइवान, बेल्जियम, स्वीडन, इजरायल, अर्जेंटीना, सिंगापुर, आस्ट्रिया, यूएई जैसे सैकड़ों देशों से भी अमीर हैं। आईएमएफ के मुताबिक ताइवान की जीडीपी अभी 976.72 अरब डॉलर है। जबकि, आयरलैंड की जीडीपी 779.38 अरब डॉलर। बेल्जियम की जीडीपी भी एलन मस्क के नेटवर्थ से अभी कम है। इसकी जीडीपी 776.73 अरब डॉलर है।

निफ्टी भी 288.65 अंक बढ़कर 22,520.45 अंक पर बंद हुआ

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार को समर्थन मिला

आईटी शेयरों की अगुवाई में लौटी तेजी, सेंसेक्स 879 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दो दिनों की गिरावट के बाद शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 879 अंक चढ़कर बंद हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 879.09 अंक बढ़कर 72,472.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,075.96 अंक चढ़कर 72,669.20 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 288.65 अंक बढ़कर 22,520.45 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईटीसी का शेयर 4.78 प्रतिशत चढ़ा, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में 4.23 प्रतिशत की तेजी आई। टीसीएस का जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 13,884 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने आगे भी वृद्धि की गति बने रहने का संकेत दिया है।



रिलायंस इंडस्ट्रीज का ही शेयर गिरावट में बंद हुआ

इनके अलावा अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, लार्सन एंड टुब्रो और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी प्रमुख लाभ में रहे। सेंसेक्स की प्रमुख कंपनियों में केवल रिलायंस इंडस्ट्रीज का ही शेयर गिरावट में बंद हुआ। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.32 प्रतिशत गिरकर 102.9 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"हाल की तेज गिरावट के बाद निचले स्तर पर खरीदारी आने और शॉर्ट कवरिंग के लिए की गयी लिवाली से घरेलू शेयर बाजार में राहत की तेजी आई। दूसरी तिमाही के नतीजों की अच्छी शुरुआत और कृत्रिम मेधा (एआई) से आय बढ़ने की संभावनाओं पर भरोसा बढ़ने से आईटी शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया।"

बाजार बढ़त बनाने में सफल रहा

साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स 562.63 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की बढ़त लेने में सफल रहा जबकि एनएसई निफ्टी ने 98.5 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की तेजी हासिल की। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"पिछले सत्र में भारी गिरावट के बाद बाजार में तेजी लौटी।

टीसीएस के नतीजों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया

टीसीएस के नतीजों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया से आईटी शेयरों को समर्थन मिला। इसके अलावा बैंकिंग, एफएमसीजी और वाहन कंपनियों के शेयरों में भी खरीदारी देखी गई। ब्रेंट क्रूड भी हाल के उच्च स्तर से नीचे आ गया।/" एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की सूचकांक मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ।

6जी रोलआउट करने वाले देशों में होगा भारतः जियो



नई दिल्ली। 6जी पर भारतीय टेलीकॉम दिग्गज जियो ने तैयारी तेज कर दी है। जियो का दावा है कि 2030 में जब दुनिया 6जी के स्टैंडर्ड फाइनल करेगी, तब भारत इसे रोलआउट करने वाले शुरुआती देशों में शामिल होगा। कंपनी ने अपना प्री-6जी स्टैक और गीगा मीमो रेडियो भी तैयार किया है। इसे दिल्ली में चल रहे इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026 में शोकेस किया गया है।जियो के मुताबिक 6जी नेटवर्क की कैपेसिटी मौजूदा 5जी के मुकाबले 5 गुना तक ज्यादा हो सकती है। वहीं लेटेंसी को करीब 10 गुना कम करने का लक्ष्य है। आसान भाषा में कहें तो नेटवर्क एक साथ कहीं ज्यादा डेटा और यूजर्स संभाल सकेगा, जबकि किसी कमांड का जवाब मिलने में लगने वाला समय काफी कम हो सकता है और हां डेटा की स्पीड तो बढ़ेगी ही। इसका फायदा रियल टाइम एआई, होलोग्राफिक वीडियो, मैडिकल, एजुकेशन और दूसरी नई डिजिटल सेवाओं में दिख सकता है।आईएमसी में जियो द्वारा दिखाया गया गीगा मीमो रेडियो इस तैयारी का अहम हिस्सा है। जियो इसे भारत का पहला गीगा मीमो रेडियो बता रहा है। इसके साथ एक कॉमन बेसबैंड यूनिट भी दिखाई गई है, जो 5जी और 6जी दोनों के लिए काम कर सकती है। 6जी की रेस सिर्फ ज्यादा कैपेसिटी या कम लेटेंसी की नहीं है। इसके ग्लोबल स्टैंडर्ड और टेक्नोलॉजी तैयार करने में भागीदारी भी उतनी ही अहम होगी। जियो के मुताबिक कंपनी ने 8,000 से ज्यादा पेटेंट फाइल किए हैं, जिनमें सैकड़ों पेटेंट 6जी से जुड़े हैं।

जीएसटी की औसत दर घटकर 10.84 प्रतिशत

नई दिल्ली। पिछले साल सितंबर में जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाए जाने के बाद औसत जीएसटी दर घटकर 10.84 प्रतिशत रह गई है, जो 2023 में 11.4 प्रतिशत थी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। एक जुलाई, 2017 को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू किए जाने के समय राजस्व-तटस्थ दर 15.8 प्रतिशत आंकी गई थी। राजस्व तटस्थ दर कर की वह दर है, जिस पर नई कर व्यवस्था लागू होने के बाद भी सरकार का कर राजस्व पुराने करों के बराबर ही बना रहता है। यानी सरकार को न तो कोई नुकसान होता है और न ही अतिरिक्त लाभ। जीएसटी परिषद ने सितंबर में अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था को युक्तिसंगत बनाते हुए चार दरों...5, 12, 18 और 28 प्रतिशत...वाली जीएसटी संरचना को दो दरों...5 और 18 प्रतिशत...में बदल दिया था।

ज्योतिष

कहते नहीं करके दिखाते है
सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूंगा
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

फ्यूजन सीएक्स का आईपीओ 14 अक्टूबर को खुलेगा

नई दिल्ली। कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित ग्राहक अनुभव समाधान देने वाली कंपनी फ्यूजन सीएक्स लिमिटेड ने अपने 702 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए 275-289 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने शुक्रवार को सार्वजनिक घोषणा में कहा कि आईपीओ 14 अक्टूबर को अभिदान के लिए खुलेगा और 16 अक्टूबर को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 13 अक्टूबर को बोली लगा पाएंगे।आईपीओ 500 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और 202 करोड़ रुपये तक के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण होगा। कंपनी ने मई 2025 में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दाखिल मसौदा विवरणपत्र में आईपीओ के जरिये 1,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बनाई थी।

मुफ्त नमूनों और नष्ट की गई दवाओं पर ले पाएंगे सुविधा

दवा कंपनियों को अगले वर्ष से आईटीसी की सुविधा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दवा कंपनियां वित्त वर्ष 2027-28 से मुफ्त नमूनों तथा उपयोग की अवधि समाप्त होने पर नष्ट किए गए या बट्टे खाते में डाले गए सामान पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) ले सकेंगी।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद ने बृहस्पतिवार को दवा उद्योग के लिए आईटीसी को युक्तिसंगत बनाने और कर रिफंड व्यवस्था में सुधार के प्रस्तावों को मंजूरी दी थी। इन बदलावों से उद्योग के विनिर्माण, नकदी की उपलब्धता और निर्यात को समर्थन मिलने की उम्मीद है।

■ कर रिफंड के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई थी

जीएसटी कानून और नियमों में ये बदलाव वित्त वर्ष 2027-28 से प्रभावी होंगे। दवा उद्योग में डॉक्टरों को मुफ्त नमूने देना, अवधि समाप्त हो चुके भंडार का प्रबंधन करना और नियामकीय जरूरतों के तहत सामान का निपटान करना नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, नष्ट किए गए सामान पर आईटीसी की सुविधा उन्हीं मामलों में मिलेगी, जहां कानून के तहत सामान को नष्ट करना अनिवार्य है। ईवाई इंडिया में साझेदार और जीवन-विज्ञान एवं स्वास्थ्य सेवा कर प्रमुख आशीष जैन ने कहा कि इन प्रस्तावों से दवा फॉर्मूलेशन, टीके, जैविक उत्पाद, जांच संबंधी उत्पाद और उपभोक्ता स्वास्थ्य उत्पाद बनाने वाली कंपनियों को विशेष लाभ होगा। इन कारोबारों में उत्पादों के नमूने देना, अवधि समाप्त होने वाले भंडार का प्रबंधन करना और विनिर्माण में बड़े निवेश करना आम है।

एनआईआईटी फाउंडेशन के प्रशिक्षण से 50 उद्यम शुरू

नई दिल्ली। एनआईआईटी फाउंडेशन की चेंजमेकर एकेडमी से जुड़े प्रतिभागियों ने 50 से अधिक उद्यम शुरू किए हैं। इस कार्यक्रम में अब तक 180 से अधिक लोग शामिल हो चुके हैं। इसका उद्देश्य वंचित समुदायों के लोगों को कारोबार शुरू करने और उसे आगे बढ़ाने के लिए जरूरी कौशल उपलब्ध कराना है।शुरू किए गए उद्यम शिक्षा, भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं, सिलाई, सौंदर्य, कढ़ाई और पर्यावरण अनुकूल उत्पादों जैसे क्षेत्रों से जुड़े हैं। फाउंडेशन कारोबार शुरू होने के बाद भी उद्यमियों को मार्गदर्शन, ग्राहक जोड़ने और संचालन संबंधी सहायता देता है।चेंजमेकर एकेडमी का प्रशिक्षण चार से पांच महीने तक चलता है।

सैमसंग के कार्यक्रम में 20 टीमें पेश करेंगी तकनीकी समाधान

नई दिल्ली। सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2026 का ग्रैंड फिनाले 14 और 15 अक्टूबर को नई दिल्ली में आयोजित होगा। इसमें देशभर की 20 युवा टीमें स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, खेल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़ी समस्याओं के समाधान पेश करेंगी। चार विजेता टीमों को अपने विचारों को आगे बढ़ाने के लिए कुल दो करोड़ रुपये की इनक्यूबेशन ग्रांट दी जाएगी।कार्यक्रम के पांचवें संस्करण में 12 राज्यों के 18 शहरों की टीमें फाइनल में पहुंची हैं। इनमें आधे से अधिक प्रतिभागी दूसरे और तीसरे दर्जे के शहरों से हैं। प्रतिभागियों ने कई महीनों तक विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लेकर अपने विचारों पर काम किया और उनके नमूने तैयार किए।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)

कार्य का नाम तथा स्थान	दिल्ली मंडल के 10 स्टेशनों यानी GHH, PT, MSP, MOZ, DBD, JDW, SSZ, KIY, KLE और PHWR के लिए वेस्ट्रेस मेक ईआई का 3 वर्षों का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध।
कार्य की अनुमानित लागत (₹)	₹ 26,92,608.48/-
धरोहर राशि (₹)	₹ 3,14,600/-
कार्यालय का पता	वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055
निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय	निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 09.10.2026 / निविदा खुलने का दिनांक 02.11.2026 15:00 बजे तक
वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है	उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055

निविदा संख्या: 558-Sig-16-M-T-AMC-101 दिनांक: 09.10.2026 3514/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

वृष आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

मिथुन मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

कर्क पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

कन्या अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

तुला पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

वृश्चिक व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

धनु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

कुंभ मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

मीन मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

सोना 1,900 रुपये मजबूत, चांदी में भी 4,500 रुपये की तेजी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,900 रुपये चढ़कर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। डॉलर में गिरावट से निवेशकों की धारणा मजबूत होने के कारण सोने की कीमत में लगातार दूसरे दिन तेजी रही। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,900 रुपये बढ़कर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बृहस्पतिवार को यह 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी। चांदी की कीमत में भी गिरावट का सिलसिला थम गया और यह 4,500 रुपये बढ़कर 2,28,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। बृहस्पतिवार को चांदी 3,000 रुपये टूटर थी, जबकि सप्ताह के शुरुआती तीन कारोबारी सत्रों में यह स्थिर रही थी। अमेरिकी डॉलर हाल के उच्च स्तर से नीचे आया, जिससे महंगाई को लेकर चिंताओं के बावजूद कीमती धातुओं की कीमतों को समर्थन मिला।



शब्द पहेली - 6373

बाएँ से दाए
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल(उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

ऊपर से नीचे
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

शब्द पहेली - 6372 का हल

	ज	हा	ल	त		नि	ड	र	
क	प		क्ष्य		आ	स	रा		मा	मा
ल			ही	र	क		ला			हि
प	रा	धी	न	ता		द		अ	सु	र
ना		र		लू	ट	मा	र		ई	
	सा	ज						सा	या	
	ब		फि	त	र	त		ह		मा
का	न	न		ल		न	क	ब	ज	न
फि			ब		शा	य	र			हा
र	बा		च	म	न		त		श	नि
	द	म	न			रो	ब	दा	र	



भारत में जन्मे न्यूजीलैंड के ओपनर जीत रावल ने छोड़ा बल्ला

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड



भारत में जन्में न्यूजीलैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज जीत रावल ने पेशेवर क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। अहमदाबाद के विद्यानगर स्कूल में पार्थिव पटेल के सलामी जोड़ीदार रहे रावल किशोरावस्था में न्यूजीलैंड चले गए थे।

अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 24 टेस्ट मैच खेलने वाले 38 वर्षीय रावल ने नार्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स क्रिकेट एसोसिएशन से कहा, 'मैंने पूरे सम्मान के साथ यह फैसला किया है। मुझे शांति और बहुत संतुष्टि महसूस हो रही है।' उन्होंने कहा, 'मेरे बचपन का सपना निश्चित रूप से न्यूजीलैंड की तरफ से खेलना था। यह केवल मेरा सपना ही नहीं था बल्कि मेरे पिता का भी सपना था। हमें मौका दिखा और वह परिवार के साथ न्यूजीलैंड आ गए ताकि मैं अपना सपना पूरा कर सकूं।' रावल ने न्यूजीलैंड की तरफ से 24 टेस्ट मैच में 30.07 की औसत से 1143 रन बनाए, जिसमें एक शतक और 7 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 24 शतक और 50 अर्धशतकों की मदद से 10432 रन बनाए।

रावल ने न्यूजीलैंड की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ नवंबर 2016 में क्राइस्टचर्च में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में जनवरी 2020 में खेला था।

22 अक्टूबर से क्राइस्टचर्च में 5 मैचों की टी20 सीरीज

न्यूजीलैंड को झटका, भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर चैपमैन और फाउल्क्स

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन और जैक फाउल्क्स चोटिल होने के कारण भारत के खिलाफ 22 अक्टूबर से क्राइस्टचर्च में शुरू होने वाली 5 मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सीरीज से बाहर हो गए हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज चैपमैन पिछले महीने यूरोपीय टी20 लीग के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके बाएं पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और वह अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हो पाए हैं। तेज



गेंदबाज फाउल्क्स के दाहिने कूल्हे में हाल ही में कैंटरबरी में अभ्यास सत्र के दौरान चोट लग गई थी। चैपमैन ने अब तक 113 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। यह 32 वर्षीय बल्लेबाज भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में वापसी कर सकता है लेकिन फाउल्क्स की वापसी की कोई निश्चित समयसीमा नहीं है।

क्लार्कसन और टिकनर को मौका

ऑलराउंडर जोश क्लार्कसन और तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर को इन दोनों खिलाड़ियों के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने स्वीकार किया कि टी20 सीरीज से पहले दो प्रमुख खिलाड़ियों का चोटिल होना टीम के लिए बड़ा झटका है। वॉल्टर ने कहा, "मार्क और जैक के लिए मुझे बहुत दुख है और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमें खुशी है कि हम जोश और ब्लेयर की विशेषज्ञता का फायदा उठा सकते हैं। यह दोनों खिलाड़ी इस सीरीज में खेलने के लिए बेहद उत्साहित हैं।' टी20 सीरीज का आखिरी मैच एक नवंबर को हैमिल्टन में खेला जाएगा।

खबर संक्षेप



आज से सीनियर हॉकी चैंपियनशिप

झांसी। देश भर की 29 टीम शनिवार से शुरू होने वाली 16वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगी। हॉकी इंडिया ने घोषणा की कि टूर्नामेंट का फाइनल 21 अक्टूबर को खेला जाएगा। पंजाब इस प्रतियोगिता का मौजूदा चैंपियन है। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए टीम को तीन डिवीजन में बांटा गया है, जिनमें डिवीजन ए, डिवीजन बी और डिवीजन सी शामिल हैं। डिवीजन ए में 12 टीमें शामिल हैं, जिन्हें तीन-तीन टीमों के चार पूल में बांटा गया है। पूल ए में पंजाब, तमिलनाडु और बंगाल, जबकि पूल बी में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और पुडुचेरी शामिल हैं। पूल सी में उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और चंडीगढ़, जबकि पूल डी में मणिपुर, हरियाणा और दिल्ली शामिल हैं। पूल चरण के बाद 18 अक्टूबर को क्वार्टर फाइनल होंगे। सेमीफाइनल 19 अक्टूबर को खेले जाएंगे। इसके बाद तीसरे स्थान का मैच और फाइनल 21 अक्टूबर को होंगे। डिवीजन बी में दो पूल में 10 टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी।

मणिकांत होबलीधर ने जीता 100 मीटर का स्वर्ण पदक

नई दिल्ली। कर्नाटक के धावक मणिकांत होबलीधर ने पेट में खिंचाव की परेशानी के बावजूद शुक्रवार को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 65वीं राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 100 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता। मणिकांत ने 10.25 सेकेंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। हालांकि वह अपने ही चैंपियनशिप रिकॉर्ड 10.19 सेकेंड को बेहतर करने से चूक गए। सुबह के सत्र में पैदल चाल एथलीट सर्विन सेबेस्टियन को निराशा हाथ लगी। उन्होंने पुरुषों की 20 किलोमीटर पैदल चाल में सबसे पहले फिनिश लाइन पार की, लेकिन तकनीकी नियमों के उल्लंघन के कारण मिले दो मिनट के दंड ने उनका स्वर्ण पदक जीतने का सपना तोड़ दिया। इसके कारण सर्विन चौथे स्थान पर खिसक गए। उन्होंने 1 घंटा 32 मिनट 46 सेकेंड का समय दर्ज किया।

चाइना स्मैश: सेमीफाइनल में हारे मानव-मानुष



बीजिंग। मानव ठक्कर और मानुष शाह की जोड़ी डब्ल्यूटीटी चाइना स्मैश टेबल टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के लिम जोंगहून और ओह जुनसंग के हाथों सीधे गेम में हार गई। भारत की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को केवल 20 मिनट में कोरियाई टीम से 8-11 6-11 3-11 से हार का सामना करना पड़ा। मानुष मिश्रित युगल के सेमीफाइनल से भी आगे बढ़ने में नाकाम रहे। उनकी और दीया चिताले की जोड़ी को गुरुवार को चीनी ताइपे की लिन युन-जू और चेंग आई-चिंग की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा।

शंघाई मास्टर्स टेनिस : सीधे सेटों में जीते ज्वेरेव और बेन, तीसरे दौर में पहुंचे

जीत के साथ शेल्टन ने मनाया 24वां जन्मदिन



एजेंसी ▶▶| शंघाई

अमेरिकी ओपन चैंपियन अलेक्जेंडर ज़्वेरेव और अपना 24वां जन्मदिन मना रहे बेन शेल्टन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई। अमेरिकी ओपन के फाइनल में शेल्टन को हराने वाले शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने चीन के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले वू यिबिंग को 6-4, 7-6 (4) से पराजित किया। दूसरी तरफ शेल्टन ने इस एटीपी 1000-स्तरीय टूर्नामेंट में डेनियल अल्टमायर पर 6-3, 7-6 (6) से जीत हासिल करके शानदार तरीके से अपना जन्मदिन मनाया। इस बीच नौवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर को वॉकओवर मिला, जिससे वह तीसरे दौर में पहुंच गए। उनके प्रतिद्वंदी एलेक्स मोलकान ने किसी अज्ञात बीमारी के कारण मैच से नाम वापस ले लिया था। एक अन्य मैच में क्वालीफायर रेई सकामोटो ने 23वीं वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव को 6-4, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।



सकामोटो ने किया बड़ा उलटफेर रुबलेव को हराया

शंघाई मास्टर्स में एक बड़ा उलटफेर करते हुए जापानी क्वालीफायर रेई सकामोटो ने कोर्ट 3 पर दूसरे राउंड में पूर्व फाइनलिस्ट एंड्री रुबलेव को 6-4, 6-4 से हरा दिया। वर्ल्ड नंबर 137 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड नंबर 23 को 1 घंटे 22 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे सेटों में हराया। सकामोटो ने मैच में रुबलेव की दो बार सर्विस तोड़ी और दोनों ब्रेक पॉइंट बचाकर राउंड ऑफ 32 में जगह बनाई।

पहले गेम में तोड़ी रुबलेव की सर्विस

उन्होंने मैच के पहले गेम में रुबलेव की सर्विस तोड़कर मैच की शुरुआत की, फिर अपनी सभी सर्विस बचाकर पहला सेट 35 मिनट में अपने नाम कर लिया। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी सर्विस बरकरार रखी और स्कोर 4-4 से बराबर था, इससे पहले सकामोटो ने सर्विस तोड़कर 5-4 की बढ़त बनाई, फिर अपनी सर्विस बचाकर 46 मिनट में दूसरा सेट जीतकर मैच जीत लिया। युवा जापानी खिलाड़ी अपनी सर्विस में भी बेहतर था, क्योंकि उसने अपनी पहली सर्विस पर 77 प्रतिशत और दूसरी सर्विस पर 62 प्रतिशत पॉइंट जीते। रुबलेव ने अपनी पहली सर्विस पर 76 प्रतिशत पॉइंट जीते और अपनी दूसरी सर्विस पर सिर्फ 56 प्रतिशत पॉइंट जीते।

हुरकाज के हाथों हारकर टूर्नामेंट से बाहर हुए नोवाक जोकोविच

चौबीस बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविच शुक्रवार को शंघाई मास्टर्स के दूसरे दौर में उलटफेर का शिकार होकर बाहर हो गए। पोलैंड के हुबर्ट हुरकाज ने उन्हें सीधे सेटों में हराया। हुरकाज ने 39 वर्षीय जोकोविच को महज 87 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-3 से शिकस्त दी। इस सप्ताह की शुरुआत में बीजिंग में चाइना ओपन का फाइनल जीतने के बाद जोकोविच को यह हार मिली है। हुरकाज 2023 में शंघाई मास्टर्स चैंपियन थे।

भारत के खिलाफ टी-20 में सबसे बड़ा रनचेज

भारत को छह विकेट से हराकर वेस्टइंडीज ने श्रृंखला में वापसी की



- वेस्टइंडीज 18.3 ओवर में 252 रन बनाकर जीता
- होप ने शतकीय पारी में 6 चौके और 9 छक्के लगाए
- शाई को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया

भाषा ▶▶|रांची

कप्तान शाइ होप के नाबाद 102 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने दूसरे टी-20 मैच में शुक्रवार को जीत के लिये रिकॉर्ड 250 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। भारत के पांच विकेट पर 249 रन के जवाब में वेस्टइंडीज के लिये होप ने 45 गेंद में छह चौकों और नौ छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन बनाये। वहीं शेरफान रदरफोर्ड ने 37 गेंद में 84 रन बनाये जिसमें सात चौके और सात छक्के शामिल थे। इन दोनों पारियों की मदद से वेस्टइंडीज ने 18.3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत ने पहला मैच लखनऊ में आठ विकेट से जीता था। भारत के लिये संजू सैमसन 82 रन की आक्रामक पारी के साथ फॉर्म में लौटे जबकि श्रेयस अय्यर और तिलक वर्मा ने भी उपयोगी पारियां खेली। लेकिन होप और रदरफोर्ड ने भारत के स्पिन आक्रमण की धज्जियां उड़ा दी। पहले टी-20 में अर्धशतक जमाने वाले होप ने उसी लय को कायम रखते हुए शतक जड़ा। उन्होंने अक्षर पटेल को छक्का लगाकर दूसरा टी-20 शतक पूरा किया और टीम को जीत तक पहुंचाया। रदरफोर्ड ने उनका पूरा साथ दिया और सिर्फ 54 गेंद में 120 रन की साझेदारी की। रदरफोर्ड को 38 के स्कोर पर जीवनदान मिला था जब कुलदीप यादव की गेंद पर मयंक यादव ने उनका आसान कैच छोड़ा। इस जीवनदान का भारत को बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ा। रोमारियो शेफर्ड ने आखिर में 13 गेंद में 34 रन बनाये। इससे पहले पिछले चार मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद सैमसन ने 21 गेंदों में अपना नौवां टी-20 अर्धशतक जमाया।

उपलब्धि

मेगन शट ने वनडे में पूरे किए 150 विकेट



एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज मेगन शट के नाम एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज हो गई है। शुक्रवार को ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड पर बांग्लादेश महिला टीम के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में शट ने वनडे क्रिकेट में 150 विकेट पूरे किए।

शट इस खास मुकाम तक पहुंचने वाली सिर्फ तीसरी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गई हैं। वह इस लिस्ट में दिग्गज ऑलराउंडर एलिस पेरी (166 विकेट) और पूर्व तेज गेंदबाज कैथरीन फिट्जपैट्रिक (180 विकेट) के साथ शामिल हो गई हैं। बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले वनडे में उतरते समय, 33 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए दो विकेट की जरूरत थी। उन्होंने सीरीज की पहली ही गेंद पर फरगाना हक का विकेट लिया और फिर तीसरे ओवर में शर्मिन सुल्ताना का विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की।

150 विकेट लेने वाली 12वीं खिलाड़ी शट

शट ने तीसरे ओवर में यह खास उपलब्धि हासिल की। उन्होंने शर्मिन सुल्ताना को फुल लेंथ की गेंद डाली, जो अंदर की तरफ स्विंग हुई। बल्लेबाज ने फ्लिक शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले को छूने के बजाय सीधे उनके पैड पर लगी। इसके बाद अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट दे दिया। शट इस फॉर्मेट में 150 विकेट लेने वाली कुल मिलाकर 12वीं खिलाड़ी हैं। इस लिस्ट में भारत की दिग्गज और पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी सबसे आगे हैं, जिनके नाम 255 विकेट हैं। ऑस्ट्रेलिया की ओर से फिट्जपैट्रिक 180 विकेट के साथ सबसे आगे हैं, जबकि पेरी 166 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

खेल मंत्री से मिले पैरा निशानेबाज



नई दिल्ली। आगामी आइची-नागोया पैरा एशियाई खेलों के लिए चयन प्रक्रिया में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पैरा निशानेबाजों ने शुक्रवार को खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की और खेल प्रशासन में कथित खामियों को लेकर अपनी चिंताएं उनके सामने रखीं। तीन निशानेबाजों के एक प्रतिनिधिमंडल ने खेल मंत्री से मुलाकात की और अपना आरोप दोहराया कि भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने 18 अक्टूबर से शुरू होने वाले खेलों के लिए चार ऐसे निशानेबाजों को शामिल करने के उद्देश्य से चयन के नियमों में ढील दी, जो निर्धारित मानदंडों पर खरे नहीं उतरते थे। एशिया में तीसरी रैंकिंग पर काबिज पैरा पिस्टल निशानेबाज संदीप कुमार ने पहले चयन प्रक्रिया में पक्षपात का आरोप लगाया था। उनका दावा था कि महाद्वीपीय रैंकिंग में 14वें स्थान पर मौजूद रुद्रांश खंडेलवाल को उनसे और मौजूदा एशियाई नंबर एक आकाश पर तरजीह देते हुए चुन लिया गया।

आज से आईएसएसएफ विश्व कप कुसाले और सरबजोत लेंगे हिस्सा

एजेंसी ▶▶| काहिरा

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और सरबजोत सिंह शनिवार से शुरू होने वाले आईएसएसएफ राइफल-पिस्टल विश्व कप में 24 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी दल की अगुवाई करेंगे। भारतीय टीम देहरादून में राष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा लेने के बाद काहिरा पहुंची।

भारत आठ व्यक्तिगत ओलंपिक स्पर्धाओं और दो मिश्रित टीम स्पर्धाओं में हिस्सा लेगा। भारतीय दल में अनुभवी ओलंपियन के साथ उभरते हुए युवा निशानेबाज भी शामिल हैं। पुरुषों की 50 मीटर राइफल श्री पोजिशंस स्पर्धा में



स्वप्निल कुसाले के साथ अखिल श्योराण और एड्रियन करमाकर भारतीय चुनौती पेश करेंगे। ओलंपियन अर्जुन बबूता पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम की अगुवाई करेंगे।

राइफल श्री पोजिशंस टीम की अगुवाई करेंगी अंजुम : महिलाओं की राइफल स्पर्धाओं में दो बार की ओलंपियन अंजुम मौदगिल 50 मीटर राइफल श्री पोजिशंस टीम का नेतृत्व करेंगी, जिसमें आयुषी पोद्दार और मानिनी कौशिक भी शामिल हैं। निशानेबाज आर्या राजेश बोर्से महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में ख्याति चौधरी और इस्मिता भोवाल के साथ हिस्सा लेंगी।

कैंसर से उबरने के बाद टेस्ट में मेडिनसन ने की 10 साल बाद वापसी

33 गेंद में जीरो, ऑस्ट्रेलिया के ओपनर का अनचाहा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| डरबन

ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच तीन टेस्ट की सीरीज का पहला मैच 9 अक्टूबर से डरबन में शुरू हुआ। इसके साथ ही एक नई ओपनिंग जोड़ी ऑस्ट्रेलिया ने उतारी। मगर नतीजा वही रहा, जो पिछले कुछ मैचों में रहा था, नाकामी। 10 साल फिर से टेस्ट मैच खेलने उतरे निक मेडिनसन 33 गेंद खेलने के बाद भी खाता नहीं खोल सके और मार्को यानसन के शिकार बन गए। गेंद उनके बल्ले से लगकर स्टंप्स बिखेर गई। यह 26 साल में किसी भी टेस्ट ओपनर का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। इससे पहले साल 2000 में जिम्बाब्वे के ट्रेवर ग्रिपर वेस्ट इंडीज के सामने 36 गेंद खेलने के बाद भी खाता नहीं खोल सके थे। मेडिनसन ने 2016 में साउथ अफ्रीका के सामने ही टेस्ट डेब्यू किया था। तीन मैच खेलने के बाद वे बाहर कर दिए थे।



बिना रन बनाए सर्वाधिक गेंद खेलकर आउट होने वाले ओपनर

बल्लेबाज	गेंद	विरोधी टीम	मैदान	साल
डैरिन मरे (न्यूजीलैंड)	39	श्रीलंका	ड्यूनेडिन	1995
ट्रेवर ग्रिपर (जिम्बाब्वे)	36	वेस्टइंडीज	किंग्स्टन	2000
निक मेडिनसन (ऑस्ट्रेलिया)	33	दक्षिण अफ्रीका	डरबन	2026

18 महीने बाद खेला फर्स्ट क्लास क्रिकेट

मेडिनसन का 33 गेंद में जीरो पर आउट होना एक टेस्ट पारी में किसी भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज का दूसरा सबसे खराब प्रदर्शन है। रिकॉर्ड माइक व्हाइटनी के नाम है, जो 1981 में इंग्लैंड के खिलाफ 42 गेंद में बिना खाता खोले आउट हुए थे। मेडिनसन 18 महीने बाद फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेल रहे थे। इससे पहले वे इस फॉर्मेट में आखिरी बार मार्च 2025 में खेले थे। टेस्टिकुलर कैंसर के चलते उन्हें खेल से दूरी बनानी पड़ी। उन्होंने कैंसर से उबरने के लिए सर्जरी कराई और नौ सप्ताह तक कीमोथैरेपी ली।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109



यह जानकारी शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में हरिभूमि के सवाल के जवाब में रणधीर जायसवाल ने दी है

नाविकों पर हमलों की समस्या का समाधान हमलों से नहीं बातचीत से निकालेंगे भारत समेत दुनिया के 25 देश

भारत के लिए मसला बेहद गंभीर, क्योंकि वर्तमान में दुनियाभर के समुद्रों में काम कर रहे 3 लाख 20 हजार नाविक

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली चर्चाओं के केंद्र में लाया जाएगा यह महत्वपूर्ण मामला

कविता जोशी ⏭ नई दिल्ली

काला सागर से लेकर पश्चिम-एशिया और खाड़ी के इलाके में भारतीय सवार व्यापारिक जहाजों पर बढ़ते हमलों के बीच भारत सहित दुनिया के कुल 25 देशों का समूह (मित्रों का समूह, जीओएफओएन एस4) अपना जवाब समान अंदाज में इन हमलों के लिए जिम्मेदार देशों के खिलाफ हमला करके नहीं देगा। बल्कि उन्होंने इससे आगे बढ़ते हुए बातचीत के जरिए इस समस्या का जड़ से समाधान निकालने का निर्णय लिया है। यह जानकारी शुक्रवार को राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में हरिभूमि द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है।

संयुक्त बयान से किया हमलों का विरोध

उन्होंने ये भी कहा, इस समूह का गठन



फाइल फोटो

पिछले सितंबर महीने के अंतिम सप्ताह में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 81वें सत्र से इतर किया गया था। फिर इसकी पहली बैठक भारत और लाइबेरिया के विदेश मंत्रियों की सह-अध्यक्षता में हुई। लेकिन इस घटनाक्रम के बीच बीते कुछ दिनों से उक्त तीनों इलाकों से जुड़े समुद्री क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर कई हमले हुए हैं। जिनकी समूह ने अपने पहले संयुक्त बयान के जरिए घोर निंदा की है। इसके अलावा ऐसे तमाम हमलों को तुरंत रोकने की अपील भी की है।

समूह में इन देशों की है प्रधानता

रणधीर ने बताया कि दो दर्जन से अधिक देशों वाले इस समूह में दुनिया के ज्यादातर वो देश शामिल हैं। जो बड़े पैमाने पर व्यापारिक जहाजरानी या नाविकों के समुदाय के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं या कुछ सेवा प्रदाता के रूप में इसका हिस्सा बने हैं। भारत भी इनमें से ही एक है। आंकड़ों के हिसाब से वर्तमान समय में युद्ध के चुनौतीपूर्ण हालात के बीच दुनियाभर के समुद्री क्षेत्रों में कुल करीब 20 लाख नाविक काम कर रहे हैं। जिनमें भारत के लगभग 3 लाख 20 हजार नाविक शामिल हैं। मामले में फिलीपींस के नाविकों की तादाद सबसे ज्यादा है।

व्यापारिक जहाजरानी पर न पड़े असर

समूह के गठन के पीछे भागीदारों की मंशा यही है कि आगामी वक्त में सभी 25 देश पूरी एकजुटता के साथ इस विषय को वैश्विक चर्चा के एजेंडे के केंद्र में लाएंगे। हमलों पर रोक लगने से ही सभी का हित होगा। साथ ही हमारी कोशिश यह भी है कि नाविकों पर हमलों के मुद्दे को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग बढ़ाया जाए, वाणिज्यिक जहाजरानी प्रभावित न हो और ये हमले भी रुक जाएं।

सुरक्षित भारत लौटे 4,200 नाविक

यहां बता दें कि युद्ध के बीच मध्य-एशिया और फारस की खाड़ी क्षेत्र में हुए हमलों में भारत के 11 नाविकों की दुखद मौत हो गई है। जबकि कुछ अन्य घायल भी हुए हैं। केंद्र सरकार के मुताबिक, खासतौर पर फरवरी 2026 से लेकर अब तक होर्मुज जलडमरूमध्य व उसके आसपास के इलाकों से 4 हजार 200 नाविकों की सुरक्षित वतन वापसी कराई गई है।

भारत-केन्या ने नौसैनिक संबंधों को मजबूत करने पर दिया जोर



नैरोबी। भारत और केन्या ने पहली बार नौसेना स्टाफ वार्ता (नेवी स्टाफ टॉक्स) आयोजित की। केन्या के शहर मोम्बासा में हुई इस बैठक में दोनों देशों ने समुद्री सुरक्षा, प्रशिक्षण और पेशेवर आदान-प्रदान के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 5 से 7 अक्टूबर तक चली इस वार्ता की संयुक्त अध्यक्षता भारतीय नौसेना के कमोडोर कार्तिक श्रीमल (विदेश सहयोग) और केन्याई नौसेना के उप कमांडर ब्रिगेडियर संकाले किसवा ने की। दोनों पक्षों ने नौसैनिक संबंधों को मजबूत करने और समुद्री साझेदारी को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।





Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick-start variant in Delhi. Price is subject to change without prior notice. ^ Finance at the sole discretion of the financier. T&C apply.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com EAST DELHI: BINSAR TVS: दुर्गापुरी - 9821271880 खजूरी-9821258420, सोनिया विहार-9821260573 मंडोली एक्स. 9821260735 शेरपुर चौक 8527348216 जीरो पुस्ता, शास्त्री पार्क-9821267418 Bajwa TVS: कृष्णा नगर-8527320253 गीता कॉलोनी-8527320841 S. D. TVS: दिलशाद गार्डन-9821272498 मेन पुस्ता रोड, गांधी नगर- 9821268264 G. K. TVS: लक्ष्मी नगर- 9821271831 मयूर विहार फेज-3-6366448953 मधु विहार- 9821259935 न्यू अशोक नगर- 6366448954 NORTH DELHI: MOISSANITE: आजादपुर - 7600260222 MCR TVS: सरस्वती विहार-9821266109 मंगोलपुरी-9821275868 रानीबाग-9821274695 नरेला 9821275636 किरारी 9821274603 बवाना-9821276084 करावला- 9821276104 Sabharwal TVS: रिठाला- 9821259732 बुध विहार - 9821259748 Skyline TVS: जहांगीर पूरी - 9218039220 Balaji TVS: समयपुर बादली - 9312001120 बुराड़ी - 9218024668 SOUTH DELHI: OM TVS, लाजपत नगर - 9821272463 ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-9821261765 बदरपुर, जैतपुर-9821263038 पुलप्रहलादपुर - 9821264982 शाइन बाग-9821266451 Ahinsha TVS: खानपुर 9821271221 अधचीनी: 9821268018 आया नगर-9821267931 छतरपुर - 9821268194 महिपालपुर - 9821269602 मैन रेलवे रोड - 9311299301 RIDE TVS: बीकाजी कामा प्लेस 01141706608/9582890607 KK TVS: कापसहेड़ा - 9821261661 CENTRAL DELHI: Balaji TVS: शास्त्री नगर 9821271672 रोशनारा रोड - 9870326061 शहजादा बाग- 6366448959 Sabharwal TVS: करोल बाग-9821258099 तिलक नगर - 08527129911 YM TVS: दरियागंज- 9999388189 YM TVS: माल्का गंज- 9319391003 WEST DELHI: Dynamic TVS: द्वारका-9821271426 पालम 9870327342 रामफल चौक- Sec-7: 9870327413 उत्तम नगर:-9870327453 KK TVS: नागलोई - 9821271618 विकास नगर: रान्होला 9821258480 टिकरी कलां -9821259539 चंचल पार्क- 6366448946 AKHAND TVS: नजफगढ़-8506999402 Sabharwal TVS: पीरागढ़ी - 9821271826 रामारोड- 9870328586 राजा गार्डन 9821259328, YM TVS: डाबरी मोड़ - 7303114666 Gurugram: Choudhary TVS, ओल्ड दिल्ली रोड,8929592511. Simran TVS, Opp. मारुती उद्योग लिमिटेड, ओल्ड दिल्ली रोड, 8743818888. Simran TVS, सेक्टर 10A, खांडसा रोड, 8743042042. B.D. TVS, सेक्टर 66, सोहना रोड, बादशाहपुर 9717061545, 9958059545. BD TVS इस्लामपुर 9958059545. Ahinsha TVS, मैन रेलवे रोड, 9311299301. Ahinhsa TVS हयातपुर, 9355036372, 9319965702. Sri Bhagwan TVS, बसाई रोड, 8652876426, Sri Baghwan TVS, वज़ीराबाद, 9821269360, 8929612365. FARIDABAD : Uttam TVS, नियर DPS स्कूल, ओल्ड फरीदाबाद 9560086699. Shivram TVS, नीलम बता रोड, 8928858523. Shivram TVS, सेहतपुर 9910111109. Royal TVS-NIT-5, 9870192424, 9355111370. बल्लभगढ़: Royal TVS, सेक्टर 5, 9870192424, 9899242536.

Benefits up to ₹5 500** ** T&C apply as per Flipkart.

dentsu/har del/08/26